श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 251, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



तीसरे पदक पर सिंधु की नजर 15

करिश्मा ने दिब्यज्योति को एंटरटेनर नंबर 1 कहा 16

## असम का मोइदम यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिरामिड सरीखी संरचना अहोम राजवंश का है कब्रिस्तान

असम में अहोम राजवंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा ढांचे में दफनाने की व्यवस्था मोइदम को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। यह निर्णय भारत में आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र में लिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह भारत के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि 'मोइदम' ने डब्ल्यूएचसी सूची में जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि चराई देव स्थित मोइदम उस गौरवशाली अहोम संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं, जो अपने पूर्वजों के प्रति अपार श्रद्धा रखती है। मुझे उम्मीद है कि महान अहोम शासन और संस्कृति के बारे में और अधिक लोग जानेंगे। मोइदम पिरामिड सरीखी अनूठी टीलेनुमा संरचनाएं हैं, जिनका इस्तेमाल ताई-अहोम वंश द्वारा अपने राजवंश के सदस्यों को उनकी मृत्यु के पश्चात उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ दफनाने के लिए किया जाता था।

## एनटीए ने नीट-यूजी के अंतिम परिणाम घोषित किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भौतिकी के एक प्रश्न के अंकों को ध्यान में रखते हुए परिणाम घोषित किए गए। एनटीए ने कहा था कि इस प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुनः संशोधित स्कोर कार्ड को अब घोषित कर दिया गया है। पहले टॉपर घोषित किए गए 67 उम्मीदवारों में से 44 ने उस विशेष भौतिकी प्रश्न के लिए दिए गए अंकों के कारण पूरे अंक प्राप्त किए थे।

# राहुल ने चप्पल सिली, मोची को पिलाई कोल्डड्रिंक

संवाददाता, सुलतानपुर

### मेहनत को सलाम : दस मिनट की मुलाकात में घर-परिवार के साथ रामचैत का पूछा हालचाल

**अमृत विचारः** सुलतानपुर कोर्ट से लौटते समय रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कूरेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर अचानक एक मोची की गुमटी (दुकान) पर पहुंच गए। मोची रामचैत से करीब दस मिनट बात की, घर-परिवार के साथ उसका हालचाल भी पूछा। इस दौरान उन्होंने दुकान पर एक चप्पल की सिलाई की और नया जूता भी देखा। मोची से बोले, कड़ी मेहनत करनी पड़ती है सिलाई में। आपकी मेहनत को सलाम।

राहुल ने मोची से उसके कारोबार के बारे में जानकारी लेने के साथ सेल्फी भी ली। कोल्डड्रिंक मंगाकर रामचैत को पिलाई, कहा- गला तर हुआ। रामचैत ने बताया कि हमने राहुल गांधी से बोला है कि मैं पूंजी से कमजोर हूं। गरीब हूं, हमारी थोड़ी मदद कीजिए। मैंने उन्हें जूतों की सिलाई करके भी दिखाई। उन्होंने ये भी जाना कि घर का भरण-पोषण कैसे चलता है।

हालांकि यहां से उन्होंने जूता-चप्पल नहीं खरीदा है। रामचैत के बेटे राघव ने बताया कि राहुल गांधी से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने मेरे साथ भी सेल्फी ली। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। राहुल गांधी को मोची की दुकान पर देखकर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ भी जुट गई।



सुलतानपुर जिले के कूड़ेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर मोची रामचैत की गुमटी में बैठ हाथ में जूता लेकर देखते राहुल गांधी।

### कोर्ट में बोले निर्दोष हूं, मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश की गई

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में राहुल गांधी ने अपने वकील काशी प्रसाद शुक्ल व परिवादी के वकील संतोष पांडेय की मौजूदगी में बयान दर्ज कराया। राहुल गांधी ने कोर्ट से कहा कि मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं।

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर
ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती
फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050
DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# आतंकवाद-छद्म युद्ध से खुद को प्रासंगिक बनाए रखना चाहता है पाकिस्तान : मोदी

## कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा-पाकिस्तान ने पिछली हार से नहीं लिया सबक

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का आका' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी देश ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और वह 'आतंकवाद और छद्म युद्ध' की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मोदी, द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस पर 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि वह (पाकिस्तान) अतीत में हमेशा विफल रहा है लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध के बारे में कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता, बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना कुटिल चेहरा दिखाया लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।

### कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### अग्निपथ योजना का राजनीतिकरण कर रहा विपक्ष

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग अग्निपथ योजना जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। मोदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं और अग्निपथ योजना उनमें से एक महत्वपूर्ण सुधार है। इस योजना के राजनीतिकरण पर दुख जताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सेना को युवा और युद्ध के लिए निरंतर तैयार रखना है। उन्होंने सेना को युवा और युद्ध के लिए तैयार रखने में नई सैन्य भर्ती योजना की भूमिका की सराहना की। अग्निपथ योजना को पेंशन के बोझ से बचाने का साधन बताने वाले दावे को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि आज भर्ती होने वाले सैनिकों का पेंशन बोझ 30 साल बाद आएगा, इसलिए यह योजना के पीछे का कारण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमने सशस्त्र बलों द्वारा लिए गए इस निर्णय का सम्मान किया है, क्योंकि देश की सुरक्षा राजनीति से अधिक महत्वपूर्ण है। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी और देश को सक्षम युवा भी मिलेंगे। निजी क्षेत्र और अर्धसैनिक बलों में भी अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के युवाओं को गुमराह करने वालों को पहले सशस्त्र बलों के प्रति कोई सम्मान नहीं था। 'वन रैंक वन पेंशन' पर पिछली सरकारों के झूठे वादों का जिक्र करते उन्होंने कहा कि यह वर्तमान सरकार ही थी जिसने इस योजना को लागू किया।

## अग्निवीरों को पुलिस पीएसी में आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल में 'वेटेज' दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म कार्य में अड़ंगा लगाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बाद में ट्वीट कर कहा कि अग्निवीरों को एक निश्चित आरक्षण की सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है।



- अग्निवीर के रूप में देश को मिलेंगे ट्रेंड और युवा सैनिक : योगी

### छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी कोटा

**रायपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी पुलिस और सशस्त्र बलों में अग्निवीरों को कोटा देने की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को पुलिस आरक्षक, वन रक्षक और अन्य पदों की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की।

## एक नजर

### आतंकवाद में संलिप्त व्यक्ति की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मादक पदार्थ की तस्करी तथा आतंकवाद के एक मामले में एक साल से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहे एक व्यक्ति की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने बताया कि खारी करमारा स्थित मोहम्मद लियाकत की एक कनाल और नौ मरला जमीन को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 83 के तहत कुर्क कर लिया गया है। पुंछ के मुख्य सत्र न्यायाधीश ने कुर्की का आदेश जारी किया।

### देश में पांच सालों में कुल 628 बाघों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले पांच साल में प्राकृतिक और अवैध शिकार सहित अन्य कारणों से कुल 628 बाघों की मौत हुई। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। भारत में इस अवधि के दौरान बाघों द्वारा हमला किए जाने से कुल 349 लोगों ने अपनी जान गंवाई है तो वहीं, इनमें अकेले महाराष्ट्र में 200 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, भारत में साल 2019 में 96 बाघ, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई।



# सीएसआईआर-नेट में सेंधमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेरठ के सुभारती विश्वविद्यालय से एसटीएफ ने तीन को दबोचा
- एसटीएफ प्रमुख ने कहा-धांधली की मिली थी गोपनीय सूचना

**अमृत विचार :** उप्र. में सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद सीएसआईआर-नेट परीक्षा में सेंधमारी हुई है। मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में शुक्रवार को चल रही परीक्षा के बीच एसटीएफ ने छापा मारा। इस दौरान टीम को सर्वर रूम में टीसीएस के कर्मचारी के पास मोबाइल मिला। मोबाइल में 15 परीक्षार्थियों के रोल नंबर और उनके सिस्टम का आईपी-एड्रेस पाया गया। इस दौरान एसटीएफ तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर लखनऊ पहुंची है। विश्वविद्यालय के अतिरिक्त रजिस्ट्रार सैय्यद जफर हुसैन ने कहा कि हमने ऑनलाइन परीक्षा कराने वाली संस्था टाटा कंसल्टेंसी कंपनी (टीसीएस) को किराये पर लैब दिया था। परीक्षा से विश्वविद्यालय का कोई संबंध नहीं है। परीक्षा में एजेंसी का सर्वर और उनके कर्मचारी होते हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने टीसीएस से जवाब मांगा है।

एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यश ने बताया मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में सीएसआईआर-नेट की परीक्षा में धांधली की गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर टीम ने छापेमारी की। जांच से पता चला कि परीक्षा लैब के सर्वर से छेड़छाड़ की गई है। टीसीएस के 3 कर्मचारियों यथा, उस्मान, अरुण शर्मा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि सर्च के दौरान परीक्षा लैब के सर्वर रूम से लोकल एरिया नेटवर्क के जरिए एक्स्ट्रा एडमिन कंप्यूटर मिला। सर्वर रूम में दो लैपटॉप मिले, जिसमें एनी डेस्क रिमोट एक्सेस टूल डाउनलोड था। कर्मचारी अरुण के पास एक मोबाइल मौजूद था, जिसमें 04 अभ्यर्थियों के नाम मिले हैं। अभ्यर्थियों के मोबाइल का आईपी एड्रेस सेंटर के बाहर बैठे एक शख्स को शेयर किया गया था। जिससे इन अभ्यर्थियों का स्क्रीन शेयर किया गया था। इनके प्रश्नपत्र को बाहर से सॉल्वर हल करा रहा था।

# बालक की गर्दन काटकर हत्या, सिर और हाथ गायब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तीन दिन से लापता बालक का शव झाड़ियों में मिला। बालक की गर्दन और हाथ काटकर हत्या की गई है। पैर की उंगलियां भी कटी मिली हैं। बालक की पहचान छिपाने के लिए तेजाब डाला गया है।

पुलिस को सिर, एक हाथ और उंगलियां नहीं मिलीं। परिजनों ने किसी पर भी आरोप नहीं लगाया लेकिन हत्या के तरीके को देखते हुए रंजिश से इंकार भी नहीं किया जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसपी ने घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया है।



- सिविल लाइन क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई से 23 जुलाई से लापता था
- पुलिस ने एक दिन पूर्व दर्ज की गुमशुदगी, शुक्रवार को खेत के पास झाड़ी में मिला शव

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई निवासी सोरन सिंह का 12 साल का बेटा नितेश 23 जुलाई को लापता हो गया था। तलाश करने पर भी नहीं मिला तो परिजनों ने अगले दिन पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया।

सिविल लाइन पुलिस ने 25 जुलाई को बालक की गुमशुदगी दर्ज की। शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने गांव के पास एक खेत के किनारे झाड़ियों में बालक का शव देखा। शव सड़ गया था। सिर, एक हाथ और एक पैर की उंगलियां गायब थीं। उसकी पैंट पैरों तक थी। बालक की पहचान छिपाने के लिए तेजाब डाला गया था। सोरन सिंह भी परिवारीजनों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव की पहचान नितेश के रूप में की।

> गांव सिरसा दबरई निवासी सोरन सिंह ने अपने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बालक का शव खेत के समीप झाड़ी में मिला। खुलासे के लिए टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही राजफाश किया जाएगा।
> 
> – डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी।

सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने मौका मुआयना के बाद अधिकारियों को जानकारी दी तो एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे।

फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अलावा ग्रामीणों ने भी सिर, हाथ और उंगलियां ढूंढीं लेकिन कहीं पता नहीं चला। तकरीबन आधा किलोमीटर दूर सिर मिला जिसे परिजन नितेश का नहीं मान रहे हैं। पुलिस ने सिर का कंकाल जांच के लिए रख लिया है। पुलिस रंजिश में हत्या की आशंका से जांच कर रही है। एसएसपी ने हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी को भी लगाया है।

# कांवड़ मार्ग के दुकानदारों को फिलहाल नहीं लगानी होगी नाम-विवरण पट्टिका

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यों के आदेश पर जारी रहेगी सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी उन निर्देशों पर रोक लगाते हुए 22 जुलाई के अपने अंतरिम आदेश को बरकरार रखने का निर्देश दिया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि वह 22 जुलाई के आदेश पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं करेगी, क्योंकि हमने अपने 22 जुलाई के आदेश में जो कुछ कहा जाना था, वह कह दिया है। पीठ ने मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों से उनके निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। अगली सुनवाई पांच अगस्त के लिए तय की।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के अलावा मध्य प्रदेश के उज्जैन में भाजपा शासित नगर निकाय ने भी दुकान मालिकों को इसी तरह का निर्देश जारी किया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने अपना जवाब दाखिल कर दिया है और उनका कहना है कि संबंधित निर्देश कानून के तहत अनिवार्य हैं। पीठ ने कहा कि यदि भोजनालयों और दुकानों को नियंत्रित करने वाला कोई कानून है तो पूरे राज्य लागू करना चाहिए न कि केवल कुछ क्षेत्रों में। उत्तराखंड के उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी ने कहा कि राज्य ने कांवड़ यात्रा के संबंध में कोई विशेष आदेश जारी नहीं किया है और सरकार केवल उस कानून को लागू कर रही है, जिसके तहत सभी त्योहारों के दौरान भोजनालयों के नाम का खुलासा करना अनिवार्य है।

### सहूलियत

### समाज कल्याण विभाग अत्याचार उत्पीड़न योजना को लेकर तैयार कर रहा एसओपी

# एफआईआर लेकर नहीं काटने होंगे विभाग के चक्कर

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का उत्पीड़न होने पर अब उन्हें एफआईआर की कॉपी लेकर विभागीय जिम्मेदारों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अत्याचार उत्पीड़न योजना के तहत पीड़ित को मिलने वाली सहायता प्रक्रिया को और सरल किया जा रहा है। प्रक्रिया को न केवल ऑनलाइन कर दिया गया है बल्कि पीड़ित की एफआईआर भी अब आटो फेच (स्वतः दिखना) हो जाएगी। योजना को लेकर एसओपी बनाई जा रही है। इसे जल्द ही शासन जारी करने वाला है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति और जनजाति का उत्पीड़न होने पर उन्हें सहायता दी जाती है। उत्पीड़न होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले को आगे बढ़ाती है। अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा के अनुसार पीड़ित को आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके तहत 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब पीड़ित व्यक्ति को जाति प्रमाण पत्र भी देने की आवश्यकता नहीं होगी। आधार कार्ड को भी अनिवार्य किया जाएगा। विभागीय स्तर पर एसओपी तैयार कर शासन को भेजी गई है। शासन अगले सप्ताह तक इस पर निर्णय लेकर गाइडलाइन जारी कर देगा।

| वर्ष | सहायता प्राप्त करने वालों की संख्या |
|---|---|
| 2017-18 = | 16,507 |
| 2018-19 = | 20,413 |
| 2019-20 = | 23,866 |
| 2020-21 = | 23,592 |
| 2021-22 = | 20,278 |
| 2022-23 = | 23, 828 |
| 2023-24 = | 21,662 |

- जाति प्रमाण पत्र भी स्वतः दिख जाएगा, जल्द जारी हो सकती है एसओपी

### ऑनलाइन आवेदन के लिए बन रहा है पोर्टल

अत्याचार उत्पीड़न योजना में आवेदन के लिए एक पोर्टल भी बनाया जा रहा है। पोर्टल अगस्त के प्रथम सप्ताह तक शुरू हो सकता है। किस जिले में कितने मामले लंबित हैं, इसकी जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। बिना किसी वजह के मामले को लंबित रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों से जवाब-तलब किया जा सकेगा। पोर्टल का सुरक्षा ऑडिट निदेशालय स्तर पर चल रहा है।

### क्या है अत्याचार उत्पीड़न योजना

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 और पीसीआर एक्ट के तहत अत्याचार से प्रभावित अनुसूचित जाति के परिवारों को 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की सहायता दी जाती है। सहायता हत्या या मृत्यु, बलात्संग/सामूहिक बलात्संग होने पर दी जाती है।

### क्या है आटो फेच

किसी सरकारी योजना के लिए जब आवेदन किया जाता है तो आवश्यक प्रपत्र लगाए जाते हैं। आवेदन की जांच के दौरान मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य प्रमाण पत्रों को (सरकारी दस्तावेज) दूसरे पोर्टल से स्वतः उठा लेने की प्रक्रिया को आटो फेच कहा जाता है।

# जो शहीद हुए हैं उनकी, जरा याद करो कुर्बानी ...

## जोशोखरोश से मनाई गई कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती, देश भक्ति गीतों से गूंजा शहीद संग्रहालय



शहीद संग्रहालय में कारगिल विजय दिवस पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार



आरएलडी पब्लिक स्कूल के बच्चों को प्रमाण देते ब्रिगेडियर अभिनंदन सिंह।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सैन्य इकाइयों, एनसीसी कैडेट्स समेत स्कूली बच्चों ने बलिदानियों को किया नमन
- प्रतिभागी बच्चों, एनसीसी कैडेट्स और अधिकारियों तथा मेधावियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार:** शहीद संग्रहालय में शुक्रवार को इन्फेंट्री ब्रिगेड और स्थानीय सैन्य यूनिट्स के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस का रजत जयंती वर्ष जोशोखरोश से मनाया गया। ब्रिगेडयर अभिनंदन सिंह (सेना मेडल) की उपस्थिति में जहां एक ओर स्कूली बच्चों और एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, वहीं कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके शौर्य एवं अदम्य साहस को याद किया गया। इस मौके पर सैन्य अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं, मेधावियों समेत एनसीसी कैडेट्स और अधिकारियों को प्रमाण देकर उत्साहवर्द्धन किया गया।

कैंट एरिया स्थित शहीद संग्रहालय में अपनी सेना को जाने नामक समारोह का आरंभ ब्रिगेडियर अभिनंदन सिंह(सेना मेडल) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर ने कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों की गौरवगाथा सुनाई, वहीं डाक्यूमेंटरी स्पीच के माध्यम से युद्ध में दुश्मनों पर काल बनकर टूटे वीर सपूतों के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि इस युद्ध में लगभग 580 जाबांजों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। ब्रिगेडियर ने कहा कि आजादी को अक्षुण्ण रखना सभी की जिम्मेदारी है।

इसके बाद केंद्रीय विद्यालय नंबर-एक, एसजीपीएस स्कूल, नालंदा पब्लिक स्कूल, आरएलडी पब्लिक स्कूल के बच्चों और 25 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। इस अवसर पर कमांडर ब्रिगेडियर अभिनंदन सिंह सेना मेडल ने स्पर्श सेवा केंद्र (वयोवृद्ध सुविधा केंद्र) का भी उद्घाटन किया और समापन पर मऊ खालसा गांव में पौधरोपण किया। विजय दिवस उत्सव में दंत चिकित्सक डॉ. के पी सक्सेना ने दंत चिकित्सा शिविर भी लगाया। वहीं, एसएस कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. विकास खुराना ने शाहजहांपुर के इतिहास से संबंधित स्वलिखित पुस्तकें भी ब्रिगेडियर को भेंट कीं। समापन पर प्रतिभागी बच्चों, एनसीसी श्रेष्ठ कैडेट्स और अधिकारियों तथा मेधावियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



शहीद संग्रहालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

अनुराग भारत के ओजस्वी संचालन में चले विजय उत्सव में एडम कमांडेंट कर्नल जगवीर सिंह जगलान, 25 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफीसर एसएस चीमा, सूबेदार सरवन, पीसीडीए प्रतिनिधि नवनीत, छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित, केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि विनीत मिश्रा, केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य एमके गुप्ता, आरएलडी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक श्रवण दीक्षित, डीएफओ समेत बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारी और एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।



कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती उत्सव में मौजूद सैन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## पलक झपकते ही दुश्मन के टैंकों को नेस्तनाबूद कर देती है टैंक भेदी मिसाइल

- शहीद संग्रहालय में सैन्य हथियारों और दुर्लभ उपकरणों की प्रदर्शनी देख रोमांचित हुए छात्र-छात्राएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शहीद संग्रहालय में जश्न मनाने और वीर सपूतों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सैन्य हथियारों और दुर्लभ उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। सैन्य उपकरण देखने के लिए छात्र-छात्राएं और एनसीसी कैडेट्स उमड़ पड़े।

प्रदर्शनी में मुख्य रूप से 80 जीएम मिसाइल, एचएमटीआई सर्विलांस दूरबीन मीडियम मशीन गन मुख्य आकर्षण का केंद्र बने। सेना के जवानों ने बताया कि 80 जीएम मिसाइल टैंक भेदी है, जो पलक झपकते ही दुश्मन के टैंकों को नेस्तनाबूद कर देती है। लगभग 82 किलोग्राम भार की इस दुर्लभ मिसाइल की मारक क्षमता चार हजार मीटर तक है। दो भागों की यह मिसाइल इतनी छोटी है कि इसे आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जा सकता है। ऑमेटिक मशीन कहीं भी इस्तेमाल की जा सकती है और अपने लक्ष्य को स्वयं निर्धारित भी करने में सक्षम है। इसी तरह मीडियम मशीन गन 1800 मीटर रेंज तक दुश्मन को पलक झपकते ही ढेर करने में सहायक है। नेगिव एलएमजी 800 से एक हजार मीटर तक दुश्मनों को धूल चटा देती है। यह एनएमजी एक मिनट में 120 राउंड निकाल देने में सक्षम है। इसके अलावा इंसास राइफल समेत अन्य हथियारों को देखकर छात्र-छात्राएं बहुत रोमांचित हुए। कई विद्यार्थियों ने इन हथियारों को उठाकर भी देखा। सर्विलांस नामक दूरबीन में भी देखने की कोशिश की। सेना के जवान बच्चों को हथियारों की जानकारी दे रहे थे।



शहीद संग्रहालय में सैन्य हथियारों को देखते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### सर्विलांस दूरबीन से पल भर में लगता है दुश्मनों का पता

इसी तरह एचएमटीआई सर्विलांस नामक दूरबीन भी तमाम विशेषताएं समेटे हुए है। बताया गया कि यह मशीन दुश्मनों का पता लगाने में पूर्ण रूप से सक्षम है। इतना ही नहीं, रात में भी यह बहत कारगर साबित होती है। रात में लगभग चार किलोमीटर की रेंज तक यह दुश्मनों की हर खबर पहुंचाती रहती है।

## एक नजर

### बीडीओ को पत्र देकर की समस्याओं के समाधान की मांग



**पुवायां।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं के साथ बंडा के बीडीओ को समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन दिया। बीडीओ को दिए पत्र में छुट्टा पशुओं से निजात, गांव में जल निगम के पाइपलाइन डालने से खराब हुई सड़कों की मरम्मत, पात्रों को शौचालय दिए जाने, बजाज चीनी मिल पर बकाया गन्ना भुगतान, तेंदुआ नगरिया, देहुअना गांव में प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन के स्थान पर नए भवन का निर्माण कराए जाने, विधवा, विकलांग पेंशन दिए जाने, पीएम आवास योजना का लाभ दिए जाने की मांग की। पत्र देने वालों में देवेंद्र सिंह यादव के साथ रामकुमार, विशु, राजेश, अमन देवी, खुशबू, मैकूलाल, रमाकांत आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एंटी रोमियो महिला टीम ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया। महिला टीम सुबह दस बजे बस स्टैंड परिसर, शहीद पार्क, ओसीएफ पार्क, बहादुरगंज मार्केट, रेलवे स्टेशन खिरनी बाग चौराहा, अशफाक नगर चौराहा में महिलाओं तथा छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कोई छेड़छाड़ करे तो निकटतम पुलिस चौकी तथा थाना पर जाकर तुरंत सूचना दें। इस दौरान कॉलेज के आस-पास मनचले को चेतावनी दी गई। महिलाओं को बताया कि दिक्कत होने पर डायल 112 पर तुरंत काल करें। टीम में उप निरीक्षक तनू, हेकां शिव सिंह, महिला सिपाही वंदना सिंह आदि थी।

# शिक्षण संस्थाओं में गूंजे भारत माता के जयघोष




तक्षशिला स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेता छात्र। ● अमृत विचार



संजय सरस्वती विद्या मंदिर में डाक्यूमेंट्री फिल्म देखते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शौर्य व साहस के प्रतीक भारत माता के वीर सपूतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। समन्वयक हेमंत अनेजा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं के मध्य वाद-विवाद, निबंध, पोस्टर मेकिंग समेत कई प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रबंधक राजकुमार खंडेलवाल और निदेशक अरुण खंडेलवाल ने छात्र-छात्राओं को कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के शौर्य और अदम्य साहस की वीरगाथा सुनाई। प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वह राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर रहें। उप प्रधानाचार्य के सी जोशी ने आभार व्यक्त किया। सरवत खान तथा सतरूपा करमाकर के संचालन में चले कार्यक्रम में अर्सला अली, ओशीन अनेजा, समर्थ शुक्ला, सताक्षी मिश्रा, विख्यात पांडेय, अनुकूल गर्ग, शिवानी सक्सेना, नैतिक गुप्ता, अर्सलान रज़ा, अदिति वर्धन, शिज़ा हिकमत आदि छात्रों ने संवाददाता, सहभागिता की। शैलेंद्र सिंह चौहान, सलोनी खंडेलवाल, रिचा बाजपेई, जिया उर रहमान, चेताली सहाय, आलोक शर्मा, तैयबा खान, बोस्की गुप्ता, इमरान हुसैन, अखिल आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

### कारगिल विजय दिवस पर दिखाई डाक्यूमेंट्री

संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कारगिल युद्ध की डाक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया। छात्र-छात्राएं डाक्यूमेंट्री देखकर उत्साहित हुए और जोश में आकर उन्होंने भारत माता के गगनभेदी नारे लगाए। सभी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर एनसीसी प्रथम बैच के लिए छात्र-छात्राओं का चयन भी किया गया। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने छात्रों को कारगिल में हुए संघर्ष से लेकर विजय तक का वर्णन करते सुनाकर देश सेवा के लिए तन-मन-धन से समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। उप प्रधानाचार्य वसंत त्रिवेदी, संत कुमार मिश्रा, अमित सिंह, अभय सिंह, यशदीप मौर्य, शशांक चौहान, सुबोध पाल, पंकज शुक्ला सहित समस्त आचार्यों का सहयोग रहा।

### तोपखाना के हवलदार ने बच्चों संग बांटे युद्ध के अनुभव

ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल में अमर शहीदों को नमन कर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीत गाए। कार्यक्रम के अतिथि हवलदार राजेंद्र राठौड़ ने कारगिल युद्ध के अनुभव बच्चों संग बांटे। कार्यक्रम में हवलदार राजेंद्र राठौड़ का स्वागत चंद्र प्रकाश शुक्ला ने किया। अतुल कुमार सिंह के संचालन में प्रधानाचार्य आशुतोष शुक्ल ने आभार व्यक्त किया। अनुराधा शुक्ला, अंतिमा गौतम, श्रुति, मोनी, निशि, आलोक कुमार, चंद्रभाल, अंशुल, अंजली, प्रभा, नीतू आदि मौजूद रहे।

## शहीदों को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

**कारगिल विजय दिवस**

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** आचार्य राम मोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वंदना सत्र में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सिंह सहित सभी आचार्यों ने अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता अनूप कुमार अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। सन् 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पाकिस्तान पर जो विजय प्राप्त की, जिसमें भारतीय सैनिकों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया आज का दिन उन सभी अमर शहीदों की याद में उनकी विजय गाथा का स्मरण कराता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं सहित अध्यापक भी उपस्थित रहे।



कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## शहीद की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण




विजय दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारी व बच्चे। ● अमृत विचार

**तिलहर, अमृत विचार:** कारगिल युद्ध के 25 वें विजय दिवस पर कारगिल में शहीद हुए रमेश चंद्र के गांव काबिलपुर पहुंचकर तहसीलदार एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने उनके बलिदान को याद किया।

शुक्रवार पूर्वान्ह ग्यारह बजे तहसीलदार जयप्रकाश यादव, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के अलावा तमाम सेवानिवृत्त सैनिक गांव काबिलपुर स्थित शहीद रमेश चंद्र स्मारक पर पहुंचे। यहां मौजूद शहीद की पत्नी सुनीता देवी व उनके परिजनों के साथ शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इस मौके पर गांव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चे व ग्रामीण मौजूद रहे।

## उत्तराखंड सरकार से मिले चेक दंपती को सौंपे

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के दौरान बस खाई में गिरने से गंभीर रूप से चोटिल हुए दंपती को उत्तराखंड सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी गई है।

11 जून को चार धाम यात्रा के दौरान बस खाई में जा गिरी थी। हादसे में तिलहर के मोहल्ला निजामगंज निवासी विनोद रस्तोगी व उनकी पत्नी रेखा रस्तोगी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शुक्रवार को तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा और तहसीलदार जयप्रकाश यादव ने उत्तराखंड सरकार की ओर से जारी 40-40 हजार रुपये के चेक मोहल्ला निजामगंज निवासी विनोद रस्तोगी और उनकी पत्नी रेखा रस्तोगी को दिए।

# देवत्व जागरण के लिए शिक्षा एवं संस्कार रूपी साधन होना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मुमुक्षु आश्रम के संस्थापक स्वामी शुकदेवानंद का श्रद्धापूर्वक मनाया गया 60वां निर्वाण दिवस



मुमुक्षु आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते स्वामी चिन्मयानंद।

**अमृत विचार:** एसएस कॉलेज में मुमुक्षु आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन संत स्वामी शुकदेवानंद सरस्वती का 60वां निर्वाण दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्वामी शुकदेवानंद की प्रतिमा का पूजन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने स्वामी शुकदेवानंद को याद करते हुए कहा कि वह ऐसी विचारधारा के अग्रदूत थे, जिसके मूल में भारत की अखंडता का संरक्षण निहित था। उनका प्रत्येक दिन प्रार्थना से शुरू होता था, क्योंकि उनका विचार था कि स्वस्थ चिंतन के लिए प्रार्थना नितांत आवश्यक है। चिन्मयानंद ने कहा कि सुषुप्त देवत्व को जगाने के लिए शिक्षा एवं संस्कार दो साधन हैं, जिन पर सभी को अमल करना चाहिए। गढ़ मुक्तेश्वर के स्वामी सर्वेश्वरानंद ने कहा कि स्वामी शुकदेवानंद के द्वारा दैवी संपद मंडल की स्थापना की गई, वह प्रथम महामंडलेश्वर भी थे। कहा कि हम सब ईश्वर के अंश हैं, अतः हमें अपने अंदर देवत्व को जागृत करने का प्रयास करते रहना चाहिए। महाविद्यालय सचिव डॉ. अवनीश मिश्र ने कहा कि स्वामी शुकदेवानंद ने मुमुक्षु शिक्षा संकुल की स्थापना आध्यात्मिक पृष्ठभूमि पर की थी। उनका यह विचार था कि जो मोक्ष के आकांक्षी हैं, उन्हें समाज के लिए तैयार करना बड़ा काम है।


इससे पहले प्राचार्य प्रोफेसर आर के आजाद ने सभी का स्वागत किया। डॉ. शिशिर शुक्ला के संचालन में हुए कार्यक्रम में डॉ. कविता भटनागर, डॉ. प्रतिभा सक्सेना ने टीम के साथ गुरु वंदना प्रस्तुत की। समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में प्रोफेसर मधुकर श्याम शुक्ला, प्रो. प्रभात शुक्ला, डॉ. मेघना मेहंदीरत्ता, प्रो. आलोक मिश्रा, प्रो. अजीत सिंह चारग, डॉ. दीप्ति गंगवार, अनिल मालवीय, श्रीप्रकाश डबराल, सुयश सिन्हा, राम निवास गुप्ता, रवि बाजपेयी, चंद्रभान त्रिपाठी सहित संकुल की सभी शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी शामिल रहे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड साई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis
• Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

उत्तर प्रदेश सरकार व नीति आयोग द्वारा रजिस्टर्ड Reg. No.201900787012235
Social Welfare Service Trust (NGO)
एक कदम समाज की ओर.... (समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट)
समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट NGO द्वारा बरेली के टॉप कॉलेज व यूनीवर्सिटी में सीधे प्रवेश लें
Admission Open 2024
NGO द्वारा SC/ST छात्र/छात्राओं के लिए फ्री प्रवेश किताबे व यूनीफार्म फ्री
Polytechnic/GTI B.B.A B.C.A
B.Tech M.B.A M.C.A
PARAMEDICAL PHARMECY
DPT D.R.(Opt) OT X-RAY
GNM (Note: Paid Course) ANM (Note: Paid Course) B. Pharma D. Pharma (नोट: JEECUP परीक्षा अनिवार्य)
AAYURVEDIC COURSE
GNM ANM B. Pharma
EDUCATION COURSE
B.Ed M.Ed BTC
नोटः- किसी भी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों के 60% अंक व 2 लाख सालाना आय से कम का आय प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है।
OBC/Gen./Other छात्र/छात्राओं को प्रवेश लेने पर विशेष छूट मिलेगी
Office Add. Mahanagar Colony Gol Chakkar, Near PNB ATM Gate No.1, Pilibhit bypass, Bareilly
M. 9045350563, 7310916076, 9027260563
ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। Website - www.sksa.org.in Email: skseva6@gmail.com







खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें


**आज का मौसम**

| 35.0° | 28.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.32 | सूर्यास्त 07.06 |

## छप्पर में लगी आग हजारों का नुकसान

**खुटार, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव दिलीपपुर में शुक्रवार तड़के लगभग तीन बजे महेंद्र कुमार के घर के दरवाजे पर पड़े छप्पर में अचानक आग लग गई।

आग लगने से छप्पर में रखें डनलप के टायर और भूसा जलकर राख हो गया। जब घर के अंदर पूरी तरह धुंआ व आग की लपटे पहुंची, तब महेंद्र को जानकारी हुई। जिस पर वह चीखने चिल्लाने लगा और मवेशियों की रस्सी काटकर उन्हें बाहर निकाला। मवेशियों को आग की लपटों से बचाते हुए हुए वह भी मामूली रूप से झुलस गया। उधर मोहल्लेवासी जब तक पानी की बाल्टी लेकर दौड़े तब तक पूरा छप्पर भूसा, टायर व छप्पर के नीचे रखी लकड़ी आदि जल चुका था।

### जिलाधिकारी ने क्रमवार की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा, 50 लाख और उससे अधिक के निर्माण कार्यों की प्रगति जानी

# निर्माण कार्य में देरी... यूपी सिडको से डीएम खफा, नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेते डीएम उमेश प्रताप सिंह। साथ में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचारः** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख और उससे अधिक के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। यूपी सिडको की ओर से निर्माण कार्य में की जा रही देरी से डीएम खफा दिखे। उन्होंने संस्था को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

डीएम ने क्रमवार निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने अपूर्ण परियोजनाओं में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्ण परियोजनाओं के हस्तांतरण की कार्रवाई को निर्देशित किया। पूरी हो चुकी परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच करवाने व जिन परियोजनाओं की जांच हो चुकी है उनकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। तहसील कलान स्थित गो संरक्षण केंद्र के निर्माण में देरी होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वृहद गो-संरक्षण केंद्र दोषपुर व आलमपुर में निर्माणाधीन वृहद गो संरक्षण केंद्र के निर्माण में भी गति लाने के लिए निर्देशित किया।

यूपी सिडको की ओर से निर्माणाधीन राजकीय इंटर कॉलेज कलान में स्वच्छ पाइप पेयजल, बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, प्रयोगशाला और मल्टीपरपज हॉल के निर्माण कार्य में देरी होने पर डीएम ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने पूरी हो चुकी परियोजनाओं के हस्तांतरण को सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक कर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच कराने को कहा। कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता परक सामग्री का ही प्रयोग किया जाए। हस्तांतरण के लिए लंबित परियोजनाओं के हस्तांतरण को जल्द कार्रवाई की जाए। इस दौरान सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, डीएसटीओ बाबू लाल आदि मौजूद रहे।

### पर्यटन विकासः गुणवत्ता रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश

पर्यटन विकास के तहत मनकामेश्वर नाथ मंदिर पुवायां, प्राचीन शिव मंदिर पटना देवकली, ददरौल के ग्राम सुंदरपुर कांट में प्रसिद्ध बाबा देवस्थान, कुंडरिया कलान में स्थित बंसी वाले मंदिर के निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता चेक कराने को कहा और जिन कार्यों की जांच हो चुकी है उनकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

### एक माह में पूरा किया जाए निर्माण कार्य

उन्होंने सराय काइयां चुंगी चौकी, पुलिस चौकी, पार्किंग, बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य को एक माह में पूर्ण करने को कहा। पूर्व निर्मित बस स्टेशन का सौंदर्यीकरण कार्य व सेटेलाइट बस स्टैंड के निर्माण कार्य की जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने को संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

# पत्नी की हंसिया से काट दी नाक फिर फंदे से लटककर दे दी जान

### गुरुवार रात शराब पीने को लेकर पत्नी से हुआ था विवाद

संवाददाता, कुर्रिया कलां/शाहजहांपुर

- **बच्चों के शोर मचाने के बाद घर से भाग गया था राजेश**
- **शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने दी पेड़ पर शव लटका होने की जानकारी**

**अमृत विचारः** मोहल्ला गढ़ी पश्चिम में शराब पीने का विरोध करने पर एक युवक का पत्नी से विवाद हो गया। उसने पत्नी को मारा पीटा और हंसिया से प्रहार कर उसकी नाक काट दी। परिजन घायल महिला को मेडिकल कॉलेज ले गए। उधर, आरोपी पति घर से भाग गया। देर रात किसी समय खेत में पेड़ पर गमछे का फंदा बनाकर उसने जान दे दी। पुलिस ने परिवार वालों से जानकारी की।

कांट थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी पश्चिम निवासी राजेश कुमार(30) मजदूरी करता था। उसके पिता रामप्रकाश की मौत हो चुकी है। परिवार में मां रामदेवी और पत्नी हंसमुखी व चार बच्चे हैं। गुरुवार की रात दस बजे राजेश शराब पीकर घर आया। पत्नी ने टोका तो कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि उसने हंसमुखी को मारा पीटा और हसिया से उसकी नाक पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी नाक कट गई। बच्चों ने शोर मचाया तो पड़ोस में रह रहे परिवार के लोग आ गए। डरकर वह भाग गया। परिवार वाले घायल महिला को देर रात मेडिकल कॉलेज लाए। उसकी नाक पर चार टांके लगा उसे डॉक्टर ने भर्ती कर लिया। इधर परिजनों ने रात में उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। शुक्रवार की सुबह साढ़े छह बजे गांव के लोगों ने गैस एजेंसी के निकट लालू पंडित के खेत में उसका शव पेड़ पर गमछे से लटका हुआ देखा। लोगों की भीड़ लग गई। खबर मिलने पर परिवार वाले पहुंचे और थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिपाहियों के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया । उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी ने शराब पीने का विरोध किया था। इसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उसने पत्नी की नाक पर हंसिया मारकर घायल कर दिया था। उसके बाद खुद आत्महत्या कर ली, जिस गमछे से उसने फांसी लगाई थी, वह उसी का गमछा था।

## एसपी से शिकायत पर युवक को रॉड से किया घायल

**मदनापुर, अमृत विचार :** एसपी से शिकायत कर गांव लौट रहे आरोपियों ने एक युवक को पीटकर घायल कर दिया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव ढुकरी खुर्द निवासी गणेश बाबू ने बताया कि बीते शनिवार को कस्बे के एक ढाबे पर खाना खा रहा था। गांव के एक युवक ने उसे जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए मारा पीटा। उसने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। वह वहां से शाम को अपने घर जा रहा था। गांव के बाहर आरोपी ने उसे घेर लिया और कहा कि शिकायत करके क्या बिगाड़ लोगे। इस दौरान उसे रॉड से पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि उसका मोबाइल छीन लिया। घायल का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की बिगड़ी हालत, दम तोड़ा

संवाददाता, जलालाबाद

- **मायकेपक्ष ने ससुरालियों पर लगाया सही इलाज नहीं कराने का आरोप**
- **पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का दिया आश्वासन**

**अमृत विचारः** प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। मृतका के पिता ने बेटी के ससुराल वालों पर सही इलाज न कराए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने ससुराल वालों के खिलाफ तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव कहार गौटिया निवासी धर्मेंद्र कश्यप की पत्नी शिवरानी कश्यप(25) को गुरुवार की शाम प्रसव पीड़ा हुई। परिवार वाले कस्बे के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उसने पुत्री को जन्म दिया। उसके बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई। डॉक्टर ने जच्चा-बच्चा की तबीयत ज्यादा खराब बताकर बाहर ले जाने की सलाह दी। ससुराल वाले जच्चा-बच्चा को रात में ही एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले आए। डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। ससुराल वाले दोनों शव गांव ले गए। इधर सूचना मिलने पर मृतका शिवरानी के पिता नेत्रपाल सिंह निवासी कलुआ थाना जैतीपुर शुक्रवार की सुबह बेटी की ससुराल पहुंचे। उन्होंने थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक हरिपाल सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और जानकारी करने के बाद दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने बताया कि उसने बेटी की शादी पांच वर्ष पूर्व की थी। उनका आरोप है कि ससुराल वालों ने उसका बेटी का सही इलाज नहीं कराया और लापरवाही में मौत हुई है। उन्होंने ससुराल वालों के खिलाफ थाना पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गंगा और रामगंगा का जलस्तर घटा, खन्नौत नदी का स्थिर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले की सभी नदियों में जलस्तर बढ़ने और घटने का क्रम जारी है। गर्रा, खन्नौत और गंगा नदी का जलस्तर घटा जबकि रामगंगा डबरी घाट का जलस्तर बढ़ा हुआ दर्ज किया गया है।

गंगा नदी का जलस्तर कछला घाट पर 0.03 सेंटी मीटर घटा। जबकि भैंसार ढाईघाट पर गंगा नदी का जलस्तर 0.30 सेमी घटा। इसी तरह रामगंगा नदी का जलस्तर चौबारी घाट पर 0.04 घटा और डबरी घाट पर 0.09 सेमी बढ़ा है। गर्रा नदी का जलस्तर अजीजगंज पुल पर 0.20 घटा और खन्नौत नदी का जलस्तर लोधीपुर पुल पर स्थिर रहा। इसी तरह नदियों में पानी छोड़ने का क्रम जारी रहा। गंगा नदी में नरौरा बैराज से 46019 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गर्रा नदी में दियूनी से पानी नहीं छोड़ा गया। जबकि रामगंगा नदी में विभिन्न बांधो से 7162 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

## सार-संक्षेप

### लूट का आरोपी और एक बाल अपचारी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली पुलिस ने चोरी के मोबाइल समेत एक लुटेरा व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। लुटेरों ने 12 दिन पूर्व रोडवेज बस में बैठी एक महिला का मोबाइल छीनकर भाग गए थे। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि 13 जुलाई को आलोक कुमार निवासी कन्नारापुर थाना भीरा जिला खीरी अपनी पत्नी के साथ रोडवेज बस से खीरी से बरेली जा रहे थे। बरेली मोड़ पर बाढ़ का पानी भरा हुआ था। उनकी पत्नी बस की खिड़की के पास बैठी हुई थी। बस धीमी होने पर दो लोग बस के पास आए और उसकी पत्नी के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर भाग गए थे। मोबाइल की कीमत 45 हजार रुपये थी। महिला के पति ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मोबाइल के नंबर को सर्विलांस पर लगा दिया था। पुलिस को शुक्रवार की सुबह आठ बजे सूचना मिली कि बरेली मोड़ पर पेट्रोल पंप के पास लुटेरा खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी करके परविंदर निवासी मौजमपुर चौक कोतवाली तथा बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूटा गया मोबाइल कब्जे से बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक रोहित कुमार आदि थे।

### स्कूलों में जल्द बनें दिव्यांग शौचालयः सीडीओ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक हुई। सीडीओ ने बैठक में निपुण भारत/कायाकल्प स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ध्वस्त स्कूलों के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों में दिव्यांग शौचालयों के निर्माण के लिए निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि यह बैठक शिक्षा विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए।

## खेत पर भैंस चराने गए किशोर की वज्रपात से मौत

**मदनापुर/जलालाबाद, अमृत विचार :** बिरिया मकरंदपुर में बारिश के दौरान खेत पर वज्रपात से एक बालक की मौत हो गई।

मदनापुर क्षेत्र के गांव बिरिया मकरंदपुर निवासी रक्षपाल का पुत्र सचिन(14) साथी अजीत के साथ शुक्रवार की दोपहर तीन बजे भैंस चराने कटरी क्षेत्र में गया था। इस दौरान अचानक बारिश होने लगी। बिजली चमकी और सचिन पर गिर गई। जिससे उसका शरीर झुलस गया। अजीत घर गया और परिजनों को बताया। रक्षपाल लोगों के साथ खेत पर पहुंचा और झुलसे बालक को पीएचसी ले गए।

जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गांव पहुंचे और परिवार वालों से जानकारी की। इधर लेखपाल इकबाल खां ने बताया कि रिपोर्ट बनाकर तहसीलदार को भेज देंगे।

# मोटर का तार जोड़ते समय छात्र को लगा करंट, मौत

संवाददाता, जैतीपुर/शाहजहांपुर

- **धान की पौध में पानी लगाने के लिए मोटर में तार जोड़ रहा था केसर**

**अमृत विचार :** खेत पर बिजली के मोटर का तार जोड़ते समय छात्र को करंट लग गया। खेत पर काम कर रहे पिता व अन्य लोग चीख सुनकर कोठरी के पास पहुंचे, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक केसर सिंह।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी सत्यपाल सिंह हिम्मतपुर गांव निवासी नरेश के खेत पर काम करता है। शुक्रवार सुबह सात बजे वह अपने बेटे केसर सिंह(16) को साथ ले गया था। नरेश के खेत पर ट्यूबवेल लगा हुआ है। खेत में लगी धान की पौध में पानी लगाने के लिए केसर कोठरी में मोटर का तार जोड़ने के लिए गया। वह तार जोड़ रहा था, तभी अचानक उसे करंट लग गया। उसकी चीख सुनकर पिता व अन्य लोग कोठरी में गए तो देखा कि वह बेहोशी की हालत में पड़ा है। लोगों ने बिजली का तार काटकर सप्लाई बंद कर दी।

परिवार वाले उसे लेकर डॉक्टर के पास पहुंचे, जहां डॉक्टर ने केसर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक केसर सिंह रघुराज सिंह इंटर कालेज खेड़ा बझेड़ा में कक्षा 10 का छात्र था। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। उसके छोटे भाई का नाम लालू है। उसकी बह केशकली और मां का नाम सीमा देवी है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## ट्रांसफार्मर फुंका, गुल हुई कलान की बिजली

**कलान, अमृत विचार :** स्टेट हाईवे के किनारे परौर तिराहे के समीप ट्रांसफार्मर में गुरुवार देर शाम ओवरलोड के कारण अचानक धुआं निकलने लगा और चिंगारी उठने लगी। जिससे आसपास के लोग भाग खड़े हुए। ट्रांसफार्मर जलने से परौर रोड, कस्तूरबा गांधी मोहल्ला समेत अन्य क्षेत्र के गांव की घरों की बिजली गुल हो गई। सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों को दी गई। सूचना पर बिजली विभाग की टीम पहुंची और ट्रांसफार्मर को ठीक करने का प्रयास किया और फिर सप्लाई चालू की गई। ट्रांसफार्मर में फिर खराबी आ गई और बिजली गुल हो गई। गर्मी में बिजली सप्लाई ठप हो जाने से उपभोक्ताओं का हाल बेहाल है। वहीं विद्युत उपकेंद्र के एसएसओ सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि केबिल ठीक करने के लिए कर्मचारी काम कर रहे हैं, कस्बे के कुछ हिस्से में विद्युत आपूर्ति मिलेगी। परौर रोड मोहल्ले वाले इलाके में आपूर्ति प्रभावित हुई है, जल्द ही सही हो जाएगी।

# बिल पूरा दे रहे फिर क्यों हो रही बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **उमस भरी गर्मी में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा कटौती का खेल**
- **लो वोल्टेज एवं ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं ने बयां किया दर्द**

**अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी में लो वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से उपभोक्ताओं को निजात नहीं मिल पा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक के उपभोक्ता गर्मी में बिजली कटौती झेलने को मजबूर हैं।

गुरुवार रात करीब 10:45 बजे घरों में मौजूद ज्यादातर लोग खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी खिरनीबाग, तारीन बहादुरगंज, कटियाटोला, रोडवेज बस स्टैंड और महिला थाना आदि के पास अचानक बिजली गुल हो गई। घरों में अंधेरा होने के साथ ही सड़कों पर भी अंधेरा छा गया। घरों में मौजूद लोग गर्मी में परेशान हो उठे, कोई घर के बाहर दरवाजे पर गली में खड़े होकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश में लग गया तो कोई छत पर ठंडी हवा लेने पहुंच गया। लोगों ने सोचा कुछ देर में बिजली आ जाएगी लेकिन करीब 25 मिनट बाद बिजली के दर्शन हुए, तब लोगों ने राहत की सांस ली। इसी तरह दिन में भी कई बार ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। लो वोल्टेज की समस्या की वजह से भी लोग परेशान होते रहे हैं। उधर, पुवायां, जलालाबाद, तिलहर, निगोही में भी बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। इधर, परौर क्षेत्र को बिजली कीलापुर फीडर से मिलती है। बिजली लाइन काफी लंबी व पुरानी होने के कारण इसमें आए दिन फॉल्ट होते रहते हैं। इस फीडर से करीब तीन दर्जन से अधिक गांवों को बिजली मिलती होती है।

पूरे वर्ष में ऐसा कोई महीना नहीं होता है कि इस फीडर से उपभोक्ताओं को एक महीना भी बिजली निर्बाध तरीके से मिली हो, इस फीडर पर कोई न कोई समस्या बनी रहती है। कहीं ट्रांसफार्मर खराब हो गया, तो कहीं लाइन टूट गई, तो कहीं बिजली उपकेंद्र कलान में उपकरण खराब हो जाते हैं। बरसात के दिनों में विद्युत उपकेंद्र में पानी घुस गया था। जिस कारण बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ गई थी। कुल मिलाकर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली सही सलामत किसी भी महीने में नहीं मिलती है, जबकि बिल पूरे महीने का भुगतान करना पड़ता है। कहीं बिल भुगतान में लेट हो गए तो कार्रवाई कर दी जाती है। क्षेत्र के उपभोक्ता पुष्पेंद्र गुप्ता, राजीव सिंह, चौहान, मदनपाल सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश कुमार कश्यप, डॉ. राम मोहन दीक्षित, अवधेश कुमार शुक्ला, साजिद अली, हरिश्चंद्र सिंह, प्रदीप कुमार यादव, सुरेंद्र यादव ने निर्वाध बिजली व्यवस्था देने की मांग की है। इस संबंध में कलान उपकेंद्र के बिजली विभाग के सहायक अभियंता राम सुरेश ने बताया कि लो वोल्टेज की समस्या ऊपर से है, इसका कोई समाधान नहीं है। ट्रिपिंग व्यवस्था का समाधान है इसे दिखवाकर सही कराया जाएगा।


क्षेत्र में बिजली की स्थिति बेहद खराब है। बिल पूरे महीने का पड़ता है और बिजली महीने में दो-चार दिन मुश्किल से मिलती है। इस बार करीब एक माह से बिजली व्यवस्था खराब है, जिसको अभी तक सही नहीं कराया गया है। **-हरिश्चंद्र**


परौर क्षेत्र को वर्ष में दो-चार महीने ही सही सलामत बिजली मिलती है। बाद में कुछ न कुछ तकनीकी खराबी बनी रहती है। क्षेत्र को बिजली तभी सही सलामत मिल पाएगी, जब परौर में विद्युत उपकेंद्र की स्थापना हो। **-माधवेंद्र शुक्ला**


बिजली की यहां बहुत बड़ी समस्या है। बिजली बहुत कम आती है। ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है, जिससे यह गर्मी भरी रातें हाथ के पंखे के सहारे काटनी पड़ती है। बिजली कब आए, कब जाए कुछ पता नहीं। **- विनोद कुमार**


ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई है, कटौती का कुछ पता नहीं रहता है, जर्जर लाइन होने की वजह से फॉल्ट होते हैं तो बिजली कई-कई घंटा गुल रहती है। बिजली विभाग को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। **- चांदनी माथुर**, प्रधान, परौर

**परेशानी** | गोशाला में छुट्टा पशुओं को नहीं मिल रही पनाह, आए दिन सड़क हादसों का सबब बन रहे पशु

# हमें तो सड़कों का सहारा...लड़े, मरें या कोई आए चपेट में 'किसे फिक्र'

संवाददाता, खुटार

- **सात दिनों में सांड़ के हमले में अधेड़ की मौत और छह घायल**
- **एक किशोर का बरेली में चल रहा इलाज, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

> लगातार छुट्टा पशुओं को गोशाला भेजने का काम किया जा रहा है। गोशाला की बाउंड्रीवॉल के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जिला अधिकारी से बात चल रही है। बाउंड्रीवाल का प्रस्ताव पास होते ही अभियान चलाकर छुट्टा पशुओं को गौशाला में भेजा जाएगा।
> **- नमित दीक्षित**, ब्लॉक प्रमुख, खुटार


खुटार के मुख्य बाजार में बैठे छुट्टा पशु। ● अमृत विचार


खुटार बंडा रोड पर बैठे छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** छुट्टा पशुओं का दर्द किसी जिम्मेदार ने देखने की जरूरत नहीं समझी। उन्हें आसमान की छत और सड़कों का सहारा है। उनके नाम पर गोशाला तो बनाई गई है लेकिन पशुओं को उनमें पनाह नहीं मिल पा रही है। चाहे तेज धूप, गर्मी, बरसात हो इन्हें मोहल्ले, गलियारों का ही सहारा है। हालांकि इससे आएदिन सड़क हादसे हो रहे हैं। सात दिनों में सांड़ के हमले में एक अधेड़ की मौत हो गई और छह घायल हो गए है। इसमें एक किशोर बरेली के अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। वाहन से टकराने के दौरान कई पशुओं की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं और लोग अपनी जान गवां रहे हैं।

खुटार के गांव मोहनपुर निवासी नितिन कुमार गांव के सुमित, रिश्तेदार मुकेश के साथ बाइक से 11 जुलाई को किसी काम से खुटार मार्केट आ रहे थे। पूरनपुर रोड पर एक पैलेस के सामने सांड़ से बाइक टकरा गई। हमले में नितिन के पेट में सींग लग जाने से गंभीर घायल हो गया था। तीनों घायलों को 108 सेवा एंबुलेंस से खुटार सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने नितिन को शाहजहांपुर के बाद बरेली रेफर कर दिया था। जबकि सुमित और मुकेश की उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई थी। उधर, खुटार गोला रोड पर गांव बनकटा मोड़ का पास स्विफ्ट डिजायर कार और डीसीएम की टक्कर हो गई थी। यह हादसा भी सांड़ से हुआ। जिसमें सांड़ की मौत हो गई थी। इसके अलावा कार सवार लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के गांव कुरियानी निवासी वीरेंद्र कुमार, उनके साथी ककराई निवासी रामकिशन और कस्बा पलिया के मोहल्ला इकरामनगर निवासी डीसीएम चालक नबाबू, चिकमंडी निवासी व्यापारी सदाकत अली घायल हो गए थे। साथ ही आम से भरी डीसीएम सड़क पर पलट गई थी। पुलिस और राहगीरों की मदद से वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने रामकिशन को मृत घोषित कर दिया था। जबकि अन्य घायलों की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी गई। इसके अलावा ऐसे कई हादसे हो चुके है। जिसमें लोगों की जान के साथ ही पशुओं की मौतें भी हुई हैं। लेकिन अधिकारी इस बात पर जरा भी ध्यान नहीं दे रहे है। इससे हादसों में इजाफा हुआ है। छुट्टा पशु खुटार बंडा, मैलानी, मेन मार्केट, पुवायां, गोला रोड पर सड़कों पर बैठे रहते हैं। इससे आने जाने वाले लोगों को दिखाई नहीं पड़ता और जरा सी चूक होने के दौरान बैठे पशुओं से वाहन टकरा जाते हैं।

### हादसों में छुट्टा पशु भी गंवा चुके है जान


खुटार पुवायां मार्ग पर गांव लक्ष्मीपुर मोड़ के पास पांच जून, वर्ष 2023 को अज्ञात वाहन ने सांड़ को टक्कर मार दी थी और उसकी मौत हो गई थी। खुटार पूरनपुर मार्ग पर मेन मार्केट में चार छुट्टा पशुओं की हादसे में जान चली गई थी। यह हादसा एक अगस्त वर्ष 2023 को हुआ था। इसके अलावा पूरनपुर रोड पर दस जुलाई, वर्ष 2024 को वाहन की टक्कर से सांड़ की जान चली गई थी। ऐसे कई हादसों में छुट्टा पशुओं की मौत हो गई। लेकिन इस बात का जरा भी फर्क अधिकारियों को नहीं पड़ता है।


### थाने के सामने भिड़े दो सांड़, मची भगदड़



करीब छह दिन पहले थाने के सामने दो सांड़ आपस में भिड़ गए। दोनों में काफी देर तक युद्ध चला। आने जाने वाले लोग वाहन लेकर बचकर निकलते रहे। लोगों ने लाठी डंडा जमीन पर फटकार भगा दिया। इसके बाद दोनों शांत हुए। उधर, दो दिन पूर्व गोला रोड पर कई सांड़ का झुंड आपस में लड़ने लगा। इससे आसपास के दुकान, राहगीर भाग खड़े हुए। साथ ही एक बाइक सवार सांड़ के हमले की चपेट में आने से बचा। काफी मशक्कत के बाद भगाया तो सांड़ भागे और आवागमन शुरू हुआ।




# कार्यबहिष्कार कर अनिश्चितकालीन धरने पर रोजगार सेवक, किया प्रदर्शन

## सात से नौ माह का बकाया मानदेय और ईपीएफ दिलाए जाने की मांग

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बकाया मानदेय और ईपीएफ दिलाए जाने व प्रशासनिक मद को मनमाने तरीके से भुगतान किए जाने के विरोध में कार्य बहिष्कार कर रोजगार सेवक शुक्रवार को ब्लॉक कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और सीडीओ को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत आदित्य सक्सेना को दिया।

दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि रोजगार सेवकों का सात से नौ माह का मानदेय और तीन माह का ईपीएफ बकाया चल रहा है। जबकि शासन की ओर से 120 करोड़ रुपये 20 जुलाई को अवमुक्त किया गया था। इस राशि को अवमुक्त करने के साथ ही निर्देश दिया गया था कि रोजगार सेवकों को बकाया मानदेय व ईपीएफ का भुगतान कर दिया जाए लेकिन भुगतान करने के बजाय अन्य मदों में रुपये खर्च कर लिए गए। रोजगार सेवकों ने कहा कि हम लोगों को अल्प मानदेय दिया जाता है, वह भी समय से नहीं मिल पा रहा है। जिससे हम सभी के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। इस संबंध में डीएम को संबोधित ज्ञापन 22 जुलाई को बीडीओ को दिया गया था। आरोप लगाया कि यह ज्ञापन डीएम को नहीं भेजा गया। इस वजह से उनके बकाया भुगतान की समस्या हल नहीं हो पा रही है।

जिसके चलते वह ब्लॉक कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर हैं। इस दौरान वीरपाल, रघुवीर, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, सुशील कुमार, रामप्रताप, मनोज वर्मा, सतीश कुमार, ममता देवी, राजेश कुमार, सर्वजीत, नरेंद्र कुमार, नरवीर कुमार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।


मांगों को लेकर नारेबाजी करते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

● पूर्व में दिए ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं होने से भड़का गुस्सा

> मानदेय किस कारणों से नहीं मिल पाया है, इसी जांच कराई जाएगी और रोजगार सेवकों को उनका मानदेय दिलवाया जाएगा।
> – देव कुमार चतुर्वेदी, खंड विकास अधिकारी, सिंधौली

### रोजगार सेवक हुआ बेहोश, मचा हड़कंप

धरने पर बैठे रोजगार सेवकों में गांव चढ़ारी निवासी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह अचानक बेहोश हो गया, उसे इस हालत में देख रोजगार सेवकों में हड़कंप मच गया। चेहरे पर पानी डालकर होश में लाया गया। रोजगार सेवकों ने बताया कि आदित्य की 11 वर्षीया बेटी बीमार चल रही है और उसका दिल्ली में इलाज चल रहा है, मानदेय नहीं मिलने से बेटी और परिवार के भरण पोषण के तनाव में आने से वह बेहोश हो गए।

## जमीन हड़पने की साजिश रचने का आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर, अमृत विचार :** वृद्ध विधवा की जमीन हड़पने की नीयत से धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी अहमद हुसैन व असगरी बेगम की जायदाद की वारिस उनकी इकलौती पुत्री गांव डाभौरा निवासी खातून पत्नी नियामत उल्ला हैं। उनकी जमीन हड़पने की नीयत से रिश्तेदार नूर हसन पुत्र अली हुसैन ने अपनी बल्दियत बदल कर पिता अली हुसैन के स्थान पर खातून के पिता अहमद हुसैन का नाम अंकित करवाकर राजस्व अभिलेखों में स्वयं वारिस बन गया। जानकारी मिलने पर खातून ने असल दस्तावेज हासिल कर जिलाधिकारी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने जांच के बाद खतौनी में दर्ज कराए गए नूर हसन पुत्र अहमद का नाम निरस्त करवाया। आरोपी के खिलाफ खातून की ओर से धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया। आरोपी ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अहमद हुसैन का मृत्यु प्रमाणपत्र भी जारी करवा लिया था। उसे भी निरस्त कर दिया गया।

# कच्ची सड़क पर जल भराव बना मुसीबत

संवाददाता, जमुका / शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत बल्लिया की कच्ची सड़कों का हाल इतना खस्ता है कि राहगीरों व आसपास रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर बरसात के दिनों में कच्ची सड़क पर जलभराव होने के बाद यह दलदल बन जाती है। लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर सता रहा है।

इस दलदली सड़क से निकलना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, आने जाने वाले सभी लोगों को काफी मशक्कत उठानी पड़ रही है। स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भी बहुत ही दिक्कतें हो रही हैं। मठिया कॉलोनी के अंतर्गत पाल मैरिज लॉन के ठीक सामने वाली कच्ची सड़क होने के कारण स्थानीय लोगों को कोई भी सुविधा नहीं मिल पा रही है।

प्रेमवती, शांति देवी, विनय कुमार, आकाश कुमार, फूलकुमार आदि का कहना है कि कच्ची सड़क के होने से काफी दिक्कतें हैं। खास तौर से बरसात के दिनों में कच्ची सड़क पर जलभराव हो जाने के कारण आवागमन में परेशानी होती है।

बरसात का पानी भर जाने के कारण बीमारियां फैलने का भय सता रहा है। गांव बल्लिया के लोगों का कहना है कि कच्ची सड़क व बिजली के खंभे गली में लग जाएं, तो हमें भी सरकारी सुख सुविधाओं का लाभ मिल सके। न जाने कब हमारी समस्या का समाधान होगा।


पाल मैरिज लॉन के सामने सड़क पर जलभराव। ● अमृत विचार

● बल्लिया गांव में संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर

● ग्रामीणों ने की पक्की सड़क और बिजली के पोल लगाने की मांग

> गांव में कई समस्याएं हैं, जानकारी में है। लोगों को दिक्कतों से निजात दिलाने के लिए सभी कार्य योजना में दिए गए है। बजट आते ही समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।
> – **शंभू दयाल वर्मा**, प्रधान, बल्लिया

### बोले ग्रामीण


हमारी गली में रहने वाले सभी लोगों को कच्ची सड़क से निकलना होता है। बरसात के दिनों में हमें बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **–फूल कुमार**


कच्ची सड़क के होने से बहुत ज्यादा परेशानियां हो रही हैं। पक्की सड़क व बिजली के पोल न लगने के कारण बिजली का कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। **–प्रेमवती**


ग्राम पंचायत के द्वारा हम लोगों को कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। सबसे जरूरी सड़क होनी चाहिए, उससे भी हम लोग अभी तक वंचित हैं। जल्द समस्या का समाधान हो। **–विनय कुमार**


जलभराव वाली कच्ची सड़क पर आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पक्की सड़क बन जाए तो हमारी समस्या का समाधान हो, न जाने कब समस्या का समाधान होगा। **–शांति देवी**













### आबादी क्षेत्र में मुर्गी फार्म बनाने का किया विरोध



**जलालाबाद।** गांव रौली बौरी में आबादी से सटी जमीन पर बनाए जा रहे मुर्गी फार्म के निर्माण का राष्ट्रीय बजरंग दल ने विरोध किया है। जिला अध्यक्ष सुमित गुप्ता ने अपने साथियों के साथ तहसीलदार पैगाम हैदर को एक ज्ञापन देकर बताया कि आबादी क्षेत्र में मुर्गी फार्म होने से तमाम बीमारियां फैलेंगी। साथ ही आसपास के क्षेत्र में बदबूदार हवा फैलेगी। उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन देकर मांग की है कि मुर्गी फार्म को आबादी क्षेत्र में स्थापित होने से रोका जाए वरना बजरंग दल आंदोलन करेगा। ज्ञापन देने वालों में हरिओम कौशल, सुमित, गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, विपिन मैथिल, राकेश श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

### प्रधान पद पर तीन प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

**पुवायां।** धरमंगदपुर जप्ती गांव में प्रधान पद के लिए हो रहे उपचुनाव में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। यह पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। नामांकन कराने वाले प्रत्याशियों में अंजली कुशवाहा, सुनील कुमार और प्रकाश हैं। सभी को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए हैं। रिटर्निंग ऑफिसर केके शुक्ला ने बताया कि चुनाव 6 अगस्त को तथा मतगणना 8 अगस्त को होगी।

## एक नजर

### चिह्नीकरण कैंप में 40 ने कराया रजिस्ट्रेशन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह के निर्देश पर प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी वरुण सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सिंधौली ब्लॉक में एक कैंप आयोजित किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्मिकों की ओर से दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना से लाभांवित किए जाने को 40 रजिस्ट्रेशन हुए। जिसमे ट्राईसाइकिल, 3 व्हीलचेयर, 2 स्टिक आदि के फार्म भरे गए। यह कैंप 22 जुलाई से 22 अगस्त तक जनपद के सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर आयोजित किए जाएंगे।

### सरकारी बोरिंग से निकल रहा प्रदूषित पानी

**जलालाबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला नवीन नगर में किले वाली मस्जिद के सामने एक सरकारी समरसिबल की बोरिंग कराई गई थी। जिससे गंदा पानी आ रहा है। अधिवक्ता शकील अहमद व शरीफ खां आदि ने गंदे पानी की एक बोतल तहसीलदार पैगाम हैदर को दी। शिकायती पत्र देकर बताया कि इस समस्या की अधिशासी अधिकारी से कई बार शिकायत भी की, लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

### महिला को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव बरनई नौगवां निवासी मीना ने बताया कि उसके खेत में पॉपुलर के पेड़ लगे है। 20 जुलाई को दिन में 11 बजे गांव के कमलेश, रामकुमार, अजय, धनपाल ने पेड़ काट लिए थे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बेटे ने दी मां को जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी विधवा नसीम बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका एक बेटा नाजिम दबंग किस्म का है। उसका बेटा कई वर्षों से उसका और उसके परिवार का शोषण कर रहा है। उसके बेटे ने उससे करीब सात लाख रुपये ले रखे है। वह अपने रुपये मांगती है तो जहर देकर मार डालने की धमकी देता है। उसने कोई पैसा वापस नहीं किया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि महिला ने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कोलाघाट पुल को लेकर भूख हड़ताल जारी, नौ लोग अनशन पर

## मिर्जापुर में पुल से हल्के वाहनों का आवागमन शुरू करने की मांग कर रहे हैं अनशनकारी, वर्षों से दिक्कत झेल रहे लोग

संवाददाता, मिर्जापुर

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दिया समर्थन, डॉक्टरों की टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

**अमृत विचार:** कोलाघाट पुल से हल्के वाहनों का आवागमन शुरू करने की मांग को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। नौ अनशनकारी दूसरे दिन भूख हड़ताल पर बैठे रहे। अनशनकारियों का डाक्टरों की टीम ने मेडिकल परीक्षण किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष की ओर से मौके पर पहुंचकर अनशनकारियों का हौसला बढ़ाया गया।

कोलाघाट पुल संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर की अगुवाई में भूख हड़ताल दुसरे दिन भी जारी रही। भूख हड़ताल पर सूरज पाल सिहं यादव, रामकुमार राठौर, ओमपाल सिंह कुशवाहा, रामदास राठौर, रामवीर सिंह सोमवंशी, मोहित शर्मा, प्रभाशंकर गुप्ता, उदयवीर सिंह कल्लू व पार्थ यादव बैठे हैं। शुक्रवार को धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि यह लड़ाई अब आम जन मानस की हो गई है।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव यादव ने कहा जनता की भावना को देखते पुल शीघ्र चालू किया जाए। भूख हड़ताल पर बैठे सभी लोगों ने कहा कि जब तक पुल पर हल्के वाहनो का आवागमन शुरू नही होता है हम लोग नही हटेगे। शाहजहांपुर बार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष मनेन्द्र सिंह चौहान ने भी धरना स्थल पर पहुंच कर प्रशासन से जनहित में पुल को चालू करने की मांग का समर्थन किया। सीएचसी में तैनात डॉक्टर आर्येन्द्र यादव द्वारा भूख हड़ताल पर बैठे लोगों का डॉक्टरी परीक्षण किया गया। धरने के दौरान रवीश पाल कुशवाहा सदस्य जिला पंचायत, रामसिंह शाक्य, सुरेन्द्र सिंह, कन्हैयालाल मिश्रा, पवन सिंह, अनूप वर्मा, नवाब फैजान अली, अर्चना वाल्मीकि, पूनम पांडेय, रईस मियां चेयरमैन कांट, प्रेम प्रकाश वाल्मीकि, दीपक नंदवंशी, ओमपाल सिंह, अवनेश यादव, संतराम सिंह चौहान, तारा यादव, जाहर सिंह, सुरेंद्र राठौर, रामनिवास, संदीप यादव, राजेश कुमार श्याम लाल सागर, राजबहादुर शर्मा, राजेश कुशवाहा राणा, इंकलाब सिंह मौजूद रहे।



भूख हड़ताल पर बैठे अनशनकारी का मेडिकल परीक्षण करते डॉक्टर। • अमृत विचार



कोलाघाट पुल के पास भूख हड़ताल पर बैठे अनशनकारी। • अमृत विचार

# कांवड़ियों के लिए मां दुर्गा सेवा समिति ने लगाया कैंप



फीता काटती नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां। • अमृत विचार

संवाददाता, कांट

- नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार:** कांवड़ियों की सेवा के लिए मां दुर्गा जन कल्याण सेवा समिति की ओर से कैंप लगाया गया है। शुक्रवार को कैंप का उद्घाटन नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां और कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश सिंह व उपनिरीक्षक दीपक कुमार, मुन्नेद्र सिंह, जागृति एवं संस्था के अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान संस्था के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि सावन के पवित्र माह में मां दुर्गा जन कल्याण समिति की टीम शिव भक्तों की सेवा को सदैव तत्पर रहती है। इस मौके पर विपिन प्रजापति, महेश वर्मा, विशाल भारद्वाज, शिवम भारद्वाज, सौरभ भारद्वाज, दीपक, अभय, विकास श्रीवास्तव, आयुष भारद्वाज, फिरोज, दीपिका श्रीवास्तव, सुष्मिता श्रीवास्तव ,दिव्या शर्मा, ज्योति कश्यप , रिशु सक्सेना, कल्पना कश्यप ,आदित्य भारद्वाज ,प्रिया चौहान, शिवा चौहान ,झलक भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# साक्षी, सुनीता, रचना और नेहा चुनी गई सावन क्वीन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रानी लक्ष्मी बाई महिला विंग ने मनाया श्रावण महोत्सव
- सावन के गीतों पर महिलाओं ने जमकर किया डांस

**अमृत विचार:** रानी लक्ष्मी बाई महिला विंग की ओर से शुक्रवार को श्रावण महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने हरे रंग के परिधान में सजधज कर सहभागिता की। महिलाओं ने सावन के गीतों पर जमकर नृत्य किया। इस मौके पर साक्षी सिंह, सुनीता, रचना अवस्थी और नेहा को सावन क्वीन चुना गया।

विंग की संस्थापक डॉ. नमिता सिंह ने सावन माह के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष प्रियंका कपूर की देखरेख में विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिनमें महिला सदस्यों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इन्हीं प्रतियोगिताओं और रूप-परिधान साज-सज्जा के आधार पर विभिन्न क्वीन का चयन भी किया गया। मुख्य अतिथि कीरत माटा ने सचिव स्तुति गुप्ता व कोषाध्यक्ष शुभा शर्मा के साथ अलका वर्मा, विम्मी सैनी, रिशु गुप्ता को सावन क्वीन का उप विजेता, शिवा अग्निहोत्री, मीनू गुप्ता को मेहंदी क्वीन, लक्ष्मी गुप्ता को सुपर सुपर क्वीन, सोनी मिश्रा को एलिजेंट क्वीन, सपना सिंह को ब्यूटीफुल आइज, तानिया गुप्ता को ग्लैमर क्वीन और गीता त्रिवेदी को डांसिंग क्वीन के अवार्ड से नवाजा।

डॉ. नमिता सिंह को क्वीन ऑफ हार्ट अवार्ड से नवाजा गया। सभी को ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। सुनीता सिंह ने अंत्याक्षरी गेम खिलवाया।



रानी लक्ष्मी बाई महिला विंग के श्रावण महोत्सव में शामिल महिलाएं। • अमृत विचार



लायंस क्लब सहेली के कैंप में रक्तदान करते महादानी। • अमृत विचार

### लायंस सहेली के कैंप में 25 लोगों ने किया रक्तदान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लायंस क्लब सहेली के तत्वावधान में शुक्रवार को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन बहल ब्लड बैंक में किया गया। क्लब अध्यक्ष पदमा गुप्ता ने सभी का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है, जिसमें सभी को बिना झिझक रक्तदान करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष संजीव सक्सेना ने भी लोगों को ब्लड डोनेट करने को प्रेरित किया। ब्लड डोनेट करने वालों में प्रतिमा शुक्ला, मंडल अध्यक्ष संजीव सक्सेना, अंकित चौरसिया, अमन पंडित, पदमा गुप्ता, अनुराग गुप्ता, अल्पना गुप्ता, अमित गुप्ता, संदीप वर्मा, आशीष चौधरी, कुमोद गुप्ता, सुनील गुप्ता, अर्चित सक्सेना, शास्त्र श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# संगठन को ऊंचाई पर ले जाने के लिए अनुशासन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



एससीएसटी बेसिक शिक्षक संघ की बैठक को संबोधित करते वरिष्ठ पदाधिकारी। • अमृत विचार

- प्रांतीय अनुसूचित जाति/जनजाति बेसिक शिक्षक संघ कार्य समिति की त्रैमासिक बैठक

**अमृत विचार:** प्रांतीय अनुसूचित जाति/जनजाति बेसिक शिक्षक संघ की कार्य समिति की त्रैमासिक बैठक शुक्रवार को एक मैरिज लॉन में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मगरेलाल ने कहा कि संगठन को ऊंचाई पर ले जाने के लिए अनुशासन और समयबद्धता बहुत जरूरी है। जिस संगठन में अनुशासन और समयबद्धता नहीं है, वह कभी आगे नहीं बढ़ सकता।

प्रदेश महामंत्री विश्राम सिंह ने कहा कि कार्य समिति की बैठक निर्धारित अवधि में होना बहुत आवश्यक है, जिसमें ब्लॉक के अध्यक्ष, मंत्री व जनपद के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संगठन को मान्यता दिलवाने का प्रयास जारी है। शीघ्र ही शासन से संगठन को मान्यता दिलवाने का कार्य किया जाएगा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बृजेश कुमार वर्मा ने कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आपसी तालमेल बहुत आवश्यक है। मंडल अध्यक्ष हरिश्चंद्र आनंद ने सभी सदस्यों का आह्वान किया कि वह समय से सदस्यता शुल्क जमा करते रहें, ताकि संगठन बिना किसी समस्या के संचालित होता रहे। कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने भी सदस्यता शुल्क समय से जमा करने की अपील की। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि उमस भरी गर्मी में बच्चे बेहोश हो रहे हैं, उन्हें खुले हवादार स्थान में लिटाकर प्राथमिक चिकित्सा जरूर दें और पानी पिलाएं।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष वीरपाल, अखिलेश गौरव ने ब्लॉक इकाइयों के गठन पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने आभार व्यक्त किया। जिला महामंत्री विनोद कुमार के संचालन में चली बैठक में रितेंद्र कुमार, पवन सिंह दिनकर, अरविंद वर्मा, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार वर्मा, बृजेश कुमार वर्मा, हरिश्चंद्र आनंद, विनोद सम्राट, जितेंद्र कुमार, महेंद्र पाल कठेरिया, सचिन प्रेमी, पवन सिंह दिनकर, सुनील वर्मा, त्रिभुवन नाथ, अरविंद वर्मा, व्यास मुनि, कर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

### आधार कार्ड बनाने के एवज में मांगी रिश्वत वीडियो वायरल

**बंडा, अमृत विचार:** शुक्रवार को बंडा डाकघर में एक व्यक्ति अपने बच्चे का खोया हुआ आधार निकलवाने के लिए आया तो डाकघर कर्मचारियों ने उससे तीन हजार रुपये रिश्वत मांगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह युवक रुपये नहीं होने पर कर्मचारी के आगे काफी देर गिड़गिड़ाता रहा लेकिन कर्मचारी को उसपर रहम नहीं आया। वह बिना आधार कार्ड निकलवाए चला गया। इस बीच वहां एक युवक अपने बच्चे का आधार बनवाने पहुंचा। उससे भी कर्मचारी ने रिश्वत मांगी। युवक ने तीन सौ रुपये रिश्वत के दे दिए। इस पर वहां मौजूद लोगों ने कर्मचारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

वहीं इस संबंध में डाकघर के क्लर्क बाबू शराफत अली ने बताया कि जानकारी करा रहा हूं, कोई भी अवैध रुपये नहीं लिए जाएंगे।

# सीआरएस ने नई दिल्ली से शाहजहांपुर तक रेलवे लाइन का विंडो निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नई दिल्ली के मुख्य रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने शुक्रवार को नई दिल्ली से शाहजहांपुर तक रेल लाइन का विंडो निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद काशी विश्वनाथ से वाराणसी चले गए। इधर डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए रेल लाइन के नाले को ढाका तालाब से जोड़ दिया जाए। बारिश में रेल लाइन पर पानी न भरे।

मुख्य रेलवे संरक्षा, सुरक्षा आयुक्त आर के कर्दम का निरीक्षण यान काशी विश्वनाथ में नई दिल्ली में गार्ड की बोगी के पीछे जोड़ा गया। दोपहर को काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस नई दिल्ली से चली। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन डीआरएम राजकुमार सिंह आदि अधिकारी उनके निरीक्षण यान में सवार हुए। उन्होंने नई दिल्ली से शाहजहांपुर तक रेलवे लाइन का निरीक्षण किया। डीआरएम व अन्य अधिकारी निरीक्षण यान से यहां उतर गए। जबकि संरक्षा सुरक्षा आयुक्त ट्रेन से सीधे वाराणसी चले गए। डीआरएम ने यहां प्लेटफार्म तीन व चार पर गए।



स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम राजकुमार। • अमृत विचार

- डीआरएम बोले, रेल लाइन पर पानी न भरे, ढाकाताल में गिराया जाए नाले का पानी

उन्होंने स्टेशन पर हो रहे कार्य की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि प्लेटफार्म दो और तीन पर कार्य में तेजी लाई जाए। प्लेटफार्म एक और दो रेल लाइन के बीच नाले के बारे में जानकारी की। उन्होंने निर्देश दिए कि नाले को ढाकाताल के तालाब में गिराया जाए।

संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि नाले का एस्टीमेट बनाकर मंडल कार्यालय पर भेजा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि रेल लाइन पर पानी नहीं भरना चाहिए। डीआरएम के साथ मंडल के अधिकारी तथा स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

# मानदेय प्रदान करने समेत कई मांगें उठाईं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बीएसए कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे बेसिक विद्यालय शिक्षक संघ के सदस्य।

- बेसिक विद्यालय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपा

**अमृत विचार:** अशासकीय मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालय शिक्षक संघ ने शुक्रवार को आठ सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए दिव्या गुप्ता को दिया।

ज्ञापन में सबका साथ सबका विकास के तहत प्रदेश में बेसिक मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानजनक मानदेय प्रदान किया जाए, विद्यालयों में पूर्व की भांति त्रिभाषा अनुदान योजना लागू करने, परिषदीय विद्यालयों की भांति समस्त मान्यता प्राप्त स्कूलों में सभी सुविधाएं प्रदान करने, बेसिक मान्यता प्राप्त विद्यालयों में छात्र/छात्राओं के प्रवेश पर यू-डायस की बाध्यता समाप्त करने, विभाग द्वारा प्रदत्त पांच वर्ष या इससे पहले की अस्थाई मान्यताओं को स्थायी मान्यता में परिवर्तित करने की मांग की गई है। इसके अलावा बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में श्रम विभाग द्वारा जारी किए जा रहे कारण बताओ नोटिस की निंदा करते हुए श्रम विभाग से विद्यालयों को अलग करने की भी मांग उठाई गई है। जिलाध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में ज्ञापन देने वालों में प्रदीप कुमार मिश्र, शशांक शेखर सिंह, राधेश्याम यादव, राजेश शर्मा, राजेंद्र सिंह यादव, रूपकमल यादव, अमित गुप्ता, राम सिंह पाल, गौरी शंकर शुक्ला, अनूप यादव, ओमपाल मौर्य, गुरुपाल सिंह, महेंद्र कुमार, अशोक वर्मा, राकेश कुमार सिंह आदि लोग शामिल रहे।

### केवी-2 में उद्यमियों से बच्चों का संवाद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** केंद्रीय विद्यालय-दो में शिक्षा सप्ताह के पांचवे दिन शुक्रवार को प्रोफेशनल्स और उद्यमियों के साथ संवाद नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोपीश्री स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को अपने व्यवसाय से संबंधित जानकारी दी। समूह अध्यक्ष गीता गुप्ता ने बताया कि उनका समूह मसालों को आधुनिक तकनीक से तैयार करता है तथा स्वयं इसका प्रचार-प्रसार कर दुकानदारों को उपलब्ध कराता है।

पिछले चार वर्षों में समूह सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इस दौरान कॉमर्स के छात्रों ने कौशल का प्रशिक्षण भी लिया। कार्यक्रम में रेनू मिश्रा, प्रीती देवी, शिक्षक दीपक शुक्ला, रूम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बंडा

- कई और मांगे भी रही शामिल एक माह में समस्या समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार:** नगर की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहन मित्तल के नेतृत्व में व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष व ईओ को ज्ञापन सौंपा और समस्या समाधान की मांग की। चेतावनी दी कि एक माह में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। शुक्रवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहन मित्तल के साथ व्यापार मंडल के कार्यकर्ता नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और नगर की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर के प्रमुख मार्गों व मोहल्ले में सफाई कार्य काफी दिनों से नहीं हो रहा है। रोजाना कूड़े का उठान कराया जाए। गायत्री नगर समेत सभी वार्डों में पानी निकास की नालियां चोक हो रही हैं और बड़े नाले से जुड़ी नहीं है। पुवायां मार्ग पर निर्माणाधीन मार्ग का कार्य बंद है। जिसका निर्माण कराया जाए और सभी नालियों का पानी उसमें डलवाया जाए जिससे पानी का भराव ना हो सके। पेयजल व्यवस्था हेतु सभी मकानों में पाइपलाइन डलवाने व आबादी को अभिलेखों में दर्ज कराया जाए। मुख्य मार्ग पर हाईवे के किनारे फुटपाथ व नालों का निर्माण कराया जाए, जिससे जाम व अतिक्रमण की समस्या का निस्तारण हो सके। नगर पंचायत बंडा को पोर्टल पर फीड कराया जाए, नगर के मोक्ष धाम को विद्युतीकरण सौंदर्यीकरण व साफ सफाई कराई जाए। बाजार गली में नाली व निर्माण कार्य कराया जाए। नगर पंचायत में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों की सूची वार्ड अनुसार कार्यालय में सार्वजनिक रूप से स्थापित कराई जाए । इन समस्याओं का एक माह के अंदर निस्तारण नहीं हुआ तो व्यापार मंडल आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस मौके पर विजय मिश्रा, श्रीकृष्ण कटियार,संतोष वर्मा, बाबूराम जौहर, मोनू गुप्ता ,दयाशंकर ,रमेश तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।



नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इशहाक उर्फ बड़े लल्ला को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोहन मित्तल व अन्य। • अमृत विचार

शाहजहांपुर की खबरें पेज 10 पर भी पढ़ें

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071


डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, बरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव


डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
Dr.M. Nadeem®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709
पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग
जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैकस पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।
बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज
Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

# फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर टीसी की नौकरी ज्वाइन करने स्टेशन पहुंचा युवक गिरफ्तार

## उप मुख्य टिकट निरीक्षक ने अफसरों को बताया तो सामने आया फर्जीवाड़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी राजेंद्र कुमार।

- जीआरपी ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को भेजा जेल

**अमृत विचार:** फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर टीसी (टिकट कलेक्टर) की नौकरी ज्वाइन करने रेलवे स्टेशन पहुंचे युवक पर उप मुख्य टिकट निरीक्षक को संदेह हो गया। उन्होंने अधिकारियों से जानकारी की तो पता चला कि नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी है। इस तरह का कोई पत्र रेलवे की ओर से जारी ही नहीं किया गया। इस पर युवक को पकड़कर जीआरपी के हवाले कर दिया गया। जीआरपी ने उप मुख्य टिकट निरीक्षक की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया है।

फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर एक युवक पीलीभीत रेलवे स्टेशन पहुंचा। उप मुख्य टिकट निरीक्षक कार्यालय में पहुंचकर उसने अपना नाम राजेंद्र कुमार पुत्र रामचरण लाल निवासी ग्राम भिलइया खेड़ा थाना सुनगढ़ी बताया। उसने टीसी के पद पर ज्वाइनिंग करने की बात कहने के साथ नियुक्ति पत्र भी दिया। उपमुख्य टिकट निरीक्षक शिव कुमार यादव ने युवक के द्वारा दिया गया नियुक्ति पत्र देखा तो उन्हें फर्जी होने का संदेह हुआ। इस पर युवक को बैठा लिया और इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी। इसके बाद पता चला कि युवक द्वारा दिया गया नियुक्ति पत्र फर्जी व कूटरचित तरीके से तैयार किया गया है।

इस तरह का कोई नियुक्ति पत्र रेलवे की ओर से जारी नहीं किया गया। यह सुनकर उपमुख्य टिकट निरीक्षक सन्न रह गए। उन्होंने युवक को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। उनकी ओर से दी गई तहरीर के आधार पर जीआरपी थाने में आरोपी राजेंद्र कुमार के खिलाफ धारा 318 (2), 336 (3), 338, 340 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई। जीआरपी ने पूछताछ के बाद शुक्रवार को आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। फर्जी नियुक्ति पत्र पर टीसी (टिकट कलेक्टर) के पद पर ज्वाइनिंग करने पहुंचे युवक का मामला चर्चा का विषय बना रहा।

### फर्जीवाड़े के खेल में कई लोग शामिल, तलाश जारी

युवक के पकड़े जाने के बाद जीआरपी ने काफी देर तक पूछताछ की। इसके बाद उसे भले जेल भेज दिया गया। मगर इस मामले में कई परतें खुलना बाकी है। बताते हैं कि ये फर्जी नियुक्ति पत्र आरोपी युवक को व्हाट्सएप पर दिया गया था। इस फर्जीवाड़ा के पीछे कोई गैंग काम करता प्रतीत होता है। इसे लेकर जीआरपी ने जांच तेज कर दी है। कुछ अन्य लोगों के नाम भी प्रकाश में आए हैं। जिसकी छानबीन चल रही है।

> उप मुख्य टिकट निरीक्षक की ओर से मिली तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक को चालान कर कोर्ट में पेश किया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अभी जांच चल रही है।
> – **राज बहादुर**, प्रभारी निरीक्षक जीआरपी


मौका मुआयना कर जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

### हत्या व आत्महत्या को लेकर छानबीन कर रही पुलिस

लालता प्रसाद की मौत के बाद आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो चुके थे। घटना की सत्यता का पता लगाने के लिए पुलिस ने आसपास के लोगों से बात की। इस दौरान अधिकांश ग्रामीण एक दिन पूर्व हुए विवाद होने के बारे में बता रहे।

# पत्नी को मायके वाले ले गए तो पति ने दी जान

संवाददाता, पीलीभीत/बिठौराकलां

- शुक्रवार को भतीजा घर पहुंचा तो फंदे पर लटका मिला शव, परिजन लगा रहे हत्या का आरोप
- सीओ सिटी ने किया मौका मुआयना, गजरौला के गांव बंजरिया का मामला


मृतक लालता प्रसाद।

**अमृत विचार:** तनाव के चलते लोग छोटे-छोटे घरेलू विवाद में जान गंवाने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला पीलीभीत के बिठौरा कला का सामने आया है। आपसी झगड़े के बाद पत्नी बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई। इससे अवसाद में आए पति ने घर में फंदे से लटक कर जान दे दी। इसका पता तब चला जब भतीजे ने युवक का शव कमरे में फंदे से लटका देखा। इसकी सूचना मिलने पर सीओ सिटी ने मौका मुआयना किया। हालांकि पुलिस के सामने परिजन ने हत्या की आशंका जता रहे थे।

गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम बंजरिया के रहने वाले लालता प्रसाद (35) पुत्र हरिलाल की शादी करीब 16 साल पहले माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम रंपुरा फकीरे की सुनीता देवी से हुई थी। उनके दो बच्चे लवी (13) व योगेश (10) हैं। बताते हैं कि गुरुवार को किसी बात को लेकर लालता प्रसाद व उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। इसकी जानकारी मिलने पर लालता प्रसाद के घर उसके ससुराल वाले भी आ गए। उनके सामने भी पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। इस पर पत्नी बच्चों को लेकर अपने मायके वालों के संग चली गई। अकेला लालता प्रसाद घर में रह गया।

दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गांव में रहने वाला भतीजा आकाश लालता प्रसाद के घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। वह छत के रास्ते घर में दाखिल हुआ। उसने देखा तो लापता प्रसाद का शव फंदे से लटका हुआ था। उसके बताने पर आसपास के लोग जमा हो गए। फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इस पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने मौके पर जाकर छानबीन की। फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। इस बीच पहुंचे परिजनों ने लालता प्रसाद की हत्या किए जाने की आशंका जताई। हालांकि पुलिस पारिवारिक विवाद में खुदकुशी बता रही है। मृतक का भाई हरिशंकर उत्तराखंड में रहता है, जो घटना की जानकारी मिलने पर गांव पहुंच गया। उसने भी दंपति के बीच हुए झगड़े की जानकारी होना बताया है।

> एक युवक का शव फंदे से लटका मिलने की सूचना पर पुलिस गई थी। मौका मुआयना कर जानकारी की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।
> – **दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

### सड़क के गड्ढे ने ली महिला की जान

**बीसलपुर।** बाइक का पहिया गड्ढे में में चले जाने पर पति के साथ जा रही महिला सड़क पर जा गिरी। इसमें गंभीर चोट आने से महिला की मौत हो गई। बरेली जनपद के थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम धीमर गुलड़िया के रहने वाले मदनलाल पत्नी विमला देवी के साथ अपनी रिश्तेदारी में बीसलपुर आए थे। गुरुवार रात करीब दस बजे पति-पत्नी अपने घर जा रहे थे। पीलीभीत मार्ग पर ग्राम परसिया के नजदीक पहुंचने पर मदनलाल की बाइक का पहिया सड़क पर बने गड्ढे में चला गया। इससे झटका लगने पर पीछे बैठी उनकी उछलकर नीचे सड़क पर जा गिरीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें फौरन सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। इस हादसे का पता लगने पर परिवार में कोहराम मच गया।

### बंटवारे को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे

**बीसलपुर।** जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चल गए। घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हुए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव दिवाली में हुई। शुक्रवार को जमीन के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्ष झगड़ गए। एक पक्ष के पुत्तूलाल व उनकी बहन रचना देवी घायल हो गई। दूसरे पक्ष से दिनेश कुमार की पत्नी फूलमती घायल हुई। एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी ।पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच कर रही है।

### किशोरी से छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

**जहानाबाद।** क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 जुलाई को रात आठ बजे उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री घर के बाहर सरकारी नल पर पानी भर रही थी। गांव का ही प्रदीप आया और बेटी से छेड़छाड़ की। अश्लील हरकत की गई। विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

### लापता रिटायर्ड पोस्टमास्टर उझानी में मिले

**बरखेड़ा।** खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकलने के बाद रहस्यमय ढंग से लापता हुए सेवानिवृत्ति पोस्टमास्टर बदायूं के उझानी में एक मंदिर पर सकुशल मिल गए। जिसके बाद परिजन ने राहत की सांस ली है। थाना क्षेत्र के गांव नरायनपुर के मोहन स्वरूप ने गुरुवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसके पिता 63 वर्षीय सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर रामचंद्र लाल 24 जुलाई की रात खाना खाकर घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकले और लापता हो गए थे। परिवार वाले भी उनकी तलाश कर रहे थे।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

36.2° अधिकतम तापमान | 28.8° न्यूनतम तापमान

# नौगवां पकड़िया में निर्माणाधीन एमआरएफ सेंटर में फंसा पेंच, एडीएम ने रुकवाया काम

## चीनी मिल मालिकों ने लिया स्थगनादेश, नगर पंचायत प्रशासन बोला- हाईकोर्ट के आदेश में गाटा संख्या का उल्लेख नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नौगवां पकड़िया नगर पंचायत में बन रहे एमआरएफ सेंटर के निर्माण में पेंच फंस गया है। जिस जमीन पर एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है वो विवादित बताई जाती है। इस जमीन को लेकर वाद हाईकोर्ट में लंबित है। शुक्रवार को एडीएम न्यायिक ने मौके पर पहुंचकर स्थगनादेश दिखाने के साथ निर्माण कार्य रुकवा दिया। हालांकि नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि हाईकोर्ट का जो आदेश मिला है, उसमें इस गाटा संख्या का उल्लेख नहीं है। वहीं, एडीएम न्यायिक का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश को देखते हुए जमीन पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। नगर पंचायत व दूसरे पक्ष से अभिलेख मांगे गए हैं। दोनों के अभिलेखों की जांच के बाद हकीकत का पता चल सकेगा।

शहर से सटे नौगवां पकड़िया को कुछ साल पहले ही नगर पंचायत का दर्जा मिला है। इससे पहले यह ग्राम पंचायत थी। तब ग्राम पंचायत की जमीन का अधिग्रहण कर नगर पंचायत के अधीन कर दिया गया था। नगर पंचायत क्षेत्र में कूड़े का निस्तारण करने के लिए नौ जून 2023 को एमआरएफ सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद नगर पंचायत कार्यालय से करीब एक किलोमीटर दूरी पर स्थित खाली जमीन चिह्नित की गई, जिसकी पैमाइश क्षेत्रीय लेखपाल धीरज देवल ने की। गाटा संख्या 995 (ख) पर दर्ज करीब चार बीघा जमीन का अवलोकन कराया गया था। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया कराकर एमआरएफ सेंटर का काम शुरू करा दिया गया था। टेंडर होने के बाद 21 जून से निर्माण शुरु करा दिया गया था। एमआरएफ सेंटर का फाउंडेशन तैयार कर लिया गया है। निमार्ण कार्य के बीच चीनी मिल मालिकों ने इस जमीन को अपना बताते हुए हाईकोर्ट का स्थगन आदेश होने की बात कही। इस पर गुरुवार दोपहर एडीएम न्यायिक अजीत परेश मौके पर पहुंचे।

उन्होंने एमआरएफ सेंटर का काम बंद करा दिया। उनका कहना था कि यह जमीन सीलिंग की है। इस जमीन पर हाईकोर्ट का स्टे है। निर्माण कराकर हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना मानी जाएगी। इसलिए निर्माण रुकवा दिया गया। निर्माण रुकवाने की जानकारी मिलने के बाद नगर पंचायत चेयरमैन संदीप कौर और ईओ एजाज अहमद मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तर्क दिया कि स्टे में गाटा संख्या 995 (ख) का कोई जिक्र नहीं है।

ऐसे में एडीएम ने दोनों पक्षों से अपने-अपने अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिसके लिए जांच कमेटी गठित की जाएगी। फिलहाल जांच होने तक कोई भी काम शुरु नहीं हो सकेगा।



नगर पंचायत नौगवां पकड़िया कार्यालय। ● अमृत विचार

- चार बीघा जमीन को लेकर चल रहा मामला, अब जांच के बाद स्थिति हो सकेगी स्पष्ट

### शासकीय अधिवक्ता राजस्व को भेजा पत्र

एमआरएफ सेंटर पर हाईकोर्ट का स्थगन आदेश दिखाते हुए निर्माण कार्य रुकवाने के बाद ईओ एजाज अहमद की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व को पत्र जारी किया गया है। जिसमें उन्होंने नौगवां एहतमाली की गाटा संख्या 995 (ख) नवीन परती गाटे का कुल क्षेत्रफल 0 .2860 हेक्टेयर की भूमि पर स्थगन आदेश प्रभावी है अथवा नहीं। इसको लेकर विधिक सलाह मांगी है। ताकि इस जमीन की स्थिति स्पष्ट हो सके।

> हाईकोर्ट का स्थगन आदेश होने के चलते एमआरएफ सेंटर का कार्य रुकवा दिया गया है। चूंकि दूसरे पक्ष ने स्टे ऑर्डर दिखाया है। जबकि नगर पंचायत उस गाटा संख्या का उल्लेख नहीं होने की बात कह रही है। इसलिए दोनों पक्षों से अभिलेख मांगे गए हैं। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। तब तक निर्माण कार्य बंद रहेगा।
>
> **- अजीत परेश,** एडीएम न्यायिक

### 30 लाख रुपये की लागत से बन रहा एमआरएफ सेंटर

नौगवां पकड़िया में शहर की तर्ज पर एमआरएफ सेंटर बनवाने के लिए पंचायत की ओर से एक साल पहले प्रस्ताव पास कराया गया था। इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद 15वें वित्त आयोग से करीब 30 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया था। जहां एमआरएफ सेंटर का भवन और कूड़ा रिसाइकिल करने के लिए मशीनें लगाई जानी है। जिसका टेंडर भी हो चुका है। मगर अब कार्य अधर में लटक गया है।

# बीसलपुर रोड पर डिवाइडर बनवाने की मांग, ज्ञापन भेजा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** क्रांतिकारी विचार मंच के शिष्टमंडल ने केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन भेजा है। जिसमें बीसलपुर मार्ग पर डिवाइडर बनवाने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री ने समस्या का संज्ञान लेते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जनता से उन्हें एक मांगपत्र मिला है। जिसके अनुसार बीसलपुर मार्ग पर डिवाइडर न बनने से हाईवे पर सुगम एवं सुरक्षित यातायात में कठिनाई हो रही है। नए हाईवे बन रहे हैं। उनके निर्माण के साथ ही डिवाइडर भी बनाया जाना सुरक्षित कराया जाए। इससे आवागमन और सुरक्षित हो जाएगा। हादसे की संख्या में कमी आएगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को सात साल कैद, जुर्माना

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** दुष्कर्म के मामले में सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने आरोपी ओमकार पुत्र हरप्रसाद को दोषी पाते हुए सात साल कैद और 6500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन कथानक के अनुसार दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र में क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि 08 मार्च 2019 को वह घर पर अकेली थी। उसके पति गेहूं की रखवाली करने खेत पर गए थे। गांव का ही रहने वाला ओमकार उसके घर की दीवार फांद कर अन्दर आ गया। इसके बाद मुंह दबाकर और तमंचे की नोक पर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना की रिपोर्ट न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के बाद दर्ज हुई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने 2 जनवरी 2020 को आरोपी के विरुद्ध आरोप विरचित किए।

मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना के न्यायालय में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी ओमकार को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को ढाई साल कैद

**पीलीभीत।** स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने सुनवाई के बाद बीसलपुर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी बंटी पुत्र जाहिद को दोषी पाते हुए ढाई साल कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी गैंगस्टर एक्ट अमित कुमार शुक्ल ने की। अभियोजन कथानक के अनुसार कोतवाल बीसलपुर नरेश कुमार छह फरवरी 2022 को टीम के साथ शांति व्यवस्था एवं देखरेख में थे। इस बीच ज्ञात हुआ कि छोटा उर्फ अजीम का संगठित गिरोह है। आरोपी बंटी भी इस गिरोह का सदस्य है। इस गिरोह के सदस्य समाज विरोधी क्रिया कलापों से आर्थिक लाभ कमा रहे हैं। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में दाखिल किया। आरोपी बंटी की पत्रावली प्रथक की गई। 17 जुलाई 2023 को मामले में आरोप विचरित किए गए। मुकदमे की सुनवाई स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद अभियुक्त बंटी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### मृतकों के परिवार को दिए सहायता चेक



**बिलसंडा।** बीते दिनों आयी बाढ़ में जान गंवाने वाले मृतकों के आश्रितों को चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। सहायता राशि का चेक लेते समय परिजन भावुक हो उठे। विधायक और एसडीएम ने उन्हें चेक सौंपा और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। क्षेत्र के गांव ढकरिया और ढकवारा में बीते दिनों आई बाढ़ से दो लोगों की मौत हो गई थी। बाढ़ के पानी में डूबकर उनकी जान चली गई थी। शुक्रवार को बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक कुमार वर्मा, एसडीएम महिपाल सिंह मृतकों के घर पहुंचे और उनके आश्रितों को चेक सौंपा। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता, सुमित गुप्ता, रजत सागर, परदेशी बाबू आदि मौजूद रहे।

# फजीहत के बाद आउटसोर्सिंग कर्मियों की टेंडर प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मार्च में समाप्त हो गया था टेंडर करीबियों को लाभ पहुंचाने को लिया जा रहा था काम
- अमृत विचार में खबर छपने पर एक्शन में आए जिम्मेदार, नगर पालिका पीलीभीत का मामला

**अमृत विचार :** बिना टेंडर प्रक्रिया के नगर पालिका में चल रहे आउटसोर्स कर्मचारियों की पोल खुलने के बाद नगरपालिका की कार्यशैली पर तमाम सवाल खड़े होने लगे हैं। फजीहत को देखते हुए अब नगरपालिका की ओर से आउटसोर्स कर्मचारियों का टेंडर कराने के लिए फाइल चला दी गई है। इसके बाद इस माह में ही नए सिरे से टेंडर करने की बात कही जा रही है।

शहर में कुल 27 वार्ड हैं, जिसमें 59 मोहल्ले और 21 कॉलोनियां हैं। इसके अलावा मुख्य बाजार है। जहां की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए नगर पालिका के पास 172 सरकारी और 180 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अलावा 30 चालकों को भी आउटसोर्स पर रखा गया है। इस आउटसोर्स पर नगरपालिका कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को भी रखा गया है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार सफाई कर्मचारियों को 366 रुपये के प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय मिलने का प्रावधान है। वहीं चालकों के लिए 430 रुपये का भुगतान देय करने का नियम है। पालिका की नई सरकार बनने के बाद वर्ष 2023 में टेंडर को लेकर काफी जद्दोजहद चलती रही, लेकिन इसके बाद नगरपालिका की ओर से अपने करीबी मोहित इंटरप्राइजेज की फर्म को यह टेंडर दिया गया था। मगर यह टेंडर मार्च 2024 में समाप्त हो गया। मगर नगरपालिका की ओर से टेंडर नहीं कराया गया। आचार संहिता का हवाला देते हुए समय अवधि बढ़ा दी गई। अमृत विचार ने 25 जुलाई के अंक में नगरपालिका का हाल : टेंडर खत्म हुए बीत गए चार माह, कर्मचारियों से ले रहे काम शीर्षक से खबर को प्रकाशित किया था। इसके बाद अफसर हरकत में आ गए। अब आनन फानन में आउटसोर्स कर्मचारियों की फाइल तैयार कर टेंडर प्रक्रिया को शुरु करा दिया है। फाइल पर ईओ की संस्तुति लेने के बाद चेयरमैन को प्रेषित की गई है। चर्चा यह भी है कि टेंडर को तीन पार्ट में किया जाएगा। इसमें सफाई, चालक और लाइटमैन का टेंडर अलग-अलग होगा। ताकि सभी करीबियों को काम मिल सके।

> आचार संहिता के चलते टेंडर नहीं हो सका था। समय अवधि में भी जितने कर्मचारी काम कर रहे थे। पे रोल के आधार पर ही ठेकेदार को भुगतान किया जा रहा था। अब टेंडर प्रक्रिया दोबारा से की जा रही है।
>
> **- लाल चंद भारती,** ईओ नगरपालिका पीलीभीत

# ब्लॉक प्रमुख पद के लिए बढ़ी एक और दावेदारी

संवाददाता, पूरनपुर

- अब चार प्रत्याशियों के बीच घमासान होने के आसार
- ब्लॉक प्रमुख पद की दौड़ के लिए बिछाई जाने लगी बिसात

**अमृत विचार:** ब्लॉक प्रमख पूरनपुर पद के लिए अब चार संभावित दावेदार हो सकते हैं। ब्लॉक प्रमुख का निधन होने से उस क्षेत्र पंचायत सीट पर दो लोग चुनाव लड़ रहे हैं। जीतने के बाद दोनों ब्लॉक प्रमुख पद के लिए ताल ठोकेंगे। दो अन्य दावेदार पहले से चुनावी बिसात बिछाने में जुटे हुए हैं। चर्चा है कि चारों भाजपा का सिंबल पाने की जुगत लगा रहे हैं।


पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख पद की सीट महिला के लिए आरक्षित है। ब्लॉक प्रमुख कमलेश्वरी देवी का बीस सितंबर 2023 को निधन हो गया था। तब से ब्लॉक प्रमुख का पद रिक्त है। इसके बाद चुनाव की सुगबुगाहट शुरु हो गई।

उपचुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद एक बार फिर से ब्लॉक प्रमुख के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गईं हैं। पूरनपुर में एक प्रधान, दो बीडीसी और 17 ग्राम पंचायत सदस्य पद के उपचुनाव छह अगस्त होंगे। कमलेश्वरी देवी वार्ड नंबर 190 से बीडीसी सदस्य बनने के बाद ब्लॉक प्रमुख बनी थीं। अब फिर उस पद के लिए उपचुनाव होना है। वार्ड नं 190 से बीडीसी पद के लिए नीतू बाजपेई और अंशुमान दीक्षित ने नामांकन कराया है। माना जा रहा है ब्लॉक प्रमुख की सीट को लेकर इस सीट पर दावेदारी की जा रही है। हालांकि ब्लॉक प्रमुख सीट के लिए पहले से तीन दावेदार है। इसमें पल्लवी दीक्षित, मनसी सिंह, मनप्रीत कौर पद रिक्त होने के बाद से सदस्यों को रिझाने के साथ ही प्रचार प्रसार में जुटी हैं। अब वार्ड नंबर 190 से बीडीसी सदस्य पद के जरिए नीतू बाजपेई ने भी ब्लॉक प्रमुख पद के लिए दावेदारी पेश की है। इससे अन्य प्रत्याशियों के समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। ब्लॉक प्रमुख पुत्र अंशुमान दीक्षित ने अपनी मां की विरासत संभालने के लिए पर्चा दाखिल किया है। उनकी पत्नी पल्लवी दीक्षित पहले से क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। हालांकि ब्लॉक प्रमुख पद की दौड़ में पल्लवी दीक्षित, मानसी सिंह और मनप्रीत कौर मैदान हैं। चुनाव जीतने के बाद नीतू बाजपेई को भी ब्लॉक प्रमुख पद का दावेदार बताया जा रहा है। इससे चुनाव और भी रोमांचक होने के कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि उपचुनाव के बाद ही ब्लॉक प्रमुख के लिए भी चुनाव की घोषणा की जाएगी। हालांकि चुनाव होने से पहले ही दावेदारों ने बीडीसी सदस्यों से संपर्क शुरु कर दिया है। इसको लेकर गांवों में बैठकें भी होने लगी हैं। सभी संभावित प्रत्याशी सदस्यों को रिझाने के लिए जोर आजमाइश में जुट गए हैं।


# एसडीएम की अगुवाई में आज होगी बैठक

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर कई दिनों से चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। इस दौरान कस्बे में नाले का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। गुरुवार को जेसीबी से नाले की खोदाई कराई जा रही थी। इस दौरान मस्जिद की दीवार ढह गई थी। जिसके बाद काफी लोग जमा हुए और लापरवाही का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर शुक्रवार को एसडीएम बीसलपुर महिपाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर निर्णय लिया जाना था लेकिन नेशनल हाईवे के अधिकारियों के न पहुंचने पर बैठक स्थगित कर दी गई है।

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अकील अहमद ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तीन बजे बैठक होनी थी। नेशनल हाईवे के अधिकारियों और मस्जिद कमेटी के सदस्यों के बीच एसडीएम बीसलपुर की मध्यस्थता में बैठक होना थी। मगर नेशनल हाईवे के किसी अधिकारी को कोई आवश्यक कार्य आने के कारण बैठक नहीं हो सकी। अब बैठक शनिवार सुबह 11 बजे होगी।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एन.सी.आई.एस.एम., नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली

SWARNA BINDU SWARNA BINDU
बच्चों के रोग प्रतिकार बढ़ाने की आयुर्वेदिक क्रिया
सुवर्ण प्राशन संस्कार
आयुर्वेद विधि में तैयार स्वर्ण प्राशन ड्रॉप बच्चों की विकृति दूर कर बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता
रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, बरेली द्वारा प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र पर नि:शुल्क सुवर्णप्राशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जन्म से 12 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क स्वर्णप्राशन इम्युनिटी ड्रॉप पिलाई जाएगी। जिससे बच्चों की मौसमी बीमारियों जैसे खांसी, जुकाम, बुखार से बचाव एवं पाचन शक्ति में वृद्धि, बौद्धिक विकास, एलर्जी जैसे कई रोगों के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। अत: अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर नि:शुल्क स्वर्णप्राशन कैम्प का लाभ उठाएँ।
- सुवर्णप्राशन संस्कार में आयुर्वेदिक औषधियों के साथ सिद्ध किया हुआ गाय का घी, शहद और सुवर्ण होता है, जो अवलेह/ड्राप के स्वरूप में दिया जाता है।
सुवर्णप्राशन :-
- सुवर्णप्राशन संस्कार से भूख बढ़ती है, पाचन ठीक से होता है और बालक स्वस्थ रहता है।
- सुवर्णप्राशन संस्कार से स्मृति बढ़ती है, बुद्धी कुशाग्र होती है और बालक दीर्घ आयु बनता है।
- शिशु को विविध प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस के इन्फेक्शन से बचाता है।
- सुवर्णप्राशन संस्कार यह एक शास्त्रीय आयुर्वेदिक टीकाकरण पद्धति है।
- भारत को हजारों साल पहले ही रोगप्रतिकारक्षमता और रोगप्रतिकार प्रक्रिया के बारे में ज्ञान था।
- सुवर्णप्राशन संस्कार से शिशु के शरीर में सर्वांगीण रोगप्रतिकारक क्षमता बढ़ती है जो सभी प्रकार के रोगों से बचाने की क्षमता रखती है।
- सुवर्णप्राशन संस्कार न सिर्फ रोगों से बचाने के लिए है लेकिन आयुर्वेद के शास्त्रों के अनुसार यह बल, बृद्धि और आयुष्य को भी बढ़ाता है।
पुष्य नक्षत्र में सुवर्णप्राशन
नि:शुल्क कैम्प
सुवर्ण प्राशन-वर्ष 2024
पुष्य नक्षत्र की तिथियाँ

| खुराक | पुष्य नक्षत्र तिथि | दिन |
|---|---|---|
| प्रथम | 3 अगस्त | शनिवार |
| द्वितीय | 31 अगस्त | शनिवार |
| तृतीय | 27 सितम्बर | शुक्रवार |
| चतुर्थ | 24 अक्टूबर | गुरूवार |
| पंचम | 21 नवंबर | गुरूवार |
| षष्ठ | 18 दिसम्बर | बुधवार |

बच्चों के Autism (ऑटिज्म) की विशेष चिकित्सा सुविधा यहाँ उपलब्ध है।
यदि आपका बच्चा निम्न बीमारियों से पीड़ित है तो एक बार रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल में कमरा नं0 9 में सम्पर्क करें।
- Cerebral Palsy (मानसिक एवं शारीरिक पक्षाघात)
- DMD (वंशानुगत मांसपेशी विकार)
- Autism (ऑटिज्म)
- ADHD (अतिसक्रियता विकार)

जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों को यदि उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो तुरन्त संपर्क करें जैसे बच्चे को दौरे पड़ना, शारीरिक एवं बौद्धिक विकलांगता, ध्यान की कमी, आंख न मिलाना एवं अकेले रहना, हाव-भाव की कमी, अतिसक्रिय होना, एकाग्रता की कमी आदि।
स्वर्णप्राशन की 2 बूंद पिलायें, अपने बच्चों को स्वस्थ सुखी समृद्ध बनायें
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 8077808309, 9520876144

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपना नाम Ravindra Kumar से बदल के Arvind Kumar पुत्र/पुत्री श्री Hori Lal निवासी Rajau Paraspur Bareilly कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। अरविन्द कुमार पुत्र होरी लाल निवासी रजऊ परसपुर जिला बरेली।

**सूचना**
मेरे 4 बेटे और 6 बेटियां है। मेरे बड़े बेटे सुनील कश्यप और उसकी पत्नी सीमा कश्यप का चाल चलन एवं व्यवहार ठीक न होने के कारण मैं उसे और उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति एवं संबंधों से बेदखल करता हूँ। आज से सुनील कश्यप और उसकी पत्नी सीमा कश्यप से मेरा, मेरी पत्नी गुड्डो देवी, बेटे मनोज, आकाश, बृजेश, बेटी रेखा, बृह्मा, हरवती, नन्ही, भूरी, रिंकी से कोई संबंध नहीं है। आज के बाद दोनो पति पत्नी अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। तेजपाल पुत्र गंगाराम निवासी मनौना थाना आंवला जनपद बरेली।

**NOTICE**
I Julfikar Ali S/o Iftikhar Ali R/o Pink City Colony Pilibhit (U.P.) 262001 I have a house in Pink City Colony Pilibhit whose Registery Dated 24.04.2008 and Sl No. 3285 & Jild Number 3616 is Lost come where whoever finds it kindly Returns back the some to Mo. 9917007797

**सूचना**
मैं रोहिणी सिंह पत्नी 17014688एफ सी0एफ0एन परवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम नसीरपुर नैनसिंह पोस्ट हल्दौर बिजनौर यू0पी0 246726 ने अपना नाम रोहिणी सिंह से बदलकर रोहिणी कुमारी किया है द्वारा ऐफिडेविट दिनांक 24.07.2024 समक्ष बालकरन सिंह एडवोकेट नोटरी बिजनौर यू0पी0।

**आवश्यकता है**
प्राचार्य (01) पद (अनुभव 15 वर्ष)
कम्प्यूटर आपरेटर (01) पद
लाइब्रेरियन (01) पद
प्रवक्ता सभी विषयों हेतु
(योग्यता-यूजीसी के मानकानुसार)
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त अंक पत्र सह प्रमाण पत्रों के साथ, दो प्रतियों में 15 दिन के अन्दर रजिस्टर्ड डाक द्वारा कॉलेज के निम्न पते पर भेजें।
माहिरा लॉ कॉलेज
बुद्ध बाजार रोड, इतवार नकाशा बिसौली (बदायूँ) पिन-243720
मो. 9412511333, 9412601810
E-mail : mahiralawcollege@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# अमृत भारत स्टेशन योजनाः जंक्शन पर चार माह से ठप पड़ा काम

## अब तक रेलवे स्टेशन का भवन तोड़ने तक सीमित रहा पुनर्विकास कार्य, 26 फरवरी को प्रधानमंत्री ने किया था वर्चुअल शिलान्यास

**सुनील यादव, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीलीभीत रेलवे जंक्शन को एयरपोर्ट लुक में तैयार किया जाना है। सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार करने के साथ यात्रियों को एस्केलेटर समेत तमाम सुविधाएं यात्रियों को मुहैया कराई जानी हैं। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत रेलवे जंक्शन पर पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास भी किया था। मगर शिलान्यास के चार माह बाद भी पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर धेले भर का काम नहीं हुआ। पुनर्विकास के नाम पर यहां अभी तक केवल पुराना भवन तोड़ा गया है।

पीलीभीत रेलवे जंक्शन के अलावा उत्तराखंड के लोगों के लिए रेलयात्रा के लिहाज से प्रमुख स्टेशन माना जाता है। यहां ब्रॉडगेज कन्वर्जन के बाद रेलवे जंक्शन को बेहतर बनाने की कवायद चल रही है। गत वर्ष अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इज्जतनगर मंडल की 10 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया था। इसमें पीलीभीत रेलवे जंक्शन को भी शामिल किया गया था। योजना के तहत 16.7 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे जंक्शन का पुनर्विकास का खाका तैयार किया गया था। इसके बाद रेलवे स्टेशन के भवन को तोड़ दिया गया। कहा गया कि यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। जिसमें रेल यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत जंक्शन के पुनर्विकास कार्य का वचुर्अल शिलान्यास भी किया था। मगर चार माह बीतने के बाद यहां अभी तक धेले भर का काम नहीं किया गया है। पुनर्विकास कार्य अब तक क्यों शुरू नहीं हो सका, इसका ठोस जवाब रेल अफसरों के पास भी नहीं है।


स्टेशन परिसर के बाहर सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

> अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीलीभीत रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाना है। कार्य को लेकर प्लानिंग बनाई जा रही है। जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा।
> – **राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जत नगर मंडल


रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों को धूल और धूप से बचाने के लिए लगाया गया तिरपाल।


पुनर्विकास कार्य को लेकर तोड़ा गया रेलवे स्टेशन का भवन। ● अमृत विचार

### यह बढ़नी हैं सुविधाएं

योजना के तहत 16 .7 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे जंक्शन को पुनर्विकास किया जाना है। रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के विस्तार के साथ प्लेटफार्म पर एस्केलेटर की सुविधा मुहैय्या कराई जानी है। अत्याधुनिक पार्किंग की व्यवस्था जिसमें तिपहिया वाहनों के लिए अलग लेन की व्यवस्था होने की बात कही गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए मॉर्डन टॉयलेट ब्लाक का निर्माण होना है। यात्री प्रतीक्षालय के सुधार के साथ कार्यालयों को प्लेटफार्म के लेवल तक उठाया है। वहीं रिफ्रेशमेंट रूम का विस्तार प्रतीक्षालय तक किया जाना है। स्टेशन पर जलापूर्ति के लिए 30 हजार लीटर के वॉटर टैंक का निर्माण किया जाना है। मोबाइल चार्जिंग के लिए जगह–जगह चार्जिंग प्वांइट एवं ओवरब्रिज, प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया में एलईडी साइनेज लगाए जाने हैं। इसके बावजूद स्टेशन को संवारने का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

## पोस्टर में काम्या मिश्रा और अर्पिता शर्मा प्रथम

**पीलीभीत, अमृत विचारः** समाधान विकास समिति के तत्वाधान में अर्थ ओवर शूट दिवस के अवसर पर जेएमबी इंस्टीट्यूट आफ लाइफ साइंस एंड हायर स्टडीज में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें काम्या मिश्रा, अर्पिता शर्मा ने उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि पृथ्वी ग्रह पर एक बार जब संसाधनों का पुनर्जनन अपनी सीमा पर होता है तो हम बचे हुए संसाधनों का दोहन करते हैं। इससे स्थिति और भी बिगड़ सकती है। अर्थ ओवरशूट दिवस एक अनुमानित तिथि है। अर्थ आवर शूट दिवस वार्षिक बैकअप काल के रूप में है। जो हमारे लिए स्थिरता की दिशा में काम करने का एक क्षण है। ग्लोबल वार्मिंग धीरे-धीरे समुद्र स्तर को बढ़ा रही है। तीसरा विश्व युद्ध हुआ तो हमें हिम युग में वापस ले जा सकता है।


पोस्टर दिखाती छात्रा।

## कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना


कांवड़ियों के साथ चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**मझोला, अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम गिधौर से शुक्रवार को कांवड़ियों का जत्था कावड़ यात्रा पर हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। सोमवार को इनकी वापसी होगी और गावं के ही शिवालय पर जलाभिषेक करेंगे। रवानगी से पूर्व कांवड़ियों ने मंदिर में भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने कांवड़ियों को सफल यात्रा की कामना के साथ रवाना किया। इस मौके पर सोनपाल राना, अजय शर्मा, राजेंद्र मौर्या, ब्रजेश, मोनू, जसवंत, सुमेर, बबलू आदि शिवभक्त थे।

## डीएम के आदेश पर तीन कर्मियों के पटल बदले

**पीलीभीत, अमृत विचारः** डीएम के आदेश पर दो लिपिकों के पटल बदले गए हैं। एडीएम वित्त ऋतु पूनिया ने बताया कि आशु लिपिक दीपक कुमार को आशु लिपिक एसडीएम सदर पटल की जिम्मेदारी दी गई है। शस्त्र लिपिक राजपाल अपने कार्य के साथ एडीएम वित्त का कार्य भी संपादित करेंगे। नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय से उनकी सम्बद्धता समाप्त कर दी गई है। एलएसी विपिन पांडेय अपने पदीय कार्यों के साथ नगर मजिस्ट्रेट के आशु लिपिक का कार्य देखेंगे। बता दें कि पूर्व में भी 11 लिपिक संवर्ग के तबादले किए गए थे। हालांकि बाद में मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा दी गई कार्य बहिष्कार की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन बैकफुट पर आ गया था। सभी तबादले निरस्त कर दिए गए थे।

## सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर बनाई दीवार, प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- दोबारा कब्जा करने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचारः** एक ग्रामीण ने सार्वजनिक रास्ते पर दीवार बनाकर कब्जा कर लिया। सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने अवैध तरीके से बनाई गई दीवार को जेसीबी से ढहा दिया।

जनपद में सार्वजनिक भू-उपयोग वाली जमीनों पर अवैध कब्जों की बाढ़ सी आ गई है। वहीं तहसील प्रशासन भी अवैध कब्जेदारों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई में जुटा है। तहसील प्रशासन के संज्ञान में आया कि सदर तहसील के गांव चंदोई में एक ग्रामीण ने सार्वजनिक रास्ते पर दीवार खड़ी कर अवैध कब्जा कर लिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार राम ऋषि रमन ने कार्रवाई के निर्देश दिए। शुक्रवार को नायब तहसीलदार पारितोश द्विवेदी के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुंची।

टीम ने पुलिस के सहयोग से सार्वजनिक रास्ते पर बनाई गई दीवार को जेसीबी से ढहवा दिया। नायब तहसीलदार के मुताबिक सार्वजनिक रास्ते पर चंदोई निवासी इम्तियाज अहमद पुत्र मुख़्तार अहमद द्वारा कब्जा कर दीवार बनाई गई थी। उन्होंने अवैध कब्जेदार को दोबारा ऐसा न करने की हिदायत दी। टीम में नायब तहसीलदार के अलावा राजस्व निरीक्षक तेज बहादुर, लेखपाल धर्मेंद्र भारती आदि शामिल रहे। सदर तहसीलदार राम ऋषि रमन ने बताया कि तहसील क्षेत्र के गांव चंदोई में सार्वजनिक रास्ते पर दीवार खड़ी कर अवैध कब्जा किया गया था। टीम को मौके पर भेजकर रास्ते को कब्जा मुक्त कराया गया है।


रास्ते पर बनी दीवार को ढहाती जेसीबी।

## आजाद समाज पार्टी की नीतियों की दी जानकारी


कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का सदस्यता अभियान शुक्रवार को बरखेड़ा क्षेत्र में हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री संजीव सागर रहे। कई लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

मुख्य अतिथि ने कहा कि पार्टी की धारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए ये अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नए लोग जोड़े जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष प्रेम गौतम ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद दलित, पिछड़ों, मजदूर, किसानों और शोषितों की आवाज बनकर उभरे हैं। सभी वर्गों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर राजेंद्र सिंह गुर्जर, महेश सागर, मनोज सागर, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### कारगिल विजय दिवस

## पोस्टर मेकिंग में सुभीक्षी प्रथम व साक्षी द्वितीय स्थान पर रहीं


ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। शुरूआत वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए की गई। शिक्षक तुषार अग्रवाल ने बच्चों को कारगिल दिवस के बारे में बताया। सर्वप्रथम कक्षा सात की पान्या छाबड़ा, कक्षा आठ की छात्रा सुखमन कौर ने भाषण दिया। कक्षा सात के छात्र प्रकाश मजूमदार ने स्वरचित कविता पाठ किया। कक्षा सात की छात्रा जजा खान ने भाषण दिया। कक्षा छह, सात और आठ के विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई। कक्षा आठ की सुभीक्षी प्रथम, साक्षी मंडल द्वितीय रहीं। उधर, दूसरी विद्यालय की दूसरी विंग में भी कारगिल विजय दिवस वपर पर कार्यक्रम हुए। हेडमिस्ट्रेस सोनिया शर्मा ने जवानों की वीर गाथाएं सुनाई।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद सपा नेता व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## सपा ने संविधान मान स्तंभ दिवस मनाया

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संविधान मान स्तंभ दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान मान स्तंभ की स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मना रही है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीडीए को अधिकार तब मिलेंगे जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा। कहा कि 26 जुलाई 1902 को राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण का अमल शुरू किया था। बाबा साहब ने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा 26 जनवरी 1950 को दिया था। डा. राममनोहर लोहिया ने सबके विकास के लिए पिछड़ों को विशेष अवसर दिये जाने की मांग उठाई थी। इस मौके पर महासचिव नफीस अहमद अंसारी, बालक रामसागर, नरेंद्र मिश्रा कट्टर, असलम जावेद, केके पाल ,हाकिम सिंह यादव, ज्योति प्रकाश शुक्ला ,मीना दीक्षित आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया।

## अब खेल नहीं कर सकेंगे परिवहन ठेकेदार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- शासन के निर्देश पर डिप्टी आरएमओ ने किया उड़नदस्ता टीम का गठन
- रोजाना तीन ट्रकों का करना होगा निरीक्षण, जिया टैग लोकेशन के साथ भेजने होंगे फोटो-वीडियो

**अमृत विचारः** अब परिवहन ठेकेदार राशन की डोर स्टेप डिलीवरी में खेल नहीं कर सकेंगे। शासन के निर्देश पर तहसीलवार उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। यह टीमें रोजाना तीन ट्रकों का औचक निरीक्षण करेंगी। निरीक्षण के दौरान ही टीम के सदस्य जियो टैग लोकेशन के साथ फोटो-वीडियो उच्चाधिकारियों को भेजेंगे।

राशन कोटेदारों तक खाद्यान्न भेजने के लिए डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था की गई है। ताकि कार्डधारकों को समय से राशन मिल सके। मगर गोदामों से खाद्यान्न उठान करने वाले परिवहन ठेकेदार डोर स्टेप डिलीवरी न करके शासन के आदेश को पलीता लगाने में जुटे हैं। शासन के संज्ञान में आया है कि परिवहन ठेकेदार डोर स्टेप डिलीवरी न करके धर्मकांटा या फिर अन्य जगहों से कोटेदारों को राशन दे रहे हैं। इधर अब शासन ने परिवहन ठेकेदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन ने उड़नदस्ता टीम बनाकर डोर स्टेप डिलीवरी करने वाले वाहनों का औचक निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं। इधर शासन ने के निर्देश पर डिप्टी आरएमओ विजय कुमार शुक्ला ने उड़नदस्ता टीमों का गठन किया है। उड़नदस्ता टीम को रोजाना कम से कम तीन ट्रकों का औचक निरीक्षण कर जियो टैग लोकेशन के साथ फोटो-वीडियो भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

> शासन के निर्देशानुसार डोर स्टेप डिलीवरी करने वाले वाहनों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया है। सभी टीमों को शासन के निर्देशानुसार कार्य करने को कहा गया है।
> – **विजय कुमार शुक्ला**, डिप्टी आरएमओ

### उड़नदस्ता टीम में ये रहेंगे शामिल

उड़नदस्ता टीमों का तहसीलवार गठन किया गया है। पीलीभीत सदर के लिए विपणन निरीक्षक अवनीश कुमार यादव एवं हरवेंद्र कुमार को उड़नदस्ता टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा अमरिया तहसील में विपणन निरीक्षक प्रभात कुमार एवं वीकेश कुमार, पूरनपुर और कलीनगर तहसील के लिए विपणन निरीक्षक शुभम तिवारी, विनोद कुमार, गोविंद कुशवाहा तथा बीसलपुर तहसील के लिए विपणन निरीक्षक श्याम बहादुर दुबे, प्रदीप कुमार और लोकेंद्र कुमार को उड़नदस्ता टीम में शामिल किया गया है।

## कारगिल युद्ध के अनुभव साझा कर जांबाजों को किया नमन

- कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित
- सेवानिवृत सैनिकों और शहीद सैनिकों के परिवारों को किया सम्मानित


गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार


इनीशियम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और बच्चे। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ पर जिले के विभिन्न संगठनों और स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान देशभक्ति गीतों पर बच्चों ने प्रस्तुति दी। कारगिल विजय दिवस पर विस्तार से चर्चा की गई।

इनीशियम ग्लोबल स्कूल में कारगिल विजय दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। भारतीय सेना के विभिन्न पदों पर रहकर सेवानिवृत्त हुए जवानों और उनके परिवार के सदस्य शामिल हुए। इनमें शहीद गनर ओम निवास की पत्नी मनीषा देवी, शहीद राजेश राठौर के पिता राज बहादुर, कैप्टन आरके मौर्य, भूतपूर्व सैनिक आदित्य शर्मा, पुनीत सिंह, ओम प्रकाश, आरके दीवान, रंजीत, कश्मीर सिंह, सतीश कुमार शर्मा आदि हैं। मुख्य अतिथि सीए संजय अग्रवाल रहे। अतिथियों ने बच्चों के साथ राष्ट्र ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान के बाद शहीद सैनिकों के बलिदान को याद किया गया। अतिथियों ने 1999 में हुए कारगिल युद्ध के अनुभव साझा कर वीर सैनिकों को याद किया। आदित्य शर्मा ने बांसुरी से देश भक्ति धुन पेश की, जबकि पुनीत ने देश भक्ति गीत गाया। मुख्य अतिथि ने देश सेवा को प्रमुख बताया। प्रधानाध्यापिका रितिका धमेजा, प्रबंधक पुनीत धमेजा ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया ।

वहीं, गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर बच्चों को इंडियन आर्मी द्वारा कारगिल दिवस पर बनी डॉक्यूमेंट्री इम्मोर्टल ऑफ कारगिल दिखाई गयी। इसका उद्देश्य बच्चों को वीर जवानों द्वारा किए गए कारगिल युद्ध में उनके अथक प्रयास और शहादत को कभी ना भूलने वाली प्रेरणा विकसित करना रहा। बच्चों ने मौन धारण कर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। बच्चों ने कारगिल वॉर के वीर शहीदों के नाम पर पौधारोपण किया। इसमें सशस्त्र सीमा बल के 30 जवान भी शामिल हुए। सर्वप्रथम सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट रितेश कुमार श्रीवास्तव, उप कमांडेंट शिवजीत सिंह, विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर निशांत गोस्वामी, संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी ने से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पौधरोपण किया। कक्षा एक से दसवीं तक के बच्चों ने जवानों को सहयोग किया। नवीं और दसवीं के बच्चों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्रधानाचार्या नीलोफर अंसारी समेत पूरा स्टाफ शामिल रहा।

इधर, नानू फौजी समाजोत्थान समिति की ओर से कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई। आवास विकास कॉलोनी स्थित समिति कार्यालय पर समाजसेवी नानू फौजी ने कारगिल युद्ध के बारे में बताया। इस मौके पर सचिव वीरेंद्र शर्मा, समिति अध्यक्ष मनीषा शर्मा, लक्ष्य सक्सेना, रोहित, वंश वर्मा, बबीता रहे।


बच्चों को संबोधित करते रिटायर्ड सूबेदार रजनीश कुमार। ● अमृत विचार

## बच्चों को देश सेवा के लिए किया प्रेरित

**मझोला, अमृत विचारः** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रिटायर्ड सूबेदार रजनीश कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पार्चन कर की। बच्चों ने कारगिल विजय की वीर गाथा का उल्लेख किया।

मुख्य अतिथि ने बच्चों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए 26 जुलाई 1999 की तारीख बेहद खास है। इसी दिन भारतीय सेना के वीर जवानों ने पहाड़ी चोटियों को पाकिस्तानी सेना के कब्जे से आजाद कराकर कारगिल युद्ध जीत लिया था।

ये तारीख भारत की पाकिस्तान पर जीत और हमारे जवानों की बहादुरी की गाथाओं का प्रतीक है। वरिष्ठ आचार्य सुनील कुमार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वैष्णवी मौर्य, संजना, परी सिंह, विकास सक्सेना आदि बच्चों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। संचालन अंकित कुमार सिंह ने किया।

## पुराने विवाद में भिड़े दो पक्ष, रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** पुराने विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों ने एक दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाया। एक पक्ष से ग्राम पौटाकलां के अब्दुल सईद पुत्र अब्दुल समद ने तहरीर देकर बताया कि 25 जुलाई को उसका पुत्र राहिल रिश्तेदार इमरान, जोहिब के साथ था। गांव खमरिया के अफसाद, इरशाद, दिलशाद ने एक अन्य साथी की मदद से गांव के बाहर गाली गलौज के बाद मारपीट की। लोगों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। जबकि दूसरे पक्ष से गांव खमरिया की सेठानी पत्नी बाबू ने तहरीर देकर बताया कि 25 जुलाई को वह पुत्र अफसाद के साथ पौटाकलां बाजार गई। बाजार के पास रास्ते में गांव पौटाकलां के नूर मदार, नदीम, राहिल आ गए और अफसाद से मारपीट की। बीच बचाव कराने पर उनको भी पीटा। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### युवक ने घर में घुसकर किशोरी से की छेड़छाड़

**बीसलपुर।** एक युवक ने घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां से मिली तहरीर पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि बीते दिनों वह काम से पड़ोस में गई थी। घर में उसकी नाबालिग पुत्री थी। इसी दौरान मोहल्ला दुर्गाप्रसाद का रहने वाला राहुल महिला के घर में घुस गया और उसकी बेटी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से वृद्ध की जान गई

**जहानाबाद।** जहानाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमपुरा मिश्र निवासी ओमकार (70) शुक्रवार को गांव कंजानाथ पट्टी की बाजार से अपने घर लौट रहे थे। रिछा रोड पर बिंदुआ पुलिया के आगे पेट्रोल पंप के पास उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोग जमा हो गए। एंबुलेंस में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने ओमकार को मृत घोषित कर दिया। जहानाबाद इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# 21898 किसानों ने चीनी मिलों को नहीं दिया गन्ना

## विभाग अभियान चलाकर बनाएगा 15 हजार नए सदस्य, बिना सदस्यता के गन्ना नहीं लिया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पिछले पेराई सत्र के दौरान जनपद के 21898 किसानों ने चीनी मिलों को गन्ना ही नहीं दिया। ऐसे में अब गन्ना विभाग जनपद भर में अभियान चलाकर 15 हजार नए किसान जोड़ेगा। इसको लेकर विभाग द्वारा गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। समितियों की सदस्यता लेने वाले किसान ही चीनी मिलों को गन्ना सप्लाई कर सकेंगे। अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा।

तराई के इस कृषि प्रधान जिले में धान, गेहूं के साथ गन्ने की सर्वाधिक पैदावार की जाती है। इस बार भी जनपद में 1.02 लाख हेक्टेयर रकबे पर गन्ने की फसल बोई गई है। शासन के निर्देश पर गन्ना सर्वे का कार्य पूरा किया जा चुका है। अब गन्ना विभाग द्वारा गांव-गांव ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा का प्रदर्शन किया जा रहा है। 30 अगस्त तक चलने वाले सर्वे सट्टा प्रदर्शन के दौरान 2.26 लाख किसानों को उनके अभिलेख दिखाए जाएंगे। इसी के साथ गन्ना विभाग ने समिति सदस्यता को लेकर जागरुकता अभियान चला रखा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अभियान के तहत करीब 15 हजार नए गन्ना किसानों को जोड़ा जाएगा। अभियान के तहत पहली बार गन्ना बोने वाले किसानों को मात्र 21 रुपये में ऑनलाइन समिति सदस्यता दिलाई जा रही है। समिति सदस्यता लेने वाले किसान ही चीनी मिलों को गन्ना सप्लाई कर सकेंगे।



गांव कैच में कैंप लगाकर किसानों को सदस्यता अभियान की जानकारी देते कर्मचारी।

- **जनपद के 18587 हेक्टेयर क्षेत्रफल में खड़ी है अनबॉंडेड गन्ने की फसल**
- **समिति के सदस्य बनने पर ही किसान चीनी मिल को सप्लाई कर सकेंगे गन्ना**

### कुछ किसान चीनी मिलों से बना रहे दूरी

पिछले पेराई सत्र के दौरान जनपद भर के 1,78,085 किसानों ने चीनी मिलों को गन्ने की सप्लाई की थी। जबकि जिले के 21898 गन्ना किसान ऐसे भी है, जिन्होंने अपने गन्ने की फसल को चीनी मिलों को न देकर अन्य जगहों पर बिक्री कर दिया। बताते हैं कि अधिक दाम मिलने के चलते इन किसानों ने चीनी मिलों को गन्ने की सप्लाई नहीं की है।

"विभाग द्वारा जनपद में सर्वे सट्टा प्रदर्शन का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही समिति सदस्यता के लिए विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिन किसानों ने पहली बार गन्ने की फसल बोई है, उनसे अपील है कि वे समिति की सदस्यता लें, ताकि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।
**– खुशीराम भार्गव**, जिला गन्ना अधिकारी

# डीसीओ ने किया सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण

**पीलीभीत, अमृत विचारः** जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने शुक्रवार को भी चल रहे सर्वे सट्टा प्रदर्शन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसान सहकारी चीनी मिल बीसलपुर के गांव खरगापुर मे सर्वे सट्टा प्रदर्शन को देखा। इस दौरान उन्होंने किसानों से कहा कि गन्ना सर्वे सट्टा मे यदि कोई कमी है तो उसे मौके पर ही सही करा लें। किसान अपना बेसिक कोटा, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, ज़मीन का क्षेत्रफल, गन्ना क्षेत्रफल, पेड़ी, पौधा, अगेती, सामान्य गन्ना और गाटा नंबर जरूर देख लें। इसके बाद किसानों के गन्ना कैलेंडर फाइनल कर दिए जाएंगें। उन्होंने बताया कि अभी गन्ना पर्यवेक्षक गांव में आ रहे हैं। इसके बाद यदि कोई कमी होगी तो किसानों को गन्ना समिति पर जाना होगा। इस दौरान उन्होंने पहली बार गन्ने बोने वाले किसानों से समिति सदस्यता लेने की भी अपील की। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज साहू, मुख्य गन्ना अधिकारी अवधेश कुमार, सर्किल प्रभारी राजवीर सिंह समेत गन्ना किसान मौजूद रहे।



खरगापुर गांव में सट्टा प्रदर्शन का जायजा लेते डीसीओ। ● अमृत विचार

# कोयला उतार के विरोध में क्रमिक अनशन शुरू



क्रमिक अनशन पर बैठे कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- **विरोध प्रदर्शन में रेलवे स्टेशन के आसपास वाले रहे शामिल**

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन के नजदीक कॉलोनियों में रहने वाले लोगों ने एक बार फिर प्लेटफार्म पर कोयला उतार का विरोध शुरू कर दिया है। जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद भी समस्या का समाधान न होने पर क्रमिक अनशन शुरू कर दिया गया।

रेलवे स्टेशन के आसपास की कॉलोनियों के रहने वाले तमाम लोग शुक्रवार को एकजुट हुए। इसके बाद पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कोयला प्लेटफार्म के सामने इंडस्ट्रियल एरिया में टेंट लगाकर रेल विभाग के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए क्रमिक अनशन शुरू कर दिया गया। अनशनकारी मांग कर रहे थे कि जब तक कोयला नहीं हटेगा तब तक वह लगातार अनशन पर बैठे रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कोयले की उड़ने वाली राख कॉलोनी में रहने वाले सात लोगों को दमा कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों का मरीज बनाने के साथ ही जान ले चुकी है। घरों में रखे खाद्य पदार्थ, कपड़े, दीवारें व अन्य सामान भी कोयले के प्लेटफार्म पर उतरने से उड़ती काली धूल से खराब हो रहे हैं। अभी भी तमाम लोग अस्थमा के मरीज बन चुके हैं। धरना देने वालों में सूरज प्रकाश गुप्ता, तेज बहादुर गौतम, राम किशोर श्रीवास्तव ,आलोक गौतम ,शिशुपाल, कन्हैया कुमार, रामनरेश, सौरभ, समीर, दिनेश, राम बेटी, हर प्यारी, राहुल महेश शर्मा आदि थे।

# संविदा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने मांगों को लेकर शुक्रवार को सीएचसी में प्रदर्शन किया। हाथ में काली पटटी बांधकर कर्मचारियों ने विरोध जताया। मांगे पूरी न होने पर सात अगस्त को प्रदेश भर के कर्मचारी एनएचएम कार्यालय का घेराव करेंगे।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बताया कि प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से मांगों को लेकर वार्ता करने के लिए समय मांगा गया लेकिन एक सप्ताह बाद भी वार्ता नहीं की गई। प्रदेश भर के डेढ़ लाख कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारी रिक्त पदों पर आपसी स्थानातंरण, वेतन वृद्धि, ईपीएफ ग्रेड पे, डीए का निर्धारण, नियमित भर्ती प्रकिया में संविदा कर्मचारियों को वरीयता, कोविड 19 कर्मचारियों का एनएचएम के अन्य कार्यक्रमों में समायोजन सहित दस सूत्रीय मांगे कर रहे हैं। मांगे पूरी न होने पर कर्मचारियों ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी अस्पतालों मे धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने हाथ में काली पटटी बांधकर काम किया। अब सात अगस्त को एनएचएम के निदेशक के कार्यालय का कर्मचारी घेराव करने का ऐलान किया है। प्रदर्शन करने वालों में आशीष यादव, डॉ. सूरज पांडेय, अनुज पांडे, संजू नायर, अजय कुमार शुक्ला, हरीश माथुर, धीरेंद्र वर्मा, नीलम सक्सेना, चंपा रानी आदि थे।




पूरनपुर सीएचसी में प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **सात अगस्त को लखनऊ में एनएचएम कार्यालय का करेंगे घेराव**

# शहर से लेकर हाईवे तक गोवंश, हादसों का खतरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **भाजपा नेता ने जिलाधिकारी को भेजा पत्र, समाधान की मांग**
- **बोले- वीवीआईपी के दौरे पर कुछ देर के लिए हटा दिए जाते हैं पशु**

**अमृत विचारः** शहर से लेकर हाईवे तक गोवंश के जमावाड़ा होने को लेकर आ रही समस्या पर एक बार फिर जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। इस बार शिकायतकर्ता भाजपा नेता ही है। उन्होंने निचले स्तर पर जिम्मेदारों की लापरवाही बताते हुए समाधान कराने की मांग की है।

भाजपा नेता प्रशांत कुमार रवि ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शहर के भीतर तमाम गोवंश घूम रहे हैं। असम चौराहा के आसपास ही हाईवे पर 200 से अधिक गोवंश सड़कों पर हैं। पशु भी सुरक्षित नहीं है और राहगीर भी हादसे का शिकार हो रहे। इसके अलावा शहर के लेखराज चौराहा, नई बस्ती, जाटो चौराहा, लोहि मंडी, छतरी चौराहा, मुख्य बाजार समेत बरेली हाईवे पर देवहा पुल से लेकर खमरिया पुल तक गोवंश सड़कों पर ही है। जबकि शासन स्तर से गोवंश संरक्षण मुहिम चलाई जा रही है। आरोप लगाया कि वीवीआईपी कार्यक्रम आने पर जिम्मेदार गोवंशीय पशुओं को पकड़वाकर दूसरे स्थान पर एकत्र कर देते हैं और खुद की गर्दन बचाने का काम किया जा रहा है। वीवीआईपी के जाने के बाद हालात जस के तस बन जाते हैं। इससे सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। प्रकरण का संज्ञान लेकर गोवंशीय पशुओं को गोशाला भिजवाने, उनके लिए चारे की व्यवस्था कराने की मांग की गई है।

# जेल भिजवाने के शक में पिता पुत्र ने की थी जसवीर की हत्या

संवाददाता, पूरनुपर

**अमृत विचारः** भाई को जेल भिजवाने के शक में आरोपी ने पिता के साथ मिलकर जसवीर की हत्या की थी। पहले दोनों ने जसवीर की पिटाई की और फिर नाले में डुबोकर जान ले ली। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना हजारा क्षेत्र के गांव टिल्ला नंबर चार वमनपुर भगीरथ के रहने वाले जसवीर सिंह पुत्र हरवंश सिंह 21 जुलाई को मवेशी चराने गए थे। दूसरे दिन उनका शव बजारघाट के पास सुतिया नाले में पड़ा मिला था। पुलिस ने मृतक की पत्नी कुलविंदर कौर की ओर से गांव के ही बब्बू उर्फ बलजिंदर सिंह पुत्र प्रेम सिंह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट की थी। पुलिस ने नामजद आरोपी से सख्ती से से पूछताछ की तो उसने घटना की सच्चाई बताई। पुलिस के मुताबिक बब्बू के भाई सोनू को नेपाल पुलिस ने बीते दिनों मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी बब्बू को शक था कि उसके भाई सोनू को नेपाल में जेल भिजवाने में जसवीर की मुखबिरी थी।

इसको लेकर बब्बू जसवीर से रंजिश मानने लगा। आरोपी बब्बू कुछ दिन पहले ही दुष्कर्म के मामले में जमानत मिलने पर जेल से बाहर आया था। भाई को जेल भिजवाने के शक में उसने बदले की भावना से योजना बनाई। 21 जुलाई को जसवीर को वह मवेशी चराने के दौरान बाइक पर बिठाकर ले गया।

बब्बू ने अपने पिता प्रेम सिंह के साथ मिलकर जसवीर की बेरहमी से पिटाई की और उसके बाद नाले में डुबोकर हत्या कर दी। पिता पुत्र उसका शव नाले में छोड़कर आ गए थे। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी प्रेम सिंह और बब्बू को जेल भेज दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- **आरोपी के भाई को नेपाल पुलिस ने भेजा था जेल**
- **पिता-पुत्र ने पिटाई के बाद नाले में डुबोकर उतारा मौत के घाट**

# रेलवे ने राज्यरानी एक्सप्रेस के निरस्तीकरण के दिन घटाए

बरेली कार्यालय

- **रोजा में ब्लॉक के कारण किया गया निरस्तीकरण**
- **निरस्तीकरण के दिन घटने से यात्रियों को मिलेगी राहत**

**अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने शाहजहांपुर-लखनऊ, रोजा-सीतापुर सिटी दोहरीकरण के चलते रोजा यार्ड में हो रहे रिमाडलिंग कार्यों के कारण राज्यरानी एक्सप्रेस का संचालन निरस्त किया था। अब रेलवे ने कार्यक्रम में बदलाव करते हुए राज्यरानी एक्सप्रेस के निरस्तीकरण के दिन घटा दिए हैं। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में निरस्त 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जंक्शन राज्यरानी एक्सप्रेस को 1 अगस्त को बहाल कर दिया गया है। यह ट्रेन मेरठ सिटी से 135 मिनट रिशेड्यूल कर चलाई जाएगी। 22454 मेरठ-सिटी-लखनऊ जंक्शन राज्यरानी एक्सप्रेस का संचालन 2 अगस्त को बहाल कर दिया है। ये मेरठ सिटी से 180 मिनट रिशेड्यूल कर चलेगी।

22453 लखनऊ जंक्शन-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस 31 जुलाई और 1 अगस्त को बहाल की गई है, लेकिन मेरठ सिटी से 3 से 6 अगस्त के बीच चलने वाली 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जंक्शन राज्यरानी एक्सप्रेस और लखनऊ जंक्शन से 2 से से 5 अगस्त को चलने वाली 22453 लखनऊ जंक्शन-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

**यह ट्रेनें पहुंचीं घंटों की देरी से :** ब्लॉक के कारण शुक्रवार को कई ट्रेनों को रिशेड्यूल किया गया। इस वजह से ये ट्रेनें लेट हुईं। 15910 अवध असम एक्सप्रेस 3 घंटा 54 मिनट, 20503 राजधानी एक्सप्रेस 1 घंटा 23 मिनट, 12369 कुंभ एक्सप्रेस 1 घंटा 55 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची।

# त्रिवेणी एक्सप्रेस 30 जुलाई से 5 अगस्त तक निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर-लखनऊ और रोजा-सीतापुर सिटी दोहरीकरण और रोजा यार्ड में मरम्मत कार्य की वजह से रेलवे ने त्रिवेणी एक्सप्रेस को 30 जुलाई से 5 अगस्त तक निरस्त कर दिया है।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सिगरौली से 1, 3 और 6 को चलने वाली ट्रेन संख्या 15073 सिगरौली-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस, शक्तिनगर से 31 जुलाई, 2, 4 और 5 अगस्त चलने वाली 15075 शक्तिनगर-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस, टनकपुर से 30 जुलाई, 1, 3 और 4 अगस्त को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस, टनकपुर से 31 जुलाई, 2 और 5 अगस्त को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

# खारजा नहर के पानी से फसलें जलमग्न

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** ओवरफ्लो होने पर नहर की पटरी कटने से सैकड़ों एकड़ जमीन पर खड़ी धान की फसल जलमग्न हो गई। खेतों में कई फीट पानी भरने से फसलों के नष्ट होने का डर बना हुआ है। इसे लेकर किसानों में नाराजगी है।

बीते दिनों हुई बरसात के बाद आई बाढ़ से किसानों की धान और गन्ने की फसल नष्ट हो चुकी है। किसानों ने दोबारा पौध तैयार कर जैसे-तैसे खेतों में धान की रोपाई की है। करीब पंद्रह दिन पहले खारजा नहर पटरी उदयकरनपुर के पास ओवरफ्लो होने से कट गई थी। उसके बाद से नहर बंद थी। इसके बावजूद विभाग ने क्षतिग्रस्त नहर पटरी दुरुस्त नहीं कराई और पानी छोड़ दिया। इससे नहर का पानी सैकड़ों एकड़ धान और चारे के खेतों में भर गया। लगातार पानी चलने से फसलों पर कई फीट पानी भर गया है। शिकायत के बाद नहर बंद की गई। पहले बाढ़ और अब विभाग की लापरवाही के चलते किसानों की फसलें जलमग्न हो गईं। किसानों का कहना है कि पानी भरने से फसलें नष्ट हो जाएंगी। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने एसडीएम को सूचना देकर नंहर बंद कराने की मांग की। उन्होंने लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए फसलों को हुए नुकसान का किसानों को मुआवजा दिलाने की भी मांग की है।



खराजा ब्रांच नहर पटरी कटने से जलमग्न हुई फसल। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### व्यापारियों के साथ बैठक की, सीएचसी का निरीक्षण किया



**अमरिया।** राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के निर्देश पर उनके जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को क्षेत्र के व्यापारियों एवं अन्य लोगों के साथ बैठक की। ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह ने भाजपा सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया। संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई और उसका निराकरण के लिए उपस्थित नायब तहसीलदार रमेश चन्द्र समेत अन्य संबंधित विभाग के अफसरों को निर्देश दिए। सीएचसी का निरीक्षण किया गया। मरीजों को शासन की मंशा के तहत सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर कौशल गुप्ता, सुरेश गुप्ता,चंद्र प्रकाश शर्मा, सौरभ गुप्ता, प्रिंस भुल्लर, कुलदीप सिंह, रजनीश गुप्ता रहे।

### फैंसी ड्रेस कंपटीशन में बच्चों ने दिखाया हुनर




**पीलीभीत।** लॉर्ड कृष्णा स्कूल में शुक्रवार को फैंसी ड्रेस कंपटीशन कराया गया। इसमें कक्षा पीएनसी से लेकर तीन तक के छात्रों ने भाग लिया। सर्वप्रथम कक्षा तीन के छात्रों ने पर्यावरण विषय पर फैंसी ड्रेस में भाग लिया। खुद को बादल, पेड़ ,प्रदूषण आदि वेशभूषा के साथ प्रस्तुत किया। कक्षा एक और दो के छात्रों ने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट थीम पर अपनी वेशभूषा प्रस्तुत की। छात्र मोबाइल, टीवी, बल्ब, फ्रिज की वेशभूषा में भी आए। कक्षा केजी के बच्चों ने मछली, केकड़ा, शेर, भालू, हाथी बिल्ली, चूहा की वेशभूषा धारण की। कक्षा एनसी और पीएनसी के छात्रों ने दादा–दादी नाना नानी के चरित्र में खुद को प्रस्तुत किया। प्रबंधक सनी दीक्षित, प्रधानाचार्य रोजी दीक्षित ने बच्चों की प्रस्तुति को सराहा। छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर माही, दिव्या, रौनक, आरुषि, अवंतिका, जानवी, भावना, शिवाय शर्मा, आध्या, शिवांश राधिका आदि मौजूद रहे।

### महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव बरनई नौगवां निवासी मीना ने बताया कि उसके खेत में पॉपुलर के पेड़ लगे है। 20 जुलाई को दिन में 11 बजे गांव के कमलेश, रामकुमार, अजय, धनपाल ने पेड़ काट लिए थे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# अफीम तस्करी में दोषी को 15 वर्ष कैद एक लाख का जुर्माना

**विधि संवाददाता, बरेली :** 16 किलो अफीम की तस्करी के आरोपी थाना अलीगंज के गांव कुंडरिया फैजुल्लापुर निवासी विमल को दोषी पाते हुए स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट पशुपति नाथ मिश्रा ने 15 वर्ष कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील आशुतोष दुबे ने बताया कि अलीगंज पुलिस ने 22 मई 2021 को चेकिंग के दौरान विमल को पकड़ा था। बाइक पर उसके कब्जे से प्लास्टिक के बोरे में 16 किलो अवैध अफीम बरामद हुई थी।

# बच्चों ने देखा चाक पर मिट्टी से दीया बनाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शिक्षा सप्ताह के पांचवें दिन कराई गईं कई गतिविधियां**

**अमृत विचारः** शिक्षा सप्ताह के तहत शुक्रवार को परिषदीय और बा स्कूलों में पांचवें दिन कई गतिविधियां कराई गईं। इनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

छात्र-छात्राओं को संचार, बिक्री तकनीक और विपणन रणनीतियों में कौशल विकसित करने के लिए अभ्यास कराया गया। विशिष्ट ऐतिहासिक स्थलों के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। कृषि और प्राकृतिक पर्यावरण के अवलोकन और सीखने के लिए प्रेरित किया गया। घरेलू कार्यों जैसे खाना बनाना, सफाई करना और बागवानी करने आदि के प्रति जागरूक किया गया। मीडिया, मनोरंजन, एनीमेशन और डिजिटल माध्यमों के बारे में जानकारी दी गई। मिट्टी से बर्तन आदि बनाना, बांस शिल्प से सामान बनाना और रद्दी से बैग बनाना सिखाया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने तकनीकी हस्तक्षेप को प्रदर्शित करने, डिजिटल शिक्षा , विद्या समीक्षा केंद्र के बारे में अवगत कराने के भी निर्देश शिक्षकों को दिए।



मिट्टी से दीया बनाना सीखते बच्चे। ● अमृत विचार

# मां को जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी विधवा नसीम बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका एक बेटा नाजिम दबंग किस्म का है। उसका बेटा कई वर्षो से उसका और उसके परिवार का शोषण कर रहा है। उसके बेटे ने टुकड़ों मे करीब सात लाख रुपये ले रखे है। वह अपना पैसा मांगती है तो जहर देकर मार डालने की धमकी देता है। उसने कोई पैसा वापस नहीं किया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि महिला ने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

**उझानी, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव कुड़ा नरसिंहपुर के पास रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। बरेली के अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। जहां चालक की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया।

उझानी कस्बा के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी वीरपाल पुत्र हरी सिंह गुरुवार को ट्रैक्टर पर सामान लादकर जा रहे थे। गांव कुड़ा नरसिंहपुर के पास बदायूं से दिल्ली की ओर जा रही रोडवेज बस ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में वीरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने घायल को हायर सेंटर रेफर किया। जहां शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे वीरपाल की मौत हो गई। बरेली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने रोडवेज बस के खिलाफ तहरीर दी है।

# बरेली एनसीसी बनी ओवरऑल चैंपियन

### प्रदेश स्तरीय सेना कैंप इंटर ग्रुप कंपटीशन में दूसरे पायदान पर रहा गाजियाबाद ग्रुप

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



ओवरऑल चैंपियन बरेली की टीम के साथ लखनऊ के ब्रिगेडियर राजेंद्र कुमार। साथ में हैं बरेली के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संदीप वर्मा।

**अमृत विचारः** छावनी ट्रेनिंग एरिया में चल रहे 10 दिवसीय प्रदेश स्तरीय सेना कैंप इंटर ग्रुप कंपटीशन के अंतर्गत शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं के एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया। 8 बटालियन बरेली को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया, दूसरे स्थान पर गाजियाबाद रहा।

प्रदेश स्तरीय कैंप में सभी एनसीसी ग्रुप के 297 महिला कैडेट्स शामिल हुए। कैंप 19 जुलाई से शुरू हुआ था, जिसका समापन 28 जुलाई को किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को लखनऊ डायरेक्ट्रेट के ब्रिगेडियर राजेंद्र कुमार और बरेली के ग्रुप कमांडर संदीप वर्मा ने मेडल पहनाकर और ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य अतिथि लखनऊ डायरेक्ट्रेट के ब्रिगेडियर राजेंद्र कुमार ने छात्रा कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि

- **लखनऊ और बरेली के ब्रिगेडियर ने विजेताओं को किया पुरस्कृत**
- **दस दिवसीय कैंप में 60 श्रेष्ठ छात्रा कैडेट्स का किया गया चयन**

जीवन में अनुशासन, कड़ी मेहनत और सुचरित्र से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। देश को युवाओं की बहुत जरूरत है, इसलिए युवाओं को चाहिए कि वह कड़ी मेहनत और लगन से अपना लक्ष्य हासिल करते हुए राष्ट्रसेवा के लिए भी तत्पर रहें। इस दौरान उन्होंने कारगिल विजय दिवस पर सभी को बधाई देते हुए वीर सैनिकों के शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जश्न मनाना जितना जरूरी है, उतना ही अपने अमर बलिदानियों को याद रखना भी आवश्यक है। बरेली ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संदीप वर्मा ने बताया कि कैंप में 60 श्रेष्ठ कैडेट्स का चयन किया जाएगा, जिन्हें बरेली में लगने वाले कैंप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कैंप में 40 कैडेट्स का चयन किया जाएगा, जिन्हें नई दिल्ली के कैंप में प्रतिभाग करना होगा। ब्रिगेडियर वर्मा ने बताया कि कैंप में महिला कैडेट्स को ओटी, मैप रीडिंग, हेल्थ एंड हाइजीन, टेंट पीचिंग, फायरिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया है। इस अवसर पर कर्नल एसएस गुलेरिया, कर्नल एसएस विष्ट, 25 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफीसर एसएस चीमा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मेरिट में शामिल छात्रों के शुल्क जमा न होने पर किया हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रथम चरण के तहत छात्रों के प्रवेश पूरे हो गए हैं। मेरिट में शामिल कई छात्रों का शुल्क जमा नहीं होने से प्रवेश नहीं हो सका। शुक्रवार को कई छात्र अभिभावकों के साथ कॉलेज में सेमिनार कक्ष में पहुंचे लेकिन कक्ष बंद होने पर उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस पर उन्होंने हंगामा किया। प्रॉक्टोरिय बोर्ड ने मौके पर पहुंचकर शांत किया।

कॉलेज ने बीए और बीएससी जीव विज्ञान में प्रवेश के लिए पहले चार मेरिट निकालीं। मेरिट में शामिल छात्रों को निर्धारित समय के बाद एक दिन और शुल्क जमा करने का मौका दिया। इसके बाद भी कई छात्रों का शुल्क जमा नहीं हो सका। गुरुवार को बीएससी जीव विज्ञान की पांचवी मेरिट जारी कर भी कुछ छात्रों के प्रवेश हुए। मेरिट में शामिल छात्रों के प्रवेश गुरुवार रात 12 बजे तक हुए, इसके बाद विवि ने पोर्टल बंद कर दिया। इसकी वजह से भी शुल्क जमा नहीं हो सका तो परेशान छात्र शुक्रवार को अभिभावकों के साथ पहुंचे।

# छह कंपनियों ने 110 युवाओं को दिया रोजगार



रोजगार मेले में कंपनियों के बारे में जानकारी देते उनके प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- **जलालाबाद आईटीआई में जिला सेवायोजन कार्यालय ने लगाया रोजगार मेला**

**अमृत विचारः** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से राजकीय आईटीआई जलालाबाद में शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की छह कंपनियों ने प्रतिभाग किया। 110 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के आधार पर चयन कर लिया गया।

जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में 222 अभ्यर्थियों ने रोजगार के लिए आवेदन किया, जिसमें साक्षात्कार के आधार पर 110 का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि स्टार ग्रुप आफ मैनेजमेंट सर्विस लखनऊ ने 14, बूसा मैनेजमेंट मार्केटिंग ने 21, रॉकमैन इंडस्ट्रीज ग्रुप आफ सर्विस हरिद्वार ने 20, एलआईसी ने 18, पुखराज हेल्थ केयर ने 24 तथा क्विस कार्प लिमिटेड ने 13 अभ्यर्थियों को रोजगार दिया गया। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसिलिंग भी की गई।

# ददिउरा में रोपी पौध, बच्चों को बांटी स्टेशनरी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



दिउरा गांव के स्कूल में पौध रोपित करते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सामाजिक संगठन सहयोग की ओर से शुक्रवार को ग्राम ददिउरा में वृहद रूप से पौध रोपित की गई। इस अवसर पर परिषदीय स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी भी बांटी गई।

विकास खंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत ददिउरा में सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। संस्था के सदस्यों के अतिरिक्त स्कूल के शिक्षकों और बच्चों ने उत्सुकता दिखाते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। मुख्य अतिथि समाजसेवी पंकज बाथम ने संस्था के पदाधिकारियों के साथ स्कूली बच्चों को स्टेशनरी किट प्रदान की। इस मौके पर मुख्य अतिथि पंकज बाथम ने कहा कि यह संस्था यदि

- **सामाजिक संस्था सहयोग का पौधरोपण अभियान जारी**

इसी उत्साह के साथ कार्य करती रही, तो जनपद की तस्वीर ही कुछ और होगी। संरक्षक प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि जनपद की सभी 1069 ग्राम पंचायतो को स्वच्छ एवं हरियाली युक्त, महिला एवं बाल हितैषी ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। पौध रोपित करने वालों में संरक्षक शाहनवाज़ खां, अध्यक्ष नेहा यादव, अनूप कुमार, महेंद्र दुबे, शालू यादव, शिवम वर्मा, हरजीत सिंह, निखिल महेंद्रू, प्रधान अध्यापक वारिश अली, मदनलाल, कविता अवस्थी, रीता देवी, रविंद्र दीक्षित, सतीश दीक्षित, अक्षय त्रिवेदी, दीनानाथ तिवारी, पवन दीक्षित, ऋषिकांत शुक्ला आदि शामिल रहे।

## कांवड़ यात्रा : एके-47 के साथ तीन टीमों में तैनात किए 45 जवान

**बरेली कार्यालय**

- **विवाद की सूचना पर तुरंत संभालेंगे मोर्चा**

> तीन पुलिस अधीक्षक की निगरानी में तीन टीमें गठित की गई हैं, जो कानून व्यवस्था को कायम रखने में मदद करेंगी।
> –अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार :** श्रावण माह में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने 45 पुलिस कर्मियों की तीन टीमें गठित की हैं, जिनमें सभी जवान एके-47 के साथ 24 घंटे मुस्तैद रहेंगे। ये टीमें तीन थानों में अलग-अलग तैनात की गई हैं, जो कहीं पर विवाद होने के बाद फौरन मोर्चा संभालने पहुंचेंगी।

गत वर्ष बारादरी थाना क्षेत्र के जोगीनवादा में कांवड़ यात्रा के दौरान बवाल हुआ था। इसको ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद कर लिया है। उनकी ओर से कांवड़ सेल का गठन कर हेल्प लाइन नंबर जारी किया जा चुका है। अब उन्होंने तीन टीमें गठित की हैं। इन टीमों की निगरानी पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा और पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक करेंगे। टीम में 45 पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है। हर एक टीमों में 15-15 पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। जिन्हें एके-47, टियर गैस गन, एंटी राइट गन समेत 12 बोर पंप एक्शन गन दी गई है। एक टीम को बारादरी थाने, दूसरी को देवरनियां और तीसरी टीम को भोजीपुरा में रखा जाएगा। विवाद की सूचना पर टीम तुरंत मौके पर पहुंचेगी और शांति व्यवस्था को बनाएगी।

# पूर्व सांसद फूलन देवी की मनाई पुण्यतिथि

**कायार्लय संवाददाता, शाहजहांपुर**



पूर्व सांसद फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कश्यप समाज के लोग।

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय कश्यप स्वाभिमान संगठन के तत्वावधान में कटिया टोला स्थित कार्यालय पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

शुक्रवार को कार्यक्रम का आरंभ संगठन के संरक्षक शिव नंदन सागर, प्रदेश सचिव पंचायत मंच अपना दल एस व संगठन के अध्यक्ष राजेश कुमार कश्यप, महासचिव मदन लाल कश्यप, प्रभात वर्मा, देवेश त्रिपाठी, हरिकृष्ण कन्हैया, डाक्टर लालजीत वर्मा ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक शिव नंदन सागर ने कहा कि समाज के लोगों को फूलन देवी के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

- **कश्यप समाज के लोगों ने उनके चित्र पर अर्पित किए पुष्प**

फूलन देवी ने एकलव्य सेना नाम से एक संगठन की स्थापना की और सांसद बनी। उनके बढ़ते जनाधार देखकर साजिश के तहत हत्या कर दी गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार कश्यप ने प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया और महिलाओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्मला देवी, आशिंका कश्यप, श्रेया कश्यप, सीमा रानी, पारूल कश्यप, अंजू कश्यप आदि ने फूलन देवी के जीवन चरित्र पर अपने-अपने विचार रखे।

# अभाविप ने एबी रिच कॉलेज में बनाए सदस्य



एबी रिच कॉलेज में अभाविप की सदस्यता फार्म भरते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से शुक्रवार को महानगर के एबी रिच इंटर कॉलेज में सदस्यता अभियान चलाया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की। प्रांत सह मंत्री श्रुति गुप्ता ने विद्यार्थियों को संगठन के बारे में जानकारी दी। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से नगर विस्तारक संदीप, महानगर सह मंत्री आयुष श्रीवास्तव, वैभव सक्सेना, मोहिनी प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सहकारिता मंत्री ने किया मिश्रीपुर सहकार वाटिका का लोकार्पण

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**




सभा को संबोधित करते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने शुक्रवार को क्रय विक्रय समिति के शीत भंडार गृह मिश्रीपुर परिसर में सहकार वाटिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने बेल की पौध भी रोपित की।

सहकारी पहचान मूल्य और सिद्धांत विषयक गोष्ठी में सहकारिता मंत्री राठौर ने कहा कि योगी सरकार द्वारा सहकारी बैंकों का कायाकल्प करते हुए जर्जर सहकारी बैंकों को नए सिरे से खड़ा करने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने बंद पड़ीं 15 सहकारी बैंकों को फिर से शुरू कराकर 18 से 20 लाख किसानों का पैसा दिलाया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, महापौर

- **जेपीएस राठौर ने गिनाई सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियां**
- **रोपित की बेल की पौध**

अर्चना वर्मा, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष भरत सिंह, पैक्सफेड उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, महेश पाल सिंह, शरद कुमार सिंह, केके सिंह, उपेंद्र पाल सिंह, गंगाश्री, आरती भोजवाल, अनिल सिंह, निलय सिंह, एआर कोआपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह, बैंक सचिव सौरभ द्विवेदी, आनंद श्रीवास्तव, चंद्रिका प्रसाद, राकेश प्रताप सिंह, सीपी सिंह, योगेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। क्रय विक्रय सदर के सभापति रजत सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## सद्दाम की फॉर्च्यूनर कार लेकर प्रयागराज से बरेली पुलिस रवाना

**बरेली, अमृत विचार :** माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम की फॉर्च्यूनर कार प्रयागराज से लेकर बरेली पुलिस रवाना हो चुकी है। पुलिस ने राजस्व विभाग से सद्दाम की चार संपत्तियों का ब्योरा मांगा है। उसकी संपत्ति चिह्नित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

माफिया खालिद अजीम उर्फ अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। बिथरी चैनपुर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर अजय कुमार और दरोगा रणधीर कुमार प्रयागराज के लिए रवाना हुए थे। पुलिस टीम प्रयागराज के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र से सद्दाम की फॉर्च्यूनर कार लेकर बरेली के लिए रवाना हुई है। साथ ही सद्दाम के हटवा और आसपास के इलाकों में चार संपत्तियों का राजस्व विभाग से ब्योरा मांगा है, जबकि अन्य संपत्तियों के संबंध में भी दस्तावेज खंगाल रही है।

# पुलिस के गले नहीं उतर रही छात्र के अपहरण की कहानी

**संवाददाता, खुटार**

- **पुलिस का दावा, सीसीटीवी में बाइक सवार के साथ जाते दिख रहा अकेले**
- **पुलिस ने थाने बुलाकर परिजनों से ली जानकारी, नहीं मिल रहा कोई तथ्य**

> उक्त प्रकरण में मामले की जांच चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज देखे गए है। घटना संदिग्ध लग रही है। मामले में जांच के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।
> – **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष, खुटार

**अमृत विचारः** गांव पुनौती के रहने वाले गुरुनाम सिंह उर्फ काला के बेटे हरमन प्रीत सिंह (13) के अपहरण की कहानी पुलिस के गले नहीं उतर रही है। शुक्रवार को पुलिस ने पीड़ित पिता के बयान दर्ज किए और सीसीटीवी कैमरे चेक किए जिसमें वह एक व्यक्ति के साथ अकेले बाइक से जाते हुए दिख रहा है।

पुलिस इस पूरे प्रकरण पर तहकीकात करने में जुटी हुई है। हालांकि पीड़ित परिवार कुछ भी कार्यवाई नहीं करना चाह रहा है। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर लगें सीसीटीवी कैमरे देखे गए है। जहां हरमन प्रीत सिंह खुद किसी बाइक सवार को रोककर जाते दिख रहा है। उसी के जरिये वह बंडा पहुंच गया। शुक्रवार को पुलिस ने पीड़ित परिवार को बुलाया और पूछताछ की। जहां हरमन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। उसके पिता गुरुनाम सिंह से पूछताछ की गई है। पुलिस का दावा है कि मामला संदिग्ध है। घटना से शनिवार को पर्दा उठ सकता है। उधर, पुलिस द्वारा कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# बालक की हत्या के खुलासे को तीन टीमें गठित

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**



मौके पर पहुंचकर जानकारी करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

**अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई निवासी सोरन सिंह की सीधे परिवारों में गिनती होती है। उनकी गांव में किसी से भी रंजिश नहीं है। इसके बाद भी उनके बेटे की नृशंस हत्या होना किसी के गले नहीं उतर रहा है। हत्या का तरीका बता रहा है कि हत्यारोपी ने पहले से ही प्लान बनाकर हत्याकांड को अंजाम दिया होगा। वह पहले से हथियार लेकर आए होंगे। जिससे उन्होंने पहले बालक की उंगलियां, फिर हाथ और फिर गला काटा होगा। एसएसपी ने खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की हैं।

गांव निवासी सोरन सिंह का बेटा नितेश कक्षा पांच का छात्र था। वह पिता के साथ खेत पर भी जाता रहता था। 23 जुलाई को भी वह खेत पर जाने के लिए निकला था लेकिन फिर वापस नहीं लौटा। शव देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी एक ही बात कह रहे थे कि इस बच्चे से किसी की क्या दुश्मनी हो सकती है। माना जा रहा है कि हत्यारोपी पहले से ही जानते होंगे कि बालक खेत पर जाएगा या उन्होंने बालक को खेत पर जाते देखा होगा तो धारदार हथियार लाए होंगे। जिस तरह घटना को अंजाम दिया गया और बालक का जिस तरह से गला काटा गया है। बायां हाथ और बाएं पैर की उंगलियां काटी गईं उससे साफ हो रहा है कि हत्यारोपी कम से कम दो रहे होंगे।

पहचान छिपाने के लिए हत्यारोपियों ने या तो तेजाब डाला या फिर कोई कैमिकल डाला होगा। पुलिस ने मौके से ब्लड सैंपल लिए हैं और वीडियोग्राफी भी कराई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुछ स्पष्ट नहीं हो सका है। शव में कीड़े पड़ गए थे। बालक पर न तो तेजाब और ना ही उसके कुकर्म होने की पुष्टि हुई है।

- **परिजनों की किसी से रंजिश नहीं, फिर क्यों मार दिया**
- **प्लान करके आए होंगे हत्यारे शव को कर दिया क्षतविक्षत**

### जांच के लिए भेजी गई कंकाल की खोपड़ी

पुलिस ने देर शाम तक घटनास्थल के आसपास के खेतों में बालक के सिर की तलाश की लेकिन असफल रही है लेकिन तकरीबन आधा किलोमीटर दूर दूसरे खेत में एक कंकाल की खोपड़ी मिली। बताया जा रहा है कि वह खोपड़ी नितेश की नहीं हो सकी। क्योंकि उस खोपड़ी में मांस नहीं है। वह कई दिन या महीने पुरानी लग रही है। पुलिस उसके बारे में जानकारी कर रही है कि आखिर वह खोपड़ी किसकी होगी। पुलिस ने खोपड़ी जांच के लिए भेजी है।

## महिलाओं ने लिया राखी ब्रैसलेट बनाने का प्रशिक्षण

**शाहजहांपुरः अमृत विचारः** कृषि विज्ञान केंद्र नियामतपुर में ग्रामीण महिलाओं के लिए चलाए जा रहे लघु उद्यमिता विकास के अंतर्गत राखी और ब्रैसलेट बनाने के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया।

- **कृषि विज्ञान केंद्र में चल रहे पांच दिवसीय शिविर का समापन**

समापन अवसर पर केंद्र प्रभारी अधिकारी डॉ. एन सी त्रिपाठी ने प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक विद्या गुप्ता ने महिलाओं को ऊन, सूती व रेशमी धागे, लेस, रिबन, कपड़ों की कतरनों, मोती, सितारे आदि के माध्यम से कलात्मक राखियां बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रोफेसर डॉ. नूतन वर्मा ने महिलाओं को समय-समय पर होने वाले इस प्रकार के कार्यक्रमों शामिल होकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण शिविर में कृषि प्रसार वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र प्रसाद, उद्यान वैज्ञानिक डॉ. महेश कुमार, प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. विमल कुमार, शुभम आदि का सहयोग रहा। प्रशिक्षण में रौसरकोठी, नियामतपुर, दाउदपुर, चौधेरा दौलतपुर, लाधौली आदि गांवों की महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

Telephone : (0581) 2510628
Fax : (0581) 2511283

सत्यमेव जयते
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**
**EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION**
**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA**
**क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office**
**क्षेत्रीय निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001**
**Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001**
**Website : www.epfindia.gov.in**
**E-mail : ro.bareilly@epfindia.gov.in**

No. 120109 EPFO/RO/BLY/ADM Date : 26.07.2024

**प्रेस नोट**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशन धारकों एवं नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली द्वारा इस माह विभिन्न जिलों मे दिनांक 29.07.2024 को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थलों की जानकारी निमन्वत है:-

| जनपद | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|
| बरेली | SRMS इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस, भोजीपुरा, बरेली। |
| मुरादाबाद | पसुपति एक्रिलोन, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद। |
| रामपुर | किटप्लाई इंडस्ट्रीज़, रामपुर। |
| शाहजहाँपुर | सेंट्रल रेलसाइड वेयरहाउस कंपनी लिमिटेड, रोज़ा, शाहजहाँपुर। |
| बदायूं | ऐस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलोजी, बदायूं। |
| जे.पी. नगर | नोरेक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड, चाँदपुर रोड, जे.पी. नगर। |
| संभल (भीम नगर) | नगर पंचायत, चंदौसी संभल। |
| पीलीभीत | एल.एच. डिस्टलरी, बीसलपुर, पीलीभीत। |

अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 0581-2510628, 0581-2510832 पर भी संपर्क कर सकते है।

**अनिल कुमार**
**क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी अधिकारी**

# कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर

पृ.सं.:- C-279/जि.पं.-नि.अनु./2024-25

## निविदा सूचना

दिनांक: 26.07.2024

संशोधित निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार जिला पंचायत, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15वां वित्त अनटाइड के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की निम्नांकित परियोजनाओं के निर्माण हेतु दिनांक 17.08.2024 को मोहरबंद निविदाएँ अपरान्ह 02 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 03 बजे से कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जाएगी। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 16.08.2024 को सायं 05 बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क जमाकर टेन्डर फार्म कार्यालय से क्रय कर सकते है। इच्छुक ठेकेदार को कार्य के सम्मुख अंकित दो प्रतिशत धरोहर धनराशि (एन एस सी/टीडीआर/एफ डी आर) निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत शाहजहांपुर के नाम बंधक होगी। निविदायें स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित है। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते कार्यालय दिवस में देखी जा सकती हैं। आमंत्रित निविदाओ के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर निर्गत किये जायेंगे। आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत है –

| क्र. सं. | विकास खण्ड | कार्य का नाम | लागत जी.एस.टी. रहित | 2% धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भावलखेड़ा | भावलखेड़ा पैना बुजुर्ग में पूर्व प्रधान के घर के पास इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 3.75 | 7500 | 710 | 02 माह |
| 2. | मिर्जापुर | मिर्जापुर आयुष प्रताप सिंह (पूर्व सदस्य) के गाँव वानगाँव में अनुरक्षण कार्य | 8.47 | 17000 | 1200 | 02 माह |
| 3. | भावलखेड़ा | भावलखेडा ग्राम बड़ावन बरहापुर सुखेबाबा मंदिर पास इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 4. | कांट | कांट ग्राम कुरिया कलां में पुलिस चौकी से संपर्क मार्ग का अवशेष इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 7.59 | 15200 | 1200 | 02 माह |
| 5. | ददरौल | ददरौल ग्राम बंधरा रोहेलखंड से मेवा सिंह के झाले तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 6. | पुवायां | पुवायां ग्राम नाहिल में तुरंत नाथ मंदिर पर इंटरलॉकिंग | 6.90 | 13800 | 1200 | 02 माह |
| 7. | भावलखेड़ा | भावलखेडा बड़ावन में सुनील के खेत से ब्रम्ह बाबा के स्थान तक खडंजा | 7.20 | 14400 | 1200 | 02 माह |
| 8. | जैतीपुर | जैतीपुर ग्राम गाड़िया रंगीन में नीलेश गुप्ता के पेट्रोल पम्प के पास इंटरलॉकिंग | 5.25 | 10500 | 1200 | 02 माह |
| 9. | ददरौल | ददरौल ग्राम कपेड़कटका इंटरलॉकिंग | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 10. | ददरौल | ददरौल ग्राम बलेली में इंटरलॉकिंग | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 11. | भावलखेड़ा | भावलखेडा ग्राम दौलतपुर में इंटरलॉकिंग | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 12. | भावलखेड़ा | भावलखेडा ग्राम दिउरिया में इंटरलॉकिंग (अनुरक्षण) | 3.00 | 6000 | 710 | 02 माह |
| 13. | भावलखेड़ा | भावलखेडा ग्राम आदमपुर में गुरूद्वारे के पास इंटरलॉकिंग | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 14. | भावलखेड़ा | भावलखेडा ग्राम लधौली में राजवीर सिंह के खेत से प्रा.वि. तक खडंजा | 2.70 | 5400 | 710 | 02 माह |
| 15. | पुवायां | पुवायां ग्राम इटौली में जितेन्द्र दीक्षित के घर से रोड तक इंटरलॉकिंग | 3.25 | 6500 | 710 | 02 माह |
| 16. | मिर्जापुर | मिर्जापुर ग्राम हरसीपुर में श्री के.पी.सिंह यादव के घर तक इंटरलॉकिंग (अनुरक्षण) | 8.25 | 16500 | 1200 | 02 माह |
| 17. | निगोही | निगोही ग्राम परसौना खलीलपुर में एस.पी. सिंह के टयूबवेल तक खडंजा | 6.30 | 12600 | 1200 | 02 माह |
| 18. | ददरौल | ग्राम धनियुरा गांव में ओपन जिम कार्य | 5.00 | 10000 | 710 | 02 माह |
| 19. | तिलहर | ग्राम रुद्रपुर के गुरुकुल महाविद्यालय में ओपन जिम कार्य | 5.00 | 10000 | 710 | 02 माह |
| 20. | निगोही | ग्राम पिलखना में मंदिर के पास इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 6.00 | 12000 | 1200 | 02 माह |
| 21. | बंडा | ग्राम नवदिया ढुकरी में राजीव के घर से पवन सिंह जि. पं. सदस्य के घर तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 22. | बंडा | ग्राम मोहनपुर डामर रोड से टिकरी तक अवशेष खडंजा कार्य | 1.08 | 2160 | 300 | 02 माह |
| 23. | मदनापुर | ग्राम आतिवारा में अवशेष इंटरलॉकिंग | 2.50 | 5000 | 710 | 02 माह |
| 24. | ददरौल | ग्राम परासिन में गन्ना सेन्टर तक अवशेष खडंजा कार्य | 4.60 | 9200 | 710 | 02 माह |
| 25. | तिलहर | ग्राम तिलहर बरीखास रोड से झब्बूसिंह यादव के घर तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 5.00 | 10000 | 710 | 02 माह |
| 26. | बंडा | ग्राम नवदिया बरगदा डामर रोड से राजवीर सिंह के घर तक अवशेष खडंजा रोड निर्माण कार्य | 3.50 | 7000 | 710 | 02 माह |
| 27. | ददरौल | ग्राम परासिन में रवींद्र यादव की ओर इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 28. | मदनापुर | ग्राम गिरधरपुर में अनुरक्षण इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 6.20 | 12400 | 1200 | 02 माह |
| 29. | मिर्जापुर | ग्राम चांदापुर में मेन रोड से बादाम सिंह की दुकान की ओर इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 30. | भावलखेड़ा | ग्राम लाधोली में राजकुमार के घर से शंकर के घर तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य (अनुरक्षण) | 8.00 | 16000 | 1200 | 02 माह |
| 31. | खुदागंज | ग्राम नवादा दरोवस्त में डिग्री कालेज ठाकुर रोशन सिंह के दर से मुख्य मार्ग तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 32. | भावलखेड़ा | ग्राम तिउलक में सोनू के घर से उत्सव भवन तक खडंजा निर्माण कार्य | 2.62 | 5240 | 710 | 02 माह |
| 33. | निगोही | ग्राम मिश्रीपुर में निगोही शाहजहांपुर रोड से एस.पी सिंह के खेत तक खडंजा कार्य | 7.00 | 14000 | 1200 | 02 माह |
| 34. | भावलखेड़ा | मोहम्मदी अत्सलिया मार्ग से SMB स्कूल तक इंटरलॉकिंग | 2.25 | 4500 | 710 | 02 माह |
| 35. | पुवायां | बीरमपुर डामर रोड से हादीरा डामर रोड के बीच खडंजा कार्य | 8.00 | 16000 | 1200 | 02 माह |
| 36. | सिंधौली | ग्राम रायपुर से मुजफ्फरपुर की ओर अवशेष खडंजा कार्य | 2.00 | 4000 | 710 | 02 माह |
| 37. | निगोही | ग्राम रामपुर नया गांव अवशेष खडंजा कार्य | 0.90 | 1800 | 710 | 02 माह |
| 38. | भावलखेड़ा | ग्राम नियामतपुर में मंदिर के पीछे जिला पंचायत मार्ग पर साइनेज सम्बन्धी कार्य | 2.00 | 4000 | 300 | 02 माह |
| 39. | खुदागंज | ग्राम मझिला में दिवाकर सिंह के घर की ओर खडंजा रोड निर्माण कार्य | 4.37 | 8740 | 710 | 02 माह |
| 40. | खुटार | खुटार खुटार बंडा लिंक रोड से अशोक वर्मा के खेत तक इंटरलॉकिंग | 5.00 | 10000 | 710 | 02 माह |
| 41. | खुटार | ग्राम नारोठा हंसराम के नरौठा सीलपुर लिंक रोड से आशुतोष वर्मा के मकान तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 3.00 | 6000 | 710 | 02 माह |
| 42. | खुटार | ग्राम नरौठा हंसराम में धर्वेन्द्र सिंह के मकान से दाताराम के मकान तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 3.60 | 7200 | 710 | 02 माह |
| 43. | बंडा | बंडा ग्राम पंचायत बिलन्दपुर मजरा ज्मुनिया से डडवा मार्ग पर खडंजा निर्माण कार्य | 7.00 | 14000 | 1200 | 02 माह |
| 44. | बंडा | बंडा ग्राम पंचायत बरी बरा जिला पंचायत बलजीत कौर के घर से सीसी रोड तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 5.00 | 10000 | 710 | 02 माह |
| 45. | बंडा | बंडा बौठा गांव में रामसरन के मकान से देवीस्थान तक खंड़जा कार्य | 3.50 | 7000 | 710 | 02 माह |
| 46. | बंडा | बंडा नरेंद्रपुर गांव में मानपुर डामर रोड से ककरहानाथ बाबा स्थान तक 400 मीटर खंडजा व मिट्टी कार्य। | 7.00 | 14000 | 1200 | 02 माह |
| 47. | बंडा | बंडा ग्राम कुंडरा चिकतिया संपर्क मार्ग से तिन्दुआ नगरिया लिंक मार्ग तक खडंजा | 7.00 | 14000 | 1200 | 02 माह |
| 48. | बंडा | बंडा ग्राम पंचायत पडरिया दलेलपुर में रोड से साधू सिंह के फार्म तक खडंजा | 5.50 | 11000 | 1200 | 02 माह |
| 49. | पुवायां | पुवायां मीरपुर ज. जेबा तिराहा से प्रभुदयाल खेत तक अवशेष खडंजा कार्य | 6.30 | 12600 | 710 | 02 माह |
| 50. | पुवायां | पुवायां ग्राम नाहिल,सिंघापुर मार्ग से ठुर्रा गांव तक खडंजा | 3.50 | 7000 | 710 | 02 माह |
| 51. | पुवायां | पुवायां वि.ख. पुवायां ग्राम बड़ागाँव में मेन रोड शाहजहांपुर पुवायां से लिंक मार्ग फिरोज के मकान तक इंटरलॉकिंग | 7.80 | 15600 | 1200 | 02 माह |
| 52. | पुवायां | पुवायां वि.ख. ग्राम समुलिया में ब्रकेश अमीन के मकान से मनोज शुक्ला के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य | 2.92 | 5900 | 710 | 02 माह |
| 53. | सिंधौली | सिंधौली ग्राम अनावा मुख्य मार्ग से अनीस अली उर्फ पप्पू मिर्जा के मकान तक इन्टरलॉक | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 54. | सिंधौली | सिंधौली ग्राम बहादुर बुजुर्ग में गाँव के पूरब स्थित प्रदीप सिंह के खेत से शिववीर सिंह के घर तक इन्टरलॉक निर्माण | 6.90 | 13800 | 1200 | 02 माह |
| 55. | सिंधौली | ग्राम सिसेया को जाने वाले मार्ग से ग्राम पटवा के प्राइमरी स्कूल तक जाने वाले मार्ग पर खडंजा कार्य | 5.50 | 11000 | 1200 | 02 माह |
| 56. | सिंधौली | सिंधौली ग्राम इमलिया हमीदनगर में प्राथमिक पाठशाला के पास से गाँव तक इंटरलॉकिंग कार्य | 6.20 | 12400 | 1200 | 02 माह |
| 57. | सिंधौली | सिंधौली ग्राम मुडिया पमार में मेन खडंजा से इकबाल सिंह के झाले तक 100 मी. इंटरलॉकिंग | 6.00 | 12000 | 1200 | 02 माह |
| 58. | सिंधौली | सिंधौली आदमपुर उत्तरी में गन्दे नाले पर दो दर पुलिया निर्माण कार्य महेश चन्द्र वर्मा के खेत के पास गाँव के पूरब। | 3.00 | 6000 | 710 | 02 माह |
| 59. | निगोही | निगोही ग्राम ईशापुर में वेदपाल के मकान से लाल सिंह के मकान तक खण्डजा कार्य | 8.10 | 16200 | 1200 | 02 माह |
| 60. | निगोही | निगोही ग्राम हरपला में शेर सिंह के मकान से मेन रोड की तरफ इंटरलॉकिंग | 6.00 | 12000 | 1200 | 02 माह |
| 61. | निगोही | निगोही ग्राम ईशापुर में बच्चू लाल के मकान से सरकारी नलकूप तक खडंजा कार्य | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 62. | निगोही | निगोही ग्राम ढकिया तिवारी में जिन्दबाबा के स्थान पर इंटरलॉकिंग | 6.20 | 12400 | 1200 | 02 माह |
| 63. | निगोही | निगोही ग्राम परसरा परसारी में काले बाबा के स्थान तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 6.00 | 12000 | 1200 | 02 माह |
| 64. | खुदागंज | खुदागंज ग्राम फुलवा में ऋषिपाल की बैठक से नहर तक खडंजा कार्य | 7.56 | 15200 | 1200 | 02 माह |
| 65. | खुदागंज | खुदागंज ग्राम सहदापुर में कटरा जैतीपुर में नाहर की ओर खडंजा रोड निर्माण कार्य | 8.00 | 16000 | 1200 | 02 माह |
| 66. | कलान | कलान हरलोखा में पुलिया मरम्मत | 1.00 | 2000 | 300 | 02 माह |
| 67. | कलान | कलान ग्राम गुन्दौरा दाउदपुर में शीशपाल के मकान से कुंडा तक खडंजा कार्य | 4.50 | 9000 | 710 | 02 माह |
| 68. | कलान | कलान ग्राम उदियावारे संपर्क मार्ग से राम बरन के मकान तक खडंजा कार्य | 4.50 | 9000 | 710 | 02 माह |
| 69. | मिर्जापुर | मिर्जापुर ग्राम औरंगाबाद में पुलिया का निर्माण कार्य 1000 एम.एम. की 5 दर की पुलिया | 6.00 | 12000 | 1200 | 02 माह |
| 70. | मिर्जापुर | मिर्जापुर ग्राम ढाई घाट मार्ग से ग्राम सिकंदरपुर कायस्थान में दाताराम कुशवाहा के मकान तक इंटरलॉकिंग | 7.00 | 14000 | 1200 | 02 माह |
| 71. | मिर्जापुर | मिर्जापुर ग्राम वजीरगंज में मेन रोड से दरोगा जी के मकान तक इंटरलॉकिंग | 4.80 | 9600 | 710 | 02 माह |
| 72. | मिर्जापुर | मिर्जापुर ग्राम थरिया में मेन रोड से ट्यूबवेल के पास अनुपम के घर तक इंटरलॉकिंग | 7.20 | 14400 | 1200 | 02 माह |
| 73. | मिर्जापुर | मिर्जापुर ग्राम थरिया में राम रहीस के घर तक इंटरलॉकिंग | 7.20 | 14400 | 1200 | 02 माह |
| 74. | मिर्जापुर | मिर्जापुर ग्राम मझारिया में सोरन सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग | 2.40 | 4800 | 710 | 02 माह |
| 75. | जलालाबाद | जलालाबाद ग्राम बजीरपुर बंजर मेन रोड से माता वैष्णो मंदिर तक इंटरलॉकिंग रोड कार्य | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 76. | जलालाबाद | ग्राम ततियारी में में रोड से गाँव तक खडंजा कार्य | 5.25 | 10500 | 1200 | 02 माह |
| 77. | कांट | ग्राम डीन्गुरपुर में मदनापुर मार्ग से श्री लाला राम के घर तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 4.50 | 9000 | 710 | 02 माह |
| 78. | कांट | ग्राम बिरुअमई में गांव के संपर्क मार्ग से इमलिया की और खडंजा रोड निर्माण कार्य | 5.40 | 10800 | 1200 | 02 माह |
| 79. | कांट | कांट ग्राम सिसौरी में उदय पाल के मकान से रणवीर सिंह के खेत एवं प्लांट तक खडंजा कार्य | 7.20 | 14400 | 1200 | 02 माह |
| 80. | कांट | कांट ग्राम गढ़चपा में सुरेश के मकान से राजकुमार के कुंए की और इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 6.20 | 12400 | 1200 | 02 माह |
| 81. | कांट | कांट ग्राम बनकटा (बबौरी) में मदनपाल के खेत से पाती राम के खेत तक खडंजा निर्माण कार्य | 7.20 | 14400 | 1200 | 02 माह |
| 82. | ददरौल | ददरौल ग्राम पंचायत सुनौरा स्वतंत्र कुमार पंडित जी के मकान से अजीजपुर रोड पर शेष खडंजा रोड निर्माण कार्य | 3.60 | 7200 | 710 | 02 माह |
| 83. | ददरौल | ददरौल ग्राम कोहनी में गाँव से रोड की ओर बाबा के स्थान तक खडंजा | 6.80 | 13600 | 1200 | 02 माह |
| 84. | ददरौल | ददरौल ग्राम पथरा कक्ष में अनिल वर्मा के मकान से गीता सादनी के मकान तक 350 मी. खडंजा कार्य | 6.30 | 12600 | 1200 | 02 माह |
| 85. | ददरौल | ग्राम हसुआ जाजू में गांव से मुडिया वाली रास्ता पर अवशेष खडंजा कार्य | 0.80 | 1600 | 300 | 02 माह |
| 86. | भावलखेड़ा | भावलखेड़ा ग्राम कनेंग में सरकारी ट्यूबवैल से विनोद पाल सिंह के टयूववेल तक खडंजा | 3.60 | 7200 | 710 | 02 माह |
| 87. | भावलखेड़ा | भावलखेड़ा ग्राम कासिमगंज से मौलागंज तक खडंजा निर्माण कार्य | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 88. | जैतीपुर | जैतीपुर ग्राम बंदिया कला डामर रोड बंदिया खुर्द तक खडंजा | 6.84 | 13680 | 1200 | 02 माह |
| 89. | जैतीपुर | जैतीपुर ग्राम आलमपुर डामर रोड बाजार से वेदपाल सिंह के नलकूप तक खंडजा | 7.00 | 14000 | 1200 | 02 माह |
| 90. | जैतीपुर | जैतीपुर ग्राम मकरन्दपुर में रोड से बलवीर के खेत से शिका पुर तक खडंजा | 7.00 | 14000 | 1200 | 02 माह |
| 91. | मदनापुर | मदनापुर ग्राम सैना खेड़ा में मेन रोड से भोले नाथ के मंदिर तक खडंजा व पुलिया निर्माण कार्य | 7.00 | 14000 | 1200 | 02 माह |
| 92. | खुटार | खुटार ग्राम रौतापुर कलां में मुख्य मार्ग से जिला पंचायत द्वारा निर्मित सी.सी. रोड छुटी कड़ी के आगे मुनीश तिवारी की डेयरी तक इंटरलॉकिंग रोड | 4.55 | 9100 | 710 | 02 माह |
| 93. | बंडा | ग्राम नारायणपुर गंगा में खेमकरण के मकान से रामगोपाल शुक्ला के मकान तक इंटरलॉकिंग | 6.00 | 12000 | 1200 | 02 माह |
| 94. | पुवायां | ग्राम एटोली में दुर्गा माता मंदिर से रामलाड़ेते मौर्या के मकान तक इंटरलॉकिंग | 7.50 | 15000 | 1200 | 02 माह |
| 95. | बंडा | ग्राम देवकली में मुख्या मार्ग से गुरुद्वारा तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 6.00 | 12000 | 1200 | 02 माह |
| 96. | निगोही | ग्राम भटयुरा पृथ्वीपुर में हर्सुखलाल वर्मा के घर से अशोक वर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग | 7.80 | 15600 | 1200 | 02 माह |
| 97. | निगोही | ग्राम दिलावेरपुर में डाक्टर अशवनी के घर से नहर पटरी तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 6.00 | 12000 | 1200 | 02 माह |
| 98. | निगोही | ग्राम चाडारी में चौराहे से मणिकार सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य | 7.20 | 14400 | 1200 | 02 माह |

अभियन्ता
जिला पंचायत, शाहजहांपुर

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, शाहजहांपुर

# जौहर विवि में शत्रु संपत्ति की कराई तारकशी

रामपुर कार्यालय

- 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति को यूनिवर्सिटी कैंपस में कर लिया गया था शामिल
- शत्रु संपत्ति पर बनी इमारतें भी होंगी सील, हाईकोर्ट के आदेश पर की जा रही है कार्रवाई

**अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रशासन की टीम ने तारकशी कराई। पूर्व मंत्री आजम खां ने शत्रु संपत्ति में घपला करके यूनिवर्सिटी कैंपस में शामिल कर लिया। शत्रु संपत्ति पर म्यूजियम और सुरक्षा अधिकारी की इमारतें भी बनवा दी थीं। वह भी सील होंगी। हाईकोर्ट के आदेश पर गृह मंत्रालय और प्रशासन की टीम शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेकर तारबंदी करा रही है। शुक्रवार को पिलर लगाने का काम पूरा हो गया। इसके बाद तारकशी शुरू करा दी गई।

लखनऊ के नारायण गार्डन हुसैनबाड़ी ठाकुरगंज निवासी अल्लामा जमीर नकवी ने 2019 में अजीमनगर थाने में जौहर विश्वविद्यालय में शत्रु संपत्ति का मामला दर्ज कराया था। उनका दावा है कि लखनऊ निवासी इमामुद्दीन कुरैशी 1947 में विभाजन के समय पाकिस्तान चले गए थे। उनकी संपत्ति को सरकार ने शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया। पूर्व मंत्री आजम खां ने इस संपत्ति को जौहर विश्वविद्यालय में शामिल कर लिया। कस्टोडियन का कार्यालय मुंबई में है। स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक होते हैं। रामपुर में तैनात रहे जिलाधिकारी मोहम्मद मुस्तफा ने कस्टोडियन के मुंबई कार्यालय को रिपोर्ट भेजी थी कि जौहर यूनिवर्सिटी में 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति को मिला लिया गया है। इस मामले में तत्कालीन जिलाधिकारी ने जांच बैठा दी थी। इसमें साफ हो गया कि कागजों में घपला करके शत्रु संपत्ति को ग्राम समाज की जमीन दर्शा दिया गया है। इसके बाद इसमें रिपोर्ट हुई और पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। नौ अप्रैल 2024 को हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर शत्रु संपत्ति की नपाई कराकर उसे कस्टोडियन को सौंपने के आदेश दिए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने गुरुवार को शत्रु संपत्ति पर कब्जा ले लिया और पिलर लगवाकर शुक्रवार को तारकशी कराई जा रही है।

## छात्रा की मांग भरने की उड़ा दी अफवाह

**बरेली।** बरेली कॉलेज में शुक्रवार को एक छात्रा की मांग भरने की अफवाह उड़ा दी गई। इसके बाद छात्रों ने जमकर हंगामा किया। छात्रा की मांग भरने का आरोप पीलीभीत बाईपास स्थित एक मैनेजमेंट कॉलेज के छात्र पर लगा। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताय कि मेरिट में शामिल छात्रों के शुल्क जमा करने की समस्याए हैं। विश्वविद्यालय ने गुरुवार रात पोर्टल बंद कर दिया है। छात्रों और परिजनों को समझाकर शांत किया। छात्रा की मांग भरने की किसी ने अफवाह उड़ा दी थी।

# ईपीएफओ पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाणन हुआ आसान

बरेली कार्यालय

- मोबाइल के जरिए पेंशनर खुद ही कर सकते हैं जीवन प्रमाणन

**अमृत विचार :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पेंशन-भोगियों को बिना रुके लगातार पेंशन प्राप्ति के लिए अब घर बैठे जीवन प्रमाणन की सुविधा शुरू कर दी गई है। पेंशनरों को जीवन प्रमाणन के लिए जन सुविधा केंद्र, बैंक, डाकघर, ईपीएफ कार्यालय पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मोबाइल के जरिये ही पेंशनर खुद ही जीवन प्रमाणन कर सकेंगे।

पहले जन सुविधा केंद्र और कैफे आदि में जाकर लोगों को जीवन प्रमाणन कराना पड़ता था। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि पेंशनर अपने मोबाइल से ही घर बैठे जीवन प्रमाणन खुद ही कर सकते हैं। फेस औथेंटिकेशन टेक्नॉलॉजी आधारित एप के माध्यम इस व्यवस्था को बहुत आसान कर दिया गया है। बताया कि इस सुविधा की विस्तृत जानकारी http://www.jeevanpramaan.gov.in वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त ईपीएफ कार्यालय के पेंशन हेल्पलाइन नंबर 0581-2510832 और वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94106-86028 पर भी पेंशनर संपर्क कर सकते हैं।

# महिला ने एसपी कार्यालय के बाहर खाया जहर

**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फाजलपुर निवासी ओमप्रकाश के घर में 21 जुलाई की रात बालिका के नामकरण पर डीजे बज रहा था। डीजे पर डांस करने को लेकर बंटी और बाबू आपस में भिड़ गए थे। दोनों पक्षों में धारदार हथियार व लाठी डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए थे। सोमवार को दोनों पक्षों में फिर से धारदार हथियार व लाठी डंडे चले थे। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाबू का शांति भंग में चालान कर दिया था। पुलिस द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों का चालान न करने से क्षुब्ध बाबू आदि ने बुधवार को दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया था। पुलिस ने घायल राजेश की ओर से एक ही परिवार के बाबू, देवीदास, बंटी, कमल, गुलजारी, शंकर व झाझन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाबू को जेल भेज दिया था। पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई से क्षुब्ध बाबू की पत्नी नेहा ने एसपी कार्यालय के बाहर जहर खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने कहा कि मामले की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रा.वि. पदारथपुर, वि.खं. भुता, बरेली

### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी बरेली के पत्रांक एस.एस.ए./निर्माण/5675-सी./2023-24 दिनांक 13.02.2024 के अनुपालन में प्रा.वि. पदारथपुर के प्रांगण में जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 27.07.2024 को शनिवार को प्रात: 11 बजे होगी। बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड व रुपये 5000/- जमानत राशि के रुपये जमा करने होंगे। नीलामी की शर्ते विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।

नन्हे खां
अध्यक्ष

वासिफ अली खां
सचिव/प्रधानाध्यापक
प्रा.वि. पदारथपुर, वि.क्षे. भुता, बरेली

## कार्यालय नगर निगम शाहजहाँपुर

पत्रांक : 435/पी.आर.ओ./नि.वि./न.नि.शाह./2024-25 दिनांक : 23.07.24

### सामान्य (मैनुअल) अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में नगर निगम, क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं.-05 चिनौर, वार्ड नं.-07 खलीलशर्की, वार्ड नं.-13 भारद्वाजी, वार्ड सं.-30 मो.जलालनगर बाहरचुंगी, वार्ड सं.-32 रोशनगंज, वार्ड सं.-42 हुण्डालखेल, वार्ड सं.-47 कटियाटोला, वार्ड सं.-48 निसरजई, वार्ड सं.-49 मदराखेल, वार्ड सं.-52 कांशीराम कालोनी, वार्ड सं.-53 रामनगर कालोनी, वार्ड सं.-57 महमंद जलालनगर में विभिन्न स्थलों पर निर्माण कार्य मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु द्वितीयबार पृथक-पृथक सामान्य निविदा प्रणाली (मैनुअल) के माध्यम से मुहरबंद निविदायें दिनांक 09.08.2024 को दोपहर 03:00 बजे आंमत्रित की जाती है जो तद्दिनांक सायं 4:00 बजे निविदा समिति/ ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जाने तथा निविदा प्रपत्र निकाय के रिकार्ड कक्ष से प्रकाशन तिथि से दिनांक 08.08.2024 तक क्रय किया जाना प्रस्तावित है। निविदा की शर्ते/आगणन का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में किया जा सकता है। टेंडर को स्वीकृत/करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

नगर आयुक्त

न स सख्या यो न ददाति सख्ये, सचाभुवे सचमानाय पित्वः।
अपास्मात्प्रेयान्न तदोको अस्ति, पृणन्तमन्यमरणं चिदिच्छेत् ।।

जो लोग अपने पर हुए उपकार का कर्ज नहीं चुकाते, जो दूसरों की सेवा करने में कंजूस हैं, इस दुनिया में कोई भी उनका शुभचिंतक नहीं है। इसलिए मनुष्य को स्वभाव से हमेशा उदार रहना चाहिए।

## संपादकीय

# वनों का विस्तार

पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वन क्षेत्रों का महत्व सर्वाधिक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती आबादी और विकास की दौड़ ने ऐतिहासिक रूप से जंगलों को नष्ट किया है, जिसका दुष्परिणाम पूरी दुनिया भुगत रही है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण और जलवायु को लेकर सकारात्मक प्रयास में बड़ी वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में रेखांकित किया है कि 2000 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्रों के नुकसान में 23 प्रतिशत की कमी आई है। इसमें भारत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन के अनुसार, हमारे देश में 2010 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्र में हर वर्ष 2.66 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के मामले में चीन और ऑस्ट्रेलिया ही भारत से आगे है। वन क्षेत्र का विस्तार करने वाले शीर्ष के देशों में चिली, वियतनाम, तुर्की, अमेरिका, फ्रांस, इटली और रोमानिया शामिल हैं। इस रिपोर्ट में नए तौर-तरीकों से क्षरित भूमि को सुधारने तथा कृषि वानिकी विस्तृत करने के लिए भारत की प्रशंसा की गई है। उल्लेखनीय है कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इस वर्ष के बजट में भी स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों तथा सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा को विकसित करने के प्रस्ताव हैं। स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के लिए आवश्यक वस्तुओं के आयात शुल्कों में कमी की गई है और कुछ को शुल्क मुक्त कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में भारत की इस प्रतिबद्धता को भी सामने रखा था कि 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वन क्षेत्रों के विस्तार से उत्सर्जन रोकने के साथ-साथ मिट्टी, जल और वायु को संरक्षित रखने में बड़ी मदद मिलेगी। वन अर्थव्यवस्था में भी उल्लेखनीय सहयोग देते हैं। कुछ समय पहले यह चिंताजनक सर्वेक्षण सामने आया था कि भारत के गांवों में खेतों के किनारे पेड़ों की संख्या में भारी कमी आई है। शहरी बाढ़, जल-जमाव और संकट ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जलीय स्रोतों और निकासी के नैसर्गिक रास्तों को नष्ट करने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं। इस वर्ष की भीषण गर्मी ने भी चेतावनी दे दी है कि पेड़ों, जंगलों और जलीय स्रोतों को संरक्षित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वन क्षेत्रों का बढ़ना उत्साहजनक है, पर जंगली आग की बढ़ती घटनाओं को रोकने पर भी हमें ध्यान देना होगा।

# उनकी रणनीति से ओलंपिक हुए सुरक्षित



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिन : अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

पेरिस में हो रहे ओलंपिक खेलों और साउथ दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी का सीधा रिश्ता है। दरअसल फ्रेंड्स कॉलोनी में कुछ बरस पहले तक एक सज्जन रहते थे, जिनकी वजह से ओलंपिक खेलों का आयोजन सुरक्षित हुआ। अगर 1972 के म्युनिख ओलंपिक खेलों में हुए इजराइली खिलाड़ियों के कत्लेआम के बाद फिर ओलंपिक खेलों में कभी उस तरह का भयानक हादसा नहीं हुआ तो उसका श्रेय उन्हीं को जाता है। उनका नाम था अश्वनी कुमार। म्युनिख की दिल दहलाने वाली आतंकी घटना के बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तेज-तर्रार पुलिस अफसर अश्वनी कुमार से गुजारिश की कि वे आगामी शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की सुरक्षा व्यवस्था को मेजबान देश के साथ मिलकर देखें। अश्वनी कुमार देश की आजादी से पहले इंपीरियल पुलिस सर्विस के अफसर थे। आजादी के बाद अश्वनी कुमार जैसे अफसर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल कर लिए गए थे। वे भारतीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। बेशक अश्वनी कुमार को बेहद चुनौतीपूर्ण दायित्व मिला था। माना जाता है कि ओलंपिक से बड़ा और कोई आयोजन धरती पर तो नहीं होता है। अब पेरिस ओलंपिक को ही लें। इसमें 206 देशों के हजारों खिलाड़ी, कोच, स्पोर्ट स्टाफ, दर्शक वगैरह हिस्सा ले रहे हैं। खेलों को अपने टीवी सेटों पर अरबों खेल प्रेमी देखेंगे। समझा जा सकता है कि ओलंपिक खेलों का स्तर कितना बड़ा होता है।

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला। अश्वनी कुमार ने मांट्रियल (1976), मास्को (1980), लॉस एजेंल्स (1984), सिओल (1988), बार्सिलोना (1992), अटलांटा (1996) तथा सिडनी (2000) के ओलंपिक खेलों से जुड़े स्टेडियमों, ओलंपिक विलेज, मीडिया सेंटरों, खिलाड़ियों, वीआईपी, दर्शकों वगैरह की सुरक्षा को खासतौर पर देखा और मेजबान देश की सुरक्षा एजेंसियों को जरूरी इनपुट्स दिए। उन्होंने सिडनी ओलंपिक के बाद बढ़ती उम्र के कारण अपनी जिम्मेदारी को छोड़ा था।

आईओसी की तरफ से जैसे ही किसी शहर को ओलंपिक खेल आवंटित होते तो वे वहां पर जाने लगते आयोजन समिति से तालमेल के लिए। फिर वे वहां पर सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते। कड़क पुलिस अफसर अश्वनी कुमार कहते थे कि ग्रीष्मकालीन खेल खिलाड़ियों और दर्शकों की भागेदारी के लिहाज से शीतकालीन खेलों की तुलना में बहुत व्यापक स्तर पर होते हैं। इसलिए उनकी निगाहबानी करना ही असली चैलेंज होता है।

अश्वनी कुमार भी उस मनहूस 5 सितंबर 1972 को म्युनिख में ही थे जब उन्हें पता चला कि फिलिस्तीन के आतंकियों ने ओलंपिक विलेज पर धावा बोल दिया है। उस हमले के बारे में किसी ने ख्वाबों में भी नहीं सोचा था। हमले में निशाने पर इजराइल की ओलंपिक टीम थी। उस डरावनी घटना के पीछे फिलिस्तीन के 8 आतंकियों का हाथ था। उन आतंकियों ने 11 इजराइली खिलाड़ियों की हत्या कर दी थी। बाद में हेलीकॉप्टर के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन में पांच आतंकी और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। फिलिस्तीन लिबरेशन आर्मी (पीएलओ) के आतंकियों ने खिलाड़ियों को छोड़ने के एवज में इजराइल की जेलों में बंद करीब 234 फिलिस्तीनियों की छोड़ने और उन्हें सुरक्षित मिस्र भेजने की मांग रखी थी।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिनः अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

जब अश्वनी कुमार ने ओलंपिक खेलों के सुरक्षा इंतजामों को देखने की जिम्मेदारी संभाली थी, तब तक भारत ओलंपिक खेलों में बमुश्किल से एक-दो पदक ही जीत पाता था। फिर भी उन्हें इतनी खास अहम जिम्मेदारी मिली थी। वे आईओसी के दो अध्यक्षों क्रमशः लॉर्ड किलिनन और जे.ए.समारांच के विश्वासपात्र थे। अश्वनी कुमार को देश ने पहली बार तब जाना था जब उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के हत्यारे सुच्चा सिंह को नेपाल में जाकर पकड़ा था। कैरों राजधानी में कर्जन रोड (कस्तूरबा गांधी मार्ग) में अपने मित्र से मिलकर 6 फरवरी, 1965 को वापस चंडीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में सोनीपत के पास राई में उनका सुच्चा सिंह और उनके साथियों ने कत्ल कर दिया था। अश्वनी कुमार नेपाल में सुच्चा सिंह का पीछा करते हुए काफी दूर तक भागे थे। दोनों में हाथापाई हुई, पर अश्वनी कुमार के घूंसों की बौछार ने सुच्चा सिंह को पस्त कर दिया था। इससे पहले भारत सरकार ने उन्हें 1951 में सौराष्ट्र के खूंखार डाकू भूपत गिरोह को खत्म करने के लिए भेजा था। वहां पर भी वे सफल हुए थे।

हॉकी में तो मानों उनकी जान बसती थी। उन्होंने अपनी एक बेटी का नाम ही हॉकी रख दिया था। पंजाब पुलिस के महानिदेशक रहते हुए वे भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष बने। वहां से वे फिर भारतीय ओलंपिक संघ से भी जुड़ गए।

अश्वनी कुमार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दूसरे महानिदेशक थे और उन्होंने इस सशस्त्र बल को खड़ा किया था। उन्हें बीएसएफ का पितामह माना जाता है। उनके नाम पर दिल्ली के निजामउद्दीन एरिया में बीएसएफ की एक बिल्डिंग भी है। उन्होंने पंजाब पुलिस और बीएसएफ में दर्जनों खिलाड़ियों को नौकरी दी। उनमें बलबीर सिंह सीनियर, अजीतपाल सिंह, उधम सिंह आदि शामिल हैं। पूर्व रॉ प्रमुख और धाकड़ पुलिस अफसर ए.एस.दुलत कहते हैं कि अश्वनी कुमार सोचने-समझने वाले पुलिस अफसर होने के साथ-साथ संगीत, कला, साहित्य में दखल रखते थे। अश्वनी कुमार का साल 2015 में निधन हो गया था।

## प्रसंगवश

# शिव सूत्र

श्रावण मास हो और शिव जी की चर्चा न हो तो सारी चर्चा निरर्थक है। इन भूतभावन भगवान शंकर के अनगिनत स्तोत्र, ग्रंथ और रचनाएं हैं तथा इनके गुणों का सम्यक् गान तो शारदा और शेष भी नहीं कर सकते। हमारी क्या बिसात! यहां हम उनके "शिव सूत्र" की बात करते हैं, जिनकी जानकारी अपेक्षाकृत कम लोगों को है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह शब्द पुंज दो अर्थों में प्रयुक्त होता है। प्रथमः कश्मीर दर्शन के संबंध में, जिसमें 77 सूत्र हैं। ये तीन अध्यायों में विभक्त हैंः शाम्भवोपाय, शाक्तोपाय, आणवोपाय। कथानुसार नवीं शताब्दी में कश्भीर में वसुगुप्त नामक सिद्ध ऋषि थे, जिन्हें स्वयं भगवान शंकर ने स्वप्न में बताया कि 'असीम ज्ञान की खान मेरे 77 सूत्र 'महादेवोपला' पर्वत शिखर की एक चट्टान में उत्कीर्ण हैं'। ऋषि वहां गए और वैसा ही पाया, फिर उन्हें व्याख्यायित करके विश्व कल्याणार्थ लोकार्पित कर दिया। ये सूत्र गीता के समकक्ष ही महान दर्शन तत्व समेटे हैं। यह पर्वत शृंग और शिला अब भी विद्यमान है और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है, किंतु अब सूत्र दृश्यमान नहीं हैं। हो भी कैसे सकते हैं। इसके लिए शिव प्रदत्त दिव्य दृष्टि की आवश्यकता होती है। एक अन्य अर्थ में भी ये शब्द प्रयुक्त होते हैं। 14 सूत्रों का एक अन्य समूह भी है, जिसकी प्रचुर तांत्रिक शक्ति है और अध्यात्म जगत की अक्षुण्ण निधि है। कथानक है कि प्राचीन काल में पाणिनि व्याकरण ज्ञान के लिए और सनकादि चारो ऋषि ब्रह्म ज्ञानार्थ प्रयाग में अक्षय वट के नीचे शंकर जी की आराधना/तपस्या कर रहे थे।

भोलेनाथ प्रसन्न होकर प्रकट हो गए और आत्म विस्मृत हो डमरु बजाते हुए तांडव नृत्य करने लगे। उनकी डमरुध्वनि से 14 वर्ण पुंज निसृत हुए, जिससे इन सब तपस्वियों के अभीष्ट की पूर्ति हो गई। ये ही 14 शिव सूत्र हैं, जो इस प्रकार हैंः1-अ इ उ ण, 2-ऋ लृ क्, 3-ऐ ओ ङ्, 4-ऐ औ च्, 5-ह य व र ट्, 6-ल ण् 7-य म ङ ण न म् , 8-झ म ञ्, 9-घ ड घ ष् , 10-ज ब ग ड द श् , 11-ख फ छ ठ थ च ट त न्, 12-क प य् , 13-श ष स र् , 14-ह ल् मान्यता है कि सोलह खानों का एक चतुर्भुज बनाकर चौदह में ये सूत्र लिख दे। पन्द्रहवें में साधक अपना नाम लिखे और सोलहवें में "ॐ नमःशिवाय", तो उसे सर्वार्थ सिद्धि प्राप्त होगी।

# धर्म और संस्कृति



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है?

कश्मीर के भूतपूर्व महाराजा और जाने-माने भारतीय राजनीतिज्ञ डॉ.कर्ण सिंह हिन्दू दर्शन के अच्छे ज्ञाता हैं और वह मानते हैं कि हिंदू धर्म में पूरी मानवता की एकात्मता की स्वीकृति 'ऋग्वेद' में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के रूप में दर्ज है। सभी धर्मों की समरसता की बात भी 'ऋ ग्वेद' की पंक्ति-'एक सद् विप्रा बहुधा वदंति' से प्रकट होती है, पर किताबों से हटकर भी व्यवहार में बहुत कुछ अलग भी हर धर्म में होता है, होता रहता है। सामान्यतः प्रत्येक धर्म/ संस्कृति के तीन रूप होते हैं-शास्त्रीय, ऐतिहासिक और व्यवहृत। हिन्दुत्व की भी यही स्थिति है। शास्त्रीय हिन्दुत्व किताबी है, जिसमें उपरोक्तानुसार खूबियां हैं, पर इसके अंदर तमाम अंतर्विरोध भी हैं। 'जन्मनाजायते शूद्राः कर्मणाद्विज उच्चते' जैसी स्थापना है तो समाज के जन्मना विभाजन की स्वीकृति और मनुस्मृति भी सामने है।

तुलसीदास सीता परित्याग और शम्बूक वध जैसे आख्यानों को अपने 'मानस' में जगह नहीं देते, निषाद राज, शबरी, अहल्या इत्यादि प्रसंग उनकी ब्राह्मणेतर संवेदना की ओर भी संकेत करते हैं, पर उनमें द्विज-श्रेष्ठता और वर्ण-धर्म पर भी बल है। हिंदू धर्म में व्यवहृत रूप में कर्मकांडों एवं अनुष्ठानों का जखीरा है। हिन्दूधर्म वर्ण व्यवस्था के अनुपालन में उदार नहीं है। ऐसा लगता है कि वर्ण व्यवस्था ही हिंदू धर्म की जीवनशैली बन गई है। जब ऋ ग्वेद में "प्रज्ञानं ब्रह्म" यजुर्वेद में "अहं ब्रह्मास्मि", सामवेद में "तत्वमसि" तथा अथर्ववेद में "अयमात्मा ब्रह्म" महावाक्य सुशोभित है और यही बात उपनिषदों में विस्तार से बतलाई गई है तब फिर यह छूआछूत क्यों?

हम गंगा को माता मानते हैं, पर जितना गंदा हम माता को कर सकते हैं, हमने किया और आज भी कर रहे है। ऐतिहासिक हिन्दुत्व सुधार आंदोलनों और विद्रोहों से भी भरा पड़ा है। साफ है कि हिंदू धर्म में कुछ ऐसा था, जिसका सुधार होना था। जैन और बुद्ध पथ एक सुधार आंदोलन ही था। बुद्ध पथ कालांतर में स्वतंत्र धर्म बन गया। बुद्ध के 'धम्म' में हिंदू धर्म की तरह आस्था और कर्मकांडों पर बल नहीं है। बुद्ध के आविर्भाव के बाद से इस देश में संस्कृति की दो धाराएं बहने लगी हैं। बुद्ध धारा बृहत् मानवता की धारा है।

यह धारा वर्णाश्रम धर्म के विरुद्ध है, जात-पात को वह नहीं मानती है। छुआछूत को वह अधर्म समझती है, भारत का निर्यात-धर्म बौद्ध धर्म निकला। कोई आश्चर्य नहीं कि इस देश में धर्म के जो शक्तिशाली ठेकेदार थे, उन्होंने बौद्ध मत को खदेड़कर देश से बाहर निकाल दिया, किंतु बौद्ध मत हिंदुत्व के भीतर आज भी जीवित और सचेत है। लगता है वैदिक धर्म की जो बातें बुद्ध को नापसंद थीं। वे धर्म के तत्व नहीं, उसके ऊपर जमी हुई रूढ़ियों की पपड़ियां हैं और उन्हें तोड़कर झाड़े बिना भारतधर्म नवीन नहीं होगा।

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है? खैरियत यह है कि इतिहास ने उसे सुलझाकर हमारे लिए आसान कर दिया है। हिंदुत्व का नवीन और जाग्रत रूप अब वह है, जिसका आख्यान राममोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, गांधी तथा डॉ. आंबेडकर आदि तमाम समाज सुधारकों ने किया है।

मुस्लिम और ईसाई धर्मों में भी अंतर्विरोध है। 'कुरआन-ए-पाक' में काफिर को मिटा देने के भी निर्देश हैं और क्षमा, सदाशयता और सहअस्तित्व की हिदायत भी है। यहां जेहाद भी है और इसी से निःसृत सूफी-जीवन-बोध भी है। अर्थात् इसमें जेहाद, 'अक्ल' और 'अकीदा' दोनों के लिए जगह है। प्रेम और सेवा पर बल देने वाली 'बाइबिल' में भी विधर्मियों के प्रति असहिष्णुता है और संसार से लेकर नर्क तक कठोर दंड-विधान हैं। आधुनिक सभ्यता के निर्माण में ईसाई राष्ट्रों का अकूत योगदान है, लेकिन इन्हीं आधुनिक ईसाई राष्ट्रों ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया में जितना अत्याचार किया है वह मानवता के इतिहास में बेमिसाल है। इनका गुलाम-व्यापार, साम्राज्यवादी दोहन, जापान पर आणविक हमला और इराक की बर्बादी के लिए कौन जिम्मेदार है? इसके बावजूद, इसने शेक्सपियर, मिल्टन, शेली आदि जैसे क्रांतिचेता कवि और बेकन, रसेल जैसे समाजधर्मा दार्शनिक दिया और औद्योगिक क्रांति एवं लोकतंत्र की चेतना प्रदान की।

## सोशल फोरम

# जातिगत विद्वेष

हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है।

देश में जातिगत विद्वेष अपने चरम पर है। उच्च शिक्षित और सभी सुख सुविधा संपन्न होने के बावजूद भी पूर्वाग्रह से ग्रसित जातिगत श्रेष्ठता और निम्नता का भाव देश और समाज को दीमक की तरह निगल रहा है। हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है। जाति आपकी सूक्ष्म पहचान आवश्यक हो सकती है, लेकिन इसे विराट मानवीय परिपेक्ष्य के समक्ष महत्व देना स्वयं और देश को पीछे ले जाने के समान है। अच्छी सोच के लोग सभी जातियों में है और वे इन बेफिजूल की चीजों से ऊपर उठकर केवल अपनी उन्नति पर ध्यान दे रहे हैं और वे इस मकड़जाल से ऊपर उठ चुके हैं।



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

वास्तव में ऐसे लोग खुद को भी समृद्ध करते हैं और अपने सानिध्य वालों के भी मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। किसी जाति में पैदा होना न तो दोष है और न ही सौभाग्य है, बल्कि जाति में पैदा होकर मानवीय संवेदनाओं का रोपण न होना यही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

यहां सोशल मीडिया में भी हर जाति के ऐसे बहुत से वयोवृद्ध हैं, जिनके उन्नत विचार और जीवन के प्रति नजरिया हम युवा वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत है, जिनके विचारों को पढ़कर बहुत सुकून मिलता है और पता लगता है कि उन्होंने अपनी जिंदगी में जीवन मूल्य संबंधी मानदंडों को किस कदर आत्मसात किया है और एक सफल जीवन जिया है।

-फेसबुक वॉल से

# जीवन की विविधतापूर्ण शैली



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी।

कांवरिये हिन्दू हैं और कांवर यात्रा हिन्दुत्व का एक जीवंत प्रतीक। आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ रहा है। यात्रा पर पुष्पवर्षा आस्था विश्वास के इस अदम्य संकल्प को नमन है। हिन्दू जीवन की अनेक विविधतापूर्ण जीवनशैली को तर्क के आधार पर आकलित नहीं किया जा सकता है। इसे समझने के लिए एक अलग ही दृष्टि चाहिए। विज्ञान ने हमें तमाम भौतिक सुख सुविधाएं तो दी हैं, मगर हमारे अंतर्मन को संस्पर्श करने में अभी तक पूरी तरह समर्थ नहीं हो पाया है।

कई यूट्यूबरों को कांवरियों पर पुष्पवर्षा जनता के टैक्स की बर्बादी दिख रही है। वे इसके विरोध में लगातार प्रोपेगंडा चला रहे हैं। वामपंथी आस्था के इस ऊफान को अंधश्रद्धा/भक्ति का भोंड़ा प्रदर्शन मान रहे हैं। अब जो जनता टैक्स दे रही है वही जब पुष्पवर्षा को अपने पैसे का सदुपयोग मान रही है, जयकारा लगा रही है, हर्षित और उल्लसित हो रही है तो यह व्यय, अपव्यय कैसे हो गया? यह तो उन्हीं का दिया उन्हीं के लिए प्रयुक्त है। त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।

कांवर यात्रा को अनुचित ठहराने या उत्साह से देखने का अपना-अपना नजरिया है। हां कांवर यात्रा के चलते जनजीवन को होने वाली दिक्कतें एक मुद्दा अवश्य है, जिन्हें खुद भी मैंने करीब दो दशक पहले झेला था और व्यथित मन से बनारस के एक अखबार में एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक आज भी जेहन में है-कांवरियों का कहर, हर गली हर डगर। मगर तब दृष्टिकोण तनिक संकुचित था और मन पर अतिवादी वामवाद का प्रभाव था, मगर तब से कांवर यात्रा को व्यवस्थित और अनुशासित करने में सरकारों ने उत्तरोत्तर काफी प्रगति की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं इसकी बागडोर संभालते रहे हैं। खुद हेलीकॉप्टर से यात्रा का पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

इन बीते सालों में तेजी से बदलते परिप्रेक्ष्य से नजरिये में भी बदलाव आता गया है। तार्किकता का सवाल ही कहां उठता है जब एक हिन्दू बाहुल्य देश में हिन्दू और हिन्दुत्व को लेकर ही नए-नए विवाद हो रहे हैं और परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं। परिणाम स्वरुप सुषुप्त हिन्दू जागृत हो रहा है और अपनी अस्मिता को साबित करने लग गया है। हिन्दुओं की इस जागृत चेतना का ही अभिनंदन पुष्पवर्षा करके हो रहा है और इसका निहितार्थ भी स्पष्ट है। हिन्दुत्व का परचम लहराते रहो, अपनी अपरिमित शक्ति का बुलंद अहसास कराते रहो, साथ देते रहो हम तुम्हें फूल मालाओं से ऐसे ही अलंकृत करते रहेंगे।

ठीक है संविधान के अनुसार भारत एक सेक्यूलर राष्ट्र है, मगर क्या इसका ठेका सिर्फ एक वर्ग ने ही ले रखा है? यह हठात आरोपित सेक्युलरिज्म हमें अपनी जीवन पद्धति और आस्था विश्वास को कैसे डिगा सकता है? भारतीय जनता पार्टी ने भारतीयता के इस स्वरुप को भलीभांति समझ लिया है और उसके उत्थान में निरंतर सक्रिय है, जिन्हें कांवरयात्रा असभ्य और उजड्ड लोगों की कारस्तानी लगती है, उन्हें अपने सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। यह भारतीय सनातन के सातत्य प्रवाह का ही एक समयानुकूल पक्ष है। हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी। यह हमारी एकता और संगठन का आह्वान था। लंबी गुलामी के चलते हम बहुत कुछ विस्मृत कर चुके थे। उत्तिष्ठ जागृत का आह्वान अब फलीभूत हो चला है।

# बांग्लादेश और भारत की आरक्षण नीति

देश में जातीय क्षत्रपों की बहुतायत होने के कारण नित्य ही जाति आधारित आरक्षण की सीमा में वृद्धि हेतु धरने व आंदोलन आयोजित किए जाते हैं। दूसरी ओर अन्य देशों में आरक्षण जैसी व्यवस्था का खुलकर विरोध किया जाता है। बांग्लादेश इसका ताजा उदाहरण है, कहां स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिए जाने वाले तीस प्रतिशत आरक्षण की समाप्ति की मांग को लेकर लोग सड़कों पर आ गए तथा सरकार को उनके सम्मुख झुकना पड़ा। निःसंदेह अपनी योग्यता पर विश्वास न करके नित्य धर्म और जाति के नाम पर आरक्षण की मांग करने वालों को पड़ोसी बांग्लादेश से सबक सीखना चाहिए, कि वहां आरक्षण की समाप्ति के लिए भयंकर दंगे हुए तथा बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 30 प्रतिशत के घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दी, इसके अतिरिक्त केवल दो प्रतिशत आरक्षण अन्य विशिष्ट श्रेणी के लिए है जबकि 93 प्रतिशत सीटें अनारक्षित हैं। भारत में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 22.5 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत तथा कमजोर आय वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके आरक्षण 59.5 प्रतिशत दिया जा रहा है। विशाल जनसंख्या वाले देश में मात्र 40.5 प्रतिशत रोजगार व शिक्षा के साधन अनारक्षित हैं, फिर भी राजनीतिक दल एवं आरक्षण समर्थक सरकार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दवाब बनाने पर तुले रहते हैं। कभी क्षेत्रीय आधार पर और कभी जातीय आधार पर अतिरिक्त आरक्षण की मांग की जाती है, जिसे किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नही ठहराया जा सकता। बांग्लादेश में आरक्षण समाप्त करने के प्रभावी आंदोलन को देखकर लगता है कि यदि भारत में भी आरक्षण के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग सड़कों पर उतर आया, तब क्या होगा? मेरा मानना है कि वैश्विक परिवेश में भारतीय गुणवत्ता विकसित करने के लिए आरक्षण जैसी विकलांगता का बोध कराने वाली नीति की पुनर्समीक्षा करके देश में गुणवत्ता को बढ़ावा देकर आरक्षण जैसी कुरीति से मुक्त किया जाए।



सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# बैंकों की मजबूत होती व्यवस्था

हाल के एक अंग्रेजी पेपर की न्यूज के मुताबिक वित्त मंत्रालय ने दो बैंकों के निजीकरण के प्रस्ताव पर विराम लगा दिया है। चर्चा थी कि 2025 में दो बैंको का निजीकरण हो सकता है। इसके पीछे बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जिस तरह के लाभ वित्त वर्ष 2024 में बैंकों ने दर्शाए हैं उनसे स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण कोई विकल्प नहीं हो सकता।

राष्ट्रीयकृत बैंकों की सुदृढ़ स्थिति जनता में उसके विश्वास का प्रतीक है। बेहतर होती ग्राहक सेवा नए प्रोडक्ट्स और अच्छी मार्केटिंग से यह संभव हुआ है। एक समय वो भी था कि देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी ग्राहक सेवा के लिए बदनाम माना जाता था, लेकिन कुछ वर्षों में इस बैंक में काफी कुछ बदल गया हैं। नए सुंदर चमकदार शाखा परिसर, युवा प्रतिभाशाली काउंटर स्टाफ, जिनको विशेष ट्रेनिंग देकर कस्टमर फ्रेंडली बनाया गया है। जीरो कंप्लेंट शाखाएं ग्राहक सेवा को तत्पर स्टाफ ने इस बैंक की छवि बदल दी है। आज के एक अन्य वित्तीय अखबार में खबर है कि स्टेट बैंक ने अपनी ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाने एटीएम ब्लॉक करने, बैंक खाते की जानकारी देने, विभिन्न बैंक उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराने, एटीएम कार्ड, चेक बुक जारी करने तथा अन्य सेवाओं के लिए 12 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। स्टेट बैंक जिसने देश में सबसे ज्यादा लाभ अर्जित कर अपनी बादशाहत कायम की है। अब ग्राहक सेवा में भी अपने को अग्रणी बनाने में लगा है। आशा है अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक भी जिसका अनुसरण कर राष्ट्र का गौरव और देश के नवरत्न कहलाने में पीछे नहीं रहेंगे।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# विधायकों के क्षेत्र के विकास को बनाई जाएगी नई कार्ययोजना

## मुख्यमंत्री ने मंडलवार समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए नई कार्ययोजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंडलवार समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों को लेकर समीक्षा बैठक पूरी कर ली।

लगभग 20 दिन तक चली मंडलवार बैठकों में सांसदों और विधायकों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं गिनाईं और शिकायतों का निस्तारण न होने का दर्द बयां किया। मुख्यमंत्री ने सबकी बातों को सुनने के बाद आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जीत का मंत्र भी दिया।

मुख्यमत्री ने क्षेत्रवार नई कार्ययोजना बनाने को कहा है, ताकि समयबद्ध तरीके से क्षेत्र का विकास किया जा सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाने को कहा है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री ने सात जुलाई को देवीपाटन और अयोध्या मंडल से मंडलवार समीक्षा बैठक शुरू की थी, जो शुक्रवार को लखनऊ मंडल की समीक्षा बैठक साथ समाप्त हुई। मुख्यमंत्री ने कहा है कि विपक्ष की ओर से सोशल मीडिया के जरिए फैलाए जा रहे अफवाहों और सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने के प्रयास का मुखर होकर विरोध करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए विपक्ष के हर झूठ को बेनकाब करें और जनता के बीच सच लेकर जाएं।



शुक्रवार को सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के सांसद और विधायकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● अमृत विचार

### लखनऊ मंडल की बैठक से ब्रजेश पाठक रहे नदारद

मंडलवार बैठक कार्यक्रम के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ने सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के सांसदों-विधायकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने विधायकों से लोकसभा चुनाव के नतीजों, विधायकों की समस्याओं आदि पर चर्चा की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद नहीं थे। पाठक के बैठक में न रहने को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रहीं।

# निलंबित होमगार्ड कमांडेंट मनीष दूबे को मिली राहत

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के साथ प्रेम-प्रसंग के आरोपों में घिरने के बाद शासन द्वारा नवंबर 2023 में निलंबित हुए होमगार्ड कमांडेंट मनीष दूबे को बड़ी राहत देते हुए उनके निलंबन पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकल पीठ ने इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने एसीएस होमगार्ड और डीजी होमगार्ड से पूछा कि मनीष दूबे को क्यों निलंबित किया गया। संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर कोर्ट में इस विषय में जानकारी दाखिल करनी होगी। मामले की सुनवाई 3 हफ्तों बाद फिर से होगी। जुलाई 2023 में आलोक मौर्य ने अपनी पीसीएस अधिकारी पत्नी ज्योति मौर्य और गाजियाबाद के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दूबे के खिलाफ कई संगीन आरोप लगाये थे। डीजी होमगार्ड के निर्देश पर डीआईजी ने जांच की, जिसमें मनीष दूबे पर लगे आरोप सही पाए गए, इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया।



# सच्चाई जानने के लिए ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे एडीजी

**ट्रकों से वसूली का मामला**

● जिस ट्रक पर बैठे थे उससे भी हुई 500 की वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बलिया के उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर पार होने वाले ट्रकों से अवैध वसूली की सच्चाई जानने के लिए एडीजी पीयूष मोर्डिया ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे। कार्रवाई के लिए बाकायदा रेकी की गई थी। इस भंडाफोड़ से पहले बुधवार की रात पीयूष मोर्डिया और आजमगढ़ के डीआईजी रेंज वैभव कृष्ण 22 पुलिस कर्मियों की पांच टीम के साथ एक घंटे रेकी करते हुए बलिया के भरौही तिराहा से बक्सर की ओर गए थे।

सादे कपड़ों में ही पुलिस टीम बक्सर की ओर से वापस भरौली तिराहा पहुंची थी। रात दो बजे भरौली तिराहे पर अवैध वसूली करते हुए पहला सिपाही पकड़ा गया। उसके बाद एक-एक कर 16 दलाल और एक अन्य सिपाही गिरफ्त में आए। बुधवार की रात एडीजी पुलिस की दो टीम, तो डीआईजी आजमगढ़ पुलिस की तीन टीम लेकर निकले थे। तय किया गया था कि अवैध वसूली करने वालों को रंगेहाथ पकड़ा जाएगा। बक्सर की ओर से वापस आते समय रात दो बजे पुलिस टीमें फिर भरौली तिराहा पहुंची। पुलिस टीम ने देखा कि एक सिपाही बक्सर की ओर से आ रहे बालू लदे ट्रकों से पैसा वसूल रहा था, तो उसे पकड़ लिया गया। डीआईजी रेंज ने बताया कि भरौली तिराहा पर पकड़े गए सिपाही ने पुलिस को बताया कि जो वाहन गाजीपुर की ओर जाते हैं, उनसे नरही थाने की पुलिस कोरंटाडीह चौकी पर अवैध वसूली करती है। इस जानकारी पर, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर एक ट्रक में भरौली तिराहा से सवार हुए। पांच किलोमीटर चलने के बाद कोरंटाडीह चौकी के सामने सादे कपड़ों में दो लोग ट्रकों से वसूली करते दिखे। उनका ट्रक भी पहुंचा तो उसे रुकवा कर 500 रुपये की मांग की गई। इस पर वह, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर ने ट्रक से कूद कर एक सिपाही को पकड़ लिया। इसके बाद अन्य पुलिस कर्मी और दलालों को पकड़ा गया। खास बात यह है कि जिले के एसपी और एएसपी को उक्त प्रकरण की जानकारी सुबह हो पाई।

## सार-संक्षेप

### नीट एमडीएस की दितीय चक्र की काउंसलिंग 30 से

**लखनऊ, अमृत विचार :** नीट एमडीएस की दूसरे चरण की काउंसिलिंग 30 जुलाई से पंजीकरण के साथ शुरू होगी। पहले चरण की काउंसिलिंग में होने वाले दाखिलों के बाद सरकारी व प्राइवेट डेंटल कॉलेजों में रिक्त सीटों के लिए काउंसलिंग होगी, इसमें तीन अगस्त को अभ्यर्थियों को कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी, सात अगस्त को सीट आवंटन के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा समय सारिणी वेबसाइटपर जारी कर दी गई है। मालूम हो कि शैक्षणिक सत्र एक अगस्त से प्रारंभ हो रहा है।

### सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की मांग

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. राष्ट्रीय चीनी मिल अधिकारी परिषद ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह, उपाध्यक्ष सुधीर सोनकर और महासचिव कैलाश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अधीन संचालित उप्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमटेड व सहकारी क्षेत्र की संघ से संबद्ध 24 सहकारी चीनी मिलें संचालित हैं। जिसके माध्यम से प्रदेश के लगभग 6 लाख गन्ना कृषक परिवारों एवं संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों के परिवारों का भरण-पोषण होता है। जिसका उदाहरण है कि वर्ष 2019-20 व 2020-21 में प्रदेश में करोना महामारी के दौरान मात्र चीनी उद्योग संचालित हुआ था। लॉक डाउन के दौरान सहकारी चीनी मिलों के संचालन में कर्मचारियों व अधिकारियों का योगदान रहा था।

### विधायक बेदीराम व विपुल सहित 18 पर आरोप तय

**विधि संवाददाता, लखनऊ, अमृत विचार :** रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए दो अलग अलग मामलों में मौजूदा विधायक बेदी राम एवं विपुल दुबे सहित 18आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने आरोप तय कर दिया है। दोनों मामलों में अभियोजन साक्ष्य पेश करने के लिए आगामी 7 अगस्त की तिथि तय की है। जबकि एक अन्य आरोपी कृष्ण कुमार यादव की मृत्यु हो जाने कारण उसके विरुद्ध चल रही कार्यवाही को समाप्त कर दिया गया है। पत्रावली के अनुसार ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर18 आरोपियों के ख़िलाफ़ दो अलग अलग मामलों में कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पहला मामला धोखाधड़ी एवं उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित संसाधनों के निवारण अधिनियम से संबंधित है जबकि दूसरा मामला पुलिस की ओर से गिरोह बंद अधिनियम का है। आरोपियों की ओर से दोनों ही मामलों में आरोप मुक्त किए जाने की अर्जी अदालत में दी गई जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है।अदालत में दोनों उन्मोचन प्रार्थना पत्रों का विरोध गिरोह बन्द अधिनियम की पैरवी कर रहे एसपीओ अल्तमस अहमद ने किया था। इसके बाद दोनों मामलों के आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय करते हुए अदालत ने गवाही के लिए 7 अगस्त की तिथि नियत की है।

### राजेश मीणा बने सचिव गृह

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने सचिव स्तर पर आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें आईएएस श्रीनिवास गुर्राला को लोक निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है, जबकि आईएएस राजेश मीणा को गृह सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही आईएएस मयूर माहेश्वरी को लघु उद्योग निगम का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। माना जा रहा है कि अब आईएएस अधिकारियों के तबादलों पर थोड़ी लगाम लग जाएगी। सरकार ने जरूरी ट्रांसफर का काम पूरा कर लिया है।

### पूर्व विधायक इंदल रावत को भेजा जेल

**लखनऊ, विधि संवाददाता, अमृत विचार :** पूर्व विधायक एवं कांग्रेसी नेता इंदल रावत को धोखाधड़ी एवं ढाई करोड़ की ठगी के एक मामले में एमपी/ एमएलए कोर्ट के प्रभारी विशेष एसीजेएम पीयूष त्रिपाठी ने आगामी 7 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने का आदेश दिया है।अभियुक्त के विरुद्ध आरोप है कि उसने राज इंफ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश पांडे के पक्ष फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री कराने एवं दो करोड़ 52 लाख रुपए हड़प लिए।

# योगी आदित्य नाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री दिल्ली पहुंचे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गये। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की शासी निकाय की बैठक में शामिल होंगे। तीनों नेताओं के दिल्ली में एक साथ रहने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी रही।

सूत्रों के अनुसार नीति आयोग की शनिवार व रविवार की बैठकों में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विकास को लेकर रोड मैप पेश करेंगे। बैठक के बाद तीनों नेताओं के प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात किये जाने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होने के आसार हैं। तीनों नेताओं के दिल्ली जाने को लेकर शुक्रवार को तमाम तरह की चर्चाएं होती रहीं।

केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली के पहले रवाना हुए, बाद में दोनों नेता अलग-अलग दिल्ली पहुंचे। मालूम हो कि मुख्यमंत्री की मंडलवार समीक्षा बैठक में केशव प्रसाद मौर्य शामिल नहीं हुए थे, इसको लेकर भी चर्चाएं जारी रहीं। शुक्रवार की समीक्षा बैठक में ब्रजेश पाठक भी उपस्थित नहीं रहे।

# एलडीए निर्माण विकास व अर्जित आय में प्रदेश में प्रथम

**लखनऊ, अमृत विचार :** आवास विकास मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित विभिन्न प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग नितिन रमेश गोकर्ण ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र जारी किया है। एलडीए को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 'निर्माण एवं विकास व अर्जित आय' के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रदेश में पहला स्थान मिला है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय के लिए 1317.04 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष एलडीए ने रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 1709.15 करोड़ रुपये की आय अर्जित की।

# केशव प्रसाद बन गए दिल्ली के पासवर्ड : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को दिल्ली का मोहरा बताते हुए कहा कि ' वह दिल्ली के वाईफाई के पासवर्ड बन गए हैं'। मानसून ऑफर विंटर तक डिस्काउंट के साथ चलाना पड़ेगा। साथ ही कहा कि, प्रदेश में व्यापक स्तर पर भ्रस्टाचार व्याप्त है, पुष्टि भाजपा के विधायक ही करते हैं।

सपा मुख्यालय में शुक्रवार को अखिलेश यादव संविधान-मानस्तंभ स्थापना के अवसर पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधान सांसद के क्षेत्र में पुलिस वसूली करती पकड़ी गई,हमने तो ये भी देखा कि पुलिस खुद रेट तय कर रही है कि टांग पर गोली मारने पर कितना रुपया मिलेगा। गोली न चलने पर पुलिस अपने से ही ठांय-ठांय बोल दिया, वीडियो वायरल हुआ था। राजधानी में अकबरनगर पर बुलडोजर चलने के सवाल पर उन्होंने कहा, अब भाजपा वाले नाले को रिवर फ्रंट बना रहे है, नाले के पानी को कहां ले जाएंगे।

जो रिवर फ्रंट सपा सरकार में बना है उसके पानी को चैनलाइज किया,जिसकी वजह से कोई गंदा पानी नही आ पायेगा, ये गंगा एक्शन प्लान के तहत काम हुआ था। लेकिन भाजपा के लोग नही समझ सकते, इनसे जब इत्र की बात करो तो ये लोग गोबर की बात करने लगते है। तंज कसते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि इन लोगों ने एक किलोमीटर में एक लाख पेड़ लगा दिए, लगता है कि झाड़ लगा दिए ।

### बागी विधायकों की सदस्यता जाएगी



अखिलेश यादव ने कहा कि इन विधायकों की सदस्यता खत्म करने के लिए विधानसभा में लिखकर देंगे, हमको न्याय विधानसभा से मिलेगा, राज्यसभा चुनाव मे तो जो हुआ कैमरे पर हुआ है। हमारी विधानसभा हमको न्याय देगी। साथ ही पल्लवी पटेल की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के विषय में कहा कि मुख्यमंत्री से कोई भी मिल सकता है। लेकिन उनकी सदस्यता कौन बचा सकता है, हम ही बचाएंगे, आधी आबादी है हम उन्हें बचा लेंगे।

# इंजीनियरिंग कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग के साथ एनबीए की मान्यता भी कराई जाए : सहस्त्रबुद्धे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल (नैक) की कार्यकारी परिषद और नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने कहा है कि देश के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग के साथ एनबीए की मान्यता भी कराई जाए। ताकि इसकी मदद से छात्रों को विदेशों में भी आसानी से पढ़ाई और रोजगार के अवसर मिल सकें।

नैक चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि विदेशी मान्यता वाशिंगटन एकॉर्ड के तहत यदि भारतीय छात्र नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन (एनबीए) से मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग संस्थान में स्नातक की शिक्षा पूरी कर उच्च शिक्षा अथवा रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता है तो उसे आसानी होगी। इसलिए संस्थानों को डरने की जरूरत नहीं है। सभी संस्थान अपना मूल्यांकन कराएं, इसके बाद संस्थान एक्रिडिएटेड की श्रेणी में आ जाएगा। इससे छात्रों को विदेश में जाकर अध्ययन और रोजगार पाने में मदद मिलेगी।

● छात्रों को विदेशों में आसानी से पढ़ाई और रोजगार के अवसर मिल सकेंगे

**मेडिकल - एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के लिए इंटर्नशिप रहेगी कारगर :** नैक चेयरमैन ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मेडिकल-एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी छात्रों को डिग्रियां और शोधपत्र तो जारी कर देती है लेकिन अभ्यास के रूप में उनके हाथ कुछ नहीं लगता।

इंटर्नशिप योजना युवाओं को हुनरमंद और रोजगार के अवसर देगी। इससे सैकड़ों छात्र लाभान्वित हो सकेंगे।

### लाइफलॉग लर्निंग के लिए बने वेल्यूबेस्ड सिस्टम



प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि लाइफलॉग लर्निंग के लिए वेल्यूबेस्ड सिस्टम बनाए जाएं। ताकि नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र आधुनिक सुविधाओं के आधार पर अध्ययन पूरा कर सकें। मेंटरशिप प्रोग्राम (प्रिलिम्स) की मदद से डेली शेड्यूल के साथ सामान्य अध्ययन की तैयारी के लिए भी कहा गया है।

# आजम खान के सरकारी सफाई मशीनों को गायब करने के मामले में सरकार से जवाब-तलब

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी सफाई मशीनों के गायब होने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और अन्य की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए इस संबंध में राज्य सरकार को 10 दिनों के अंदर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

उसके बाद याची को एक हफ्ते के अंदर प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दिया है। वर्तमान याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 12 अगस्त को सुनिश्चित की गई है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान (निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 19 सितंबर 2022 को पुलिस स्टेशन कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी,जिसमें शिकायतकर्ता/सामाजिक कार्यकर्ता वाकर अली खान ने आरोप लगाया था कि सपा शासन काल के दौरान रामपुर में सफाई व्यवस्था हेतु सरकारी पैसे से नगर पालिका में सरकारी सफाई मशीनें खरीदी गईं थीं, लेकिन उन मशीनों को आजम खान और उनके बेटे ने नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अजहर खान के साथ मिलीभगत करके जौहर विश्वविद्यालय में लगवा लिया। जब नई सरकार में इन मशीनों की खोजबीन हुई तो कुलपति ने विश्वविद्यालय से मशीनें गायब करवा दीं।

## वर्ग पहेली-143

**बाएं से दाएं**

4.1. यथेष्ट सम्मान, उचित आदर, सत्कार 2. प्रतिष्ठा, ख़ातिर।
5.1. 'तत' का समासगत रूप 2. वह।
6. पतीला, बटलोई।
7. सप्ताह का छठवां दिन, सप्ताह के सात दिनों का एक नाम।
9.1. आंख, नेत्र 2. जल 3. आम-फल, आम-वृक्ष 4. माता।

**ऊपर से नीचे**

1. कलम बनाने एवं तराशने का चाकू।
2. हिमायती।
3. जिसने कुछ खाया-पिया न हो।
6.1. देने वाला, दाता 2. दूसरों को देने की प्रवृत्तिवाला
3. बेचने वाला।
8. नीम का पेड़।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 5 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 |
| ■ | ■ | | ■ | 9 | |

## वर्ग पहेली -142 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | ■ | ■ | 2 अ | ल | ख |
| 3 प | ख़ | ■ | श | ■ | ■ |
| ना | ■ | 4 सु | र | मा | ■ |
| ■ | 5 पू | ष | ण | ■ | 6 खु |
| 7 भू | ■ | 8 मा | श | ■ | रा |
| प | ■ | ■ | 9 र | सा | ई |
| ■ | 10 वि | गु | ण | ■ | ■ |

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 5 | | 9 | | | | 6 |
| | | | 5 | | | 8 | | 4 |
| | | 1 | | 7 | 2 | | 9 | |
| | | | 6 | | 4 | | 8 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 5 |
| | 9 | | 7 | | 1 | | | |
| | 4 | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | 8 | | | 9 | | | |
| 3 | | | | 4 | | 2 | 7 | |

## सुडोकू -55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- सप्तमी 21.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग

बु. 5, के. 6, शु. सू. 4, 3, मं. 2 गु., 7, 1, 10, चं. 12 रा., 8, 9, 11 श.

**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 13.00 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए थोड़ी कठिन रहने वाली है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी ज्यादा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर लापरवाही न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए।

**वृष:** आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कई कार्यों को साधने की कोशिश कर सकते हैं। शरीर आरोग्यवान और मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन:** आज पेट में कुछ समस्या हो सकती है। किसी बात को लेकर बहस की स्थिति बन सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। अनावश्यक बातों में ज्यादा ध्यान न दें। मनमाना व्यवहार करने से बचें। आपको अत्यधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

**कर्क:** आज नई वाहन की खरीदारी का विचार बनाएंगे। व्यवसाय में बदलाव के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। युवाओं को नई जॉब मिल सकती है। कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नई योजनाओं पर धन निवेश कर सकते हैं।

**सिंह:** आज विरोधियों से आपको सावधान हो जाना चाहिए। जीवन के नए अनुभव प्राप्त होंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। कारोबार को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं। अति आवश्यक कार्यों को सुबह शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लें।

**कन्या:** आज नजदीकी मित्रों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। मित्रों के साथ खटास हो सकती है। अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। अति आत्मविश्वास के कारण लोगों के निशाने में आ सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति आपकी रुचि कम हो सकती है।

**तुला:** आज नौकरी में वेतन बढ़ने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। आप काफी सकारात्मक रहेंगे। परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से राहत मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज अपनी गलतियों में सुधार करने का प्रयास करें। प्रेमी जन से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। दिनचर्या में नई आदतों को शामिल न करें।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी। परिवार का साथ और सहयोग प्राप्त होगा। प्रेमी संबंधों में परेशानी होने की संभावना है। यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो अतिरिक्त धन लेकर निकलें। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**मकर:** आज विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर परेशान रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत होगी। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। बजट को ध्यान में रखकर ही व्यवसाय में बड़ा निवेश करें।

**कुंभ:** आज दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार होगा। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कारोबार में आपको अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है। जिन विषयों के बारे में आपके पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है उसको लेकर कोई दावा न करें।

**मीन:** आज आपको मानसिक संतोष प्रदान करेगा। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी,लेकिन इससे मिलने वाला परिणाम सकारात्मक होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राम बलराम — सुबह : 11.12
इलाका — शाम : 06.16

&pictures
मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे — सुबह : 11.27
टीबीए — रात : 08.00

SONY PIX
65 — सुबह : 10.48
वंडर वुमैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
शादी में जरूर आना — सुबह : 10.53
भोला — रात : 08.00

colors CINEPLEX
कुछ कुछ होता है — दोपहर : 12.00
हनु-मान — रात : 07.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2075, राज श्री 14390, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7470, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 7700, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8400, डबरा 9800-11700, सच्चा हीरा 11900, मोटा हीरा 13800, अरहर गोला मोटा 15300, अरहर पटका मोटा 16000, अरहर कोरा मोटा 16300, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17000 । चीनी - डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 70750 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 69750 |
| सिल्वर ( पक्की) | 836 (अनुमानित) |

# सेंसेक्स 1,293 अंक उछला, निफ्टी का रिकॉर्ड

## पांच दिन की जारी गिरावट के बाद बाजार संभला, शेयरों की लिवाली से लौटी रौनक

नई दिल्ली, एजेंसी



- निफ्टी भी 24,834 अंक के नए शिखर पर पहुंचा

**आईटी औ धातु के शेयरों से मिली गति**

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि आईटी और धातु शेयरों के प्रदर्शन से बाजार को गति मिली। वायदा एवं विकल्प खंड में अगले महीने का कारोबार शुरू होने से भी बाजार चढ़ा। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयरों में भी स्थिति मजबूत रही। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 728.07 अंक यानी 0.90% तथा निफ्टी 303.95 अंक यानी 1.23% की बढ़त के साथ बंद हुआ।

शेयर बाजारों में पांच दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,293 अंक का उछाल दर्ज किया गया। तेजी के बीच एनएसई की निफ्टी भी 24,834 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई के संसेक्स 1,292.92 अंक यानी 1.62% उछलकर 81,332.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,387.38 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी भी 428.75 अंक यानी 1.76% चढ़कर 24,834.85 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 47 लाभ में जबकि तीन नुकसान में रहे। पांच सत्रों में सेंसेक्स 1,303.66 अंक यानी 1.60% अंक टूट गया था। वहीं निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.59% नीचे आया था। नेस्ले को छोड़कर सभी शेयर लाभ में रहे। भारती एयरटेल सबसे ज्यादा 4.51% लाभ में रहा।

अदाणी पोर्ट्स, सन फार्मा, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं नुकसान में रहने वाली एकमात्र कंपनी नेस्ले में 0.07% की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अगले महीने के लिए वायदा एवं विकल्प कारोबार की शुरुआत के साथ घरेलू बाजार में तेजी आई और बाजार बजट को लेकर आई गिरावट से बाहर आ गया। तेजी का कारण अमेरिका में जीडीपी आंकड़ा उम्मीद से बेहतर रहना है। यह वैश्विक मांग के लिहाज से अच्छा है। नायर ने कहा कि निवेशक गिरावट पर खरीद की रणनीति अपना रहे हैं। साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम और शेयर केंद्रित रुख पर ध्यान है। धातु और प्रमुख आईटी कंपनियों एवं मझोली कंपनियों में लाभ देखा गया।

## डिजिटल भुगतान इस साल मार्च तक 12.6% बढ़ा : आरबीआई

**मुंबई।** देश भर में डिजिटल भुगतान में 31 मार्च 2024 तक 12.6% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। ऑनलाइन लेनदेन को अपनाने को मापने वाला आरबीआई सूचकांक में यह कहा गया। सूचकांक मार्च 2024 के अंत में 445.5 पर रहा, जबकि सितंबर 2023 में यह 418.77 और मार्च 2023 में 395.57 पर था।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि आरबीआई का डीपीआई सूचकांक सभी मापदंडों पर बढ़ा है। इसका कारण भुगतान प्रदर्शन तथा भुगतान बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ने देश भर में डिजिटल भुगतानों की सीमा का पता लगाने के लिए एक समग्र भारतीय रिजर्व बैंक-डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) तैयार करने की घोषणा की थी।

# पेटीएम का निवेश प्रस्ताव अभी सरकार के विचाराधीन : सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीन से जुड़े निवेशों पर निगरानी समिति ने पेटीएम के निवेश के प्रस्ताव को नहीं दी है मंजूरी

वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी ने शुक्रवार को कहा कि चीन से जुड़े निवेशों की निगरानी करने वाली अंतर-मंत्रालयी समिति ने अभी तक पेटीएम की भुगतान एग्रीगेटर इकाई में उसके निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। जोशी ने कहा कि पेटीएम का यह निवेश प्रस्ताव अभी भी अंतर-मंत्रालयी समिति के पास विचाराधीन है और जल्द फैसला होने की उम्मीद है।

पेटीएम ने अपनी पूर्ण अनुषंगी इकाई पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में 50 करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव रखा है लेकिन इसके लिए सरकार की पूर्व-मंजूरी लेनी जरूरी है। दरअसल पेटीएम की मूल इकाई वन97 कम्युनिकेशंस लि. (ओसीएल) में चीन से निवेश आया है। इस वजह से विदेश, गृह, वित्त एवं उद्योग मंत्रालयों के अधिकारियों की समिति इस पर गौर कर रही है कि ओसीएल का पीपीएसएल में निवेश प्रस्ताव एफडीआई निर्देशों के अनुरूप है या नहीं।

जोशी ने कहा कि अंतर-मंत्रालयी पैनल से निवेश प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद पेटीएम भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस पाने के लिए रिजर्व बैंक से संपर्क कर सकता है। रिजर्व बैंक उसके प्रस्ताव की जांच करने के बाद लाइसेंस देने पर फैसला करेगा। पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लि. ने नवंबर, 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए रिजर्व बैंक के पास लाइसेंस की अर्जी लगाई थी। लेकिन केंद्रीय बैंक ने नवंबर, 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया था।

# देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ रहा : पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बरौनी, पानीपत और गुजरात रिफाइनी की क्षमता में किया गया विस्तार

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की अभूतपूर्व यात्रा को गति देने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

सिंह ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि बरौनी रिफाइनी की क्षमता को 6 से बढ़ाकर 9 एमएमटीपीए और पानीपत की क्षमता को 15 से बढ़ाकर 25 तथा गुजरात की क्षमता को 13.7 से 18 एमएमटीपीए के विस्तार के साथ सैकड़ों टन वजन वाले बड़े आयामों वाले जटिल उपकरणों की स्थापना हमारी ऊर्जा क्षेत्र की संस्थाओं के लिए एक नियमित विशेषता बन गई है। इन महत्वपूर्ण विस्तारों के साथ इंडियन ऑयल भविष्य में अपनी कच्चे तेल की प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाने और भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। एक अन्य पोस्ट में पुरी ने कहा कि चक्रीय भाप उत्तेजना प्रौद्योगिकी के सफल प्रेरण के साथ ऑयल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान की सबसे पुरानी तलछटी चट्टान जोधपुर सैंडस्टोन से भारी कच्चे तेल के उत्खनन में सफलता का दावा किया है।

# सोने में 5,000 की गिरावट, खुदरा निवेशकों में खुशी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार के सोने पर मूल सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में सात प्रतिशत या 5,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तीव्र गिरावट आई है। कम लागत से अधिक लोग जिंस और वित्तीय परिसंपत्ति दोनों के रूप में सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे।

एलकेपी सिक्योरिटीज में जिंस एवं मुद्रा के शोध विश्लेषक उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा कि सीमा शुल्क में कटौती से पीली धातु सस्ती हुई है। हालांकि, अचानक हुए बदलाव से बाजार की धारणा कमजोर हो सकती है, लेकिन खुदरा निवेशकों को सोने की नई कीमतों से लाभ होगा। यूनिमोनी फाइनेंशियल



- सीमा शुल्क में कटौती के बाद स्थानीय बाजारों में कीमतों में आई 7% कमी

सर्विसेज के निदेशक एवं सीईओ कृष्णन आर. ने कहा कि कम लागत से अधिक लोग सोने में निवेश करने को प्रोत्साहित होंगे एक वस्तु के रूप में और एक वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में, जिसे अक्सर मुद्रास्फीति तथा मुद्रा अवमूल्यन से निपटने के लिए बचाव के रूप में देखा जाता है। बजट में सोने तथा चांदी पर मूल सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत करने की घोषणा के बाद सोने की कीमत गिरावट आई है।

**स्वर्ण उद्योग ने की एक राष्ट्र-एक दर की मांग**

**कोलकाता।** स्वर्ण आभूषण उद्योग एक राष्ट्र, एक दर नीति की वकालत कर रहा है, जिसकी शुरुआत अगस्त से पूर्वी भारत के लिए समान दर लागू करने के साथ होगी। स्वर्ण शिल्प बचाओ समिति के अध्यक्ष समर कुमार डे ने कहा कि सभी हितधारकों ने देश भर में एक समान सोने की दर के विचार में रुचि दिखाई है। हम अगस्त से बंगाल और पूर्वी भारत के लिए एकल दर की शुरुआत करेंगे। इस पहल में हमने सर्राफा विक्रेताओं को भी शामिल कर लिया है।

## 4 अरब डॉलर बढ़कर विदेशी मुद्रा भंडार हुआ 670.86 अरब डॉलर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 4 अरब डॉलर बढ़कर 670.86 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार 9.69 अरब डॉलर बढ़कर 666.85 अरब डॉलर गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.58 अरब डॉलर बढ़कर 588.05 अरब डॉलर हो गईं।



## एक नजर

### भुवनेश्वर के पास मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के दो डिब्बे शुक्रवार को पटरी से उतर गए। पूर्वी तटीय रेलवे (ईसीओआर) के सूत्रों ने आज यह जानकारी दी। ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) तथा क्रेन बहाली कार्य करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। ईसीओआर सूत्रों ने कहा कि चूंकि मध्य लाइन और अप लाइन पर कोई असर नहीं पड़ा है, इसलिए कोच ट्रेन का आवागमन प्रभावित नहीं होगा।

### कार से घायल मजदूर को झाड़ियों में फेंका, मौत

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र में सूरतगढ़-श्रीगंगानगर एनएच 62 पर कार की टक्कर से घायल मजदूर को उसमें सवार लोग अस्पताल में भर्ती कराने की बजाय झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चक के 9 निवासी बिट्टूसिंह गुरुवार को सूरतगढ़ में मजदूरी करने के बाद रात आठ बजे पैदल गांव जा रहा था। श्रीगंगानगर एनएच 62 पर घग्गर पुल के पास कार ने टक्कर मार दी और बिट्टू को 60 फुट तक घसीटता ले गया। पीछे आ रहे वाहन के चालक ने ओवरटेक कर कार को रुकवाया। लोगों के कहने पर पंजाब नंबर वाली कार में सवार दोनों लोगों ने घायल को गाड़ी में डाला। घायल को वे अस्पताल के बजाय गांव की लिंक रोड पर झाड़ियों के पास फेंक कर भाग गए।

### दुष्कर्म के आरोपियों को बीस वर्ष का कारावास

**झुंझुनू।** राजस्थान में झुंझुनू के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) न्यायालय ने बालिका से दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को शुक्रवार को 20-20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने संदीप कुमार और बहादुर को बालिका से दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुये उन पर 65 और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। मामले के अनुसार 2020 में सिंघाना थाना क्षेत्र में दोनों आरोपी बालिका को वाहन से जयपुर ले गये। विरोध पर उन्होंने बालिका और उसके परिजनों को मारने की धमकी दी। वहां से लौटकर वे बालिका को बहादुर के गांव चारावास ले गये जहां एक विद्यालय में बालिका को डेढ़ महीने तक बंधक बनाये रखा। वहां से उसे अहमदाबाद ले गये। अहमदाबाद से जयपुर लौटने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर जवाब-तलब

## सुप्रीम कोर्ट ने केरल और प. बंगाल के राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने में कथित देरी का आरोप लगाने वाली दोनों राज्य सरकारों की याचिकाओं पर राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने उन्हें तीन सप्ताह में विस्तृत जवाब देने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को दोनों राज्य सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर विचार करने का फैसला करते हुए यह आदेश पारित



- पीठ ने दोनों सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद पर विचार करने का लिया फैसला

किया। पीठ ने केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों के अधिवक्ता केके वेणुगोपाल और एएम सिंघवी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद कहा कि तीन सप्ताह में जवाब दाखिल किया जाए और राज्यों की ओर से एक संयुक्त नोट भी पेश किया जाए। वेणुगोपाल ने कहा कि अदालत को इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश निर्धारित करने की आवश्यकता है कि राज्यपाल कब विधेयकों को वापस राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं।

उन्होंने दलील दी कि राज्यपाल को यह बताना चाहिए कि वे कब विधेयकों को मंजूरी देने से इनकार और कब राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। विभिन्न राज्यपालों में इस बात का भ्रम है कि विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में उनकी क्या शक्तियां हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केरल में मामले में 8 विधेयकों में से दो को 23 महीने तक लंबित रखा गया। एक को 15 महीने, दूसरे को 13 महीने और अन्य को 10 महीने तक लंबित रखा। पश्चिम बंगाल सरकार के वकील सिंघवी ने दलील दी कि जब भी अदालत मामले की सुनवाई करता है, तो कुछ विधेयकों को मंजूरी दे दी जाती है। तमिलनाडु मामले में भी यही हुआ। याचिका में सरकार ने केरल के राज्यपाल द्वारा भेजे 7 विधेयकों में से चार पर राष्ट्रपति की मंजूरी रोकने की कार्रवाई या पुनर्विचार को चुनौती दी है।

**सरकारों को ये हैं आरोप**

केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों ने कई विधेयकों को महीनों तक लंबित रखने, या तो उन्हें मंजूरी देने से इनकार करने या राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखने के दोनों राज्यपालों के फैसले को चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

# संविधान हत्या दिवस घोषित करने के मामले में हस्तक्षेप से लखनऊ खंडपीठ का इनकार

लखनऊ, विधि संवाददाता

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने संविधान हत्या दिवस की जारी अधिसूचना के मामले में हस्तक्षेप से इनकार कर इसे रद कर दिया। कोर्ट ने याचिका पर कहा कि यह सरकार का विषय है कि वह 25 जून 1975 को लगाए आपातकाल में हुई ज्यादतियों के सम्बंध में किस प्रकार की घोषणा करती है। हम राजनीतिक जटिलताओं में नहीं पड़ सकते।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ ने पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की याचिका दिया। याचिका में संविधान हत्या दिवस शब्द का प्रयोग अविधिक बताया गया था। कहा गया कि हत्या या मृत्यु होने पर अस्तित्व समाप्त हो जाता है। सरकार हत्या दिवस के स्थान पर सकारात्मक शब्द का प्रयोग कर सकती थी। यह भी दलील दी कि आपात काल लागू कर तत्कालीन सरकार ने अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया था लेकिन यदि संविधान की हत्या हो गई होती तो जनता अगले चुनाव में तत्कालीन सरकार को उखाड़ न फेंकती। न्यायालय ने बहस सुनने के उपरांत पारित आदेश में कहा कि हम इस प्रकार की अधिसूचना जारी करने के सम्बंध में सरकार की सोच पर सवाल नहीं उठा सकते हैं।

**केंद्र की अधिसूचना संविधान का नहीं करती उल्लंघन**



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को रद कर दी। याचिकाकर्ता ने कहा था कि यह निर्णय न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि अपमानजनक भी है, क्योंकि इसमें संविधान, जो जीवंत दस्तावेज है, उसके साथ हत्या शब्द का प्रयोग किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि केंद्र की 12 जुलाई को जारी अधिसूचना संविधान का उल्लंघन नहीं करती, क्योंकि यह आपातकाल की घोषणा के मुद्दे को चुनौती देने के लिए नहीं, बल्कि सत्ता एवं कानून के दुरुपयोग और उसके बाद हुई ज्यादतियों के खिलाफ जारी की गई है।

# एमएसपी कानून बनाने से सरकार का इनकार किसानों से धोखा : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया

कांग्रेस ने कहा है कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद में किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून नहीं बनाने का ऐलान कर दिया है और यह मोदी सरकार का किसानों से धोखा है।

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में कहा कि मोदी सरकार किसानों के लिए एमएसपी कानून नहीं बना रही है और इसकी घोषणा चौहान ने संसद में स्पष्ट रूप से कर दी है। उन्होंने इसे भाजपा की किसान विरोधी मानसिकता का परिणाम बताया और कहा कि उसकी यह मानसिकता आज उस समय सदन में देखने का मिली जब कृषि मंत्री ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इंकार कर दिया। यह वही कृषि मंत्री हैं, जिन्होंने मंदरसौर में किसानों के खून से होली खेली थी। कांग्रेस नेता ने इस दिन को किसानों के लिए काला दिन करार दिया और कहा कि सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी कानून बनाने से साफ इनकार कर देश के अन्नदाता के साथ धोखा किया है।

# ठोस अपशिष्ट निपटान : स्थिति को दयनीय बताकर एमसीडी को कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पर्यावरण मंत्रालय के सचिव को एमसीडी व दिल्ली सरकार की बैठक बुलाने के दिए थे निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को फटकार लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के क्रियान्वयन की स्थिति दयनीय है। कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ठोस अपशिष्ट के निपटान से संबंधित मामले की सुनवाई की।

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन 3,000 टन से अधिक ठोस अपशिष्ट अनुपचारित रह जाता है जो जनस्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति का कारण बन सकता है। न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा कि दिल्ली में रोजाना 11 हजार टन से अधिक ठोस अपशिष्ट पैदा होता है लेकिन एमसीडी की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रसंस्करण संयंत्रों की दैनिक क्षमता केवल 8,073 टन है।

पीठ ने कहा कि हम न्यायमित्र से सहमत हैं कि इससे जनस्वास्थ्य के लिए आपात स्थिति पैदा हो सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के क्रियान्वयन के मामले में स्थिति दयनीय है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के सचिव को निर्देश दिया कि वह इस मुद्दे का तत्काल समाधान निकालने के लिए एमसीडी और दिल्ली सरकार के अधिकारियों की बैठक बुलाएं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए छह सितंबर की तारीख निर्धारित की।

## मंडल आयोग पर राज्यसभा में हंगामा बैठक एक घंटे के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** मंडल आयोग के मुद्दे पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की नोकझोंक से राज्यसभा की बैठक शुक्रवार को एक घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में सपा नेता जावेद अली खान के निजी विधेयक पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान कांग्रेस के नीरज डांगी मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी। इसी दौरान भाजपा के कुछ सदस्यों ने डांगी की टिप्पणी का प्रतिकार किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। सदन में हंगामे को देखते हुए पीठासीन अध्यक्ष एस फान्गनॉन कोन्याक ने अपराह्न तीन बजे सदन की कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित कर दी। खान का निजी विधेयक आबादी के अनुपात में आरक्षण मुहैया कराने के प्रावधान से संबंधित है।

# महुआ की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया है जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट



- महिला आयोग की प्रमुख पर टिप्पणी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने के अनुरोध पर कोर्ट ने की सुनवाई

ने याचिका में चुनौती दी गई प्राथमिकी की वैधता पर सुनवाई करने के लिए मामले को छह नवंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। पुलिस ने इस महीने मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मोइत्रा ने एक्स पर पोस्ट की उस वीडियो पर टिप्पणी की थी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा 4 जुलाई को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ के बाद घटनास्थल पर जाते हुए नजर आई थीं। मोइत्रा ने बाद में एक्स से वह पोस्ट हटा दी थी। मोइत्रा की अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह को पुलिस की ओर से प्राथमिकी की प्रति सौंपी गई। प्राथमिकी में बताया गया कि एनसीडब्ल्यू ने मोइत्रा की कथित अपमानजनक टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया और आयोग की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

## केजरीवाल से राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार : आप

**नई दिल्ली।** आप ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ राजनीतिक कैदी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। पार्टी ने इस बात पर जोर दिया कि केजरीवाल का शर्करा स्तर तीन जून से सात जुलाई के बीच 34 बार गिरा और 50 तक पहुंच गया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केजरीवाल साजिश का शिकार हुए हैं। केजरीवाल एक राजनीतिक कैदी हैं। हर कोई जानता है कि तानाशाही ने राजनीतिक कैदियों के साथ कैसा व्यवहार किया है।

# कानून के अनुरूप बयान दे सकती हैं ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी



कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बारे में बयान दे सकती हैं, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों। बनर्जी और टीएमसी नेता कुणाल घोष ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की, जिसमें बोस के खिलाफ कोई गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया गया था।

न्यायमूर्ति आईपी मुखर्जी और न्यायमूर्ति बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि बनर्जी और घोष राज्यपाल के संबंध में बयान देने के लिए स्वतंत्र होंगे, बशर्ते वे कानून के अनुरूप हों और मानहानिकारक न हों। इस मामले पर न्यायमूर्ति कृष्ण राव की पीठ ने 14 अगस्त तक लागू आदेश में बनर्जी, घोष और टीएमसी के दो विधायकों को राज्यपाल के विरुद्ध गलत बयान नहीं देने का निर्देश दिया था।

## कांवड़ यात्रा में विधायक ने लहराई तलवार, कांग्रेस ने कहा- मामला दर्ज हो

**इंदौर (मप्र)।** भाजपा विधायक राकेश गोलू शुक्ला ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा के दौरान मंच पर भेंट की तलवार कथित तौर पर सरेआम लहराई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद कांग्रेस ने विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शुक्ला की अगुवाई में निकल रही बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा के दौरान राजबाड़ा क्षेत्र में मंच लगाया गया था। विधायक को कुछ लोगों ने तलवार भेंट की जिसे उन्होंने म्यान से निकालकर सरेआम लहरा दिया।



# पेरिस ओलंपिक 2024



## पहले दिन भारत के मुकाबले

**बैडमिंटन :** पुरुष एकल ग्रुप मैच : लक्ष्य सेन बनाम केविन कॉर्डन (ग्वाटेमाला) (शाम 7 :10 बजे)

**पुरुष युगल ग्रुप मैच :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी बनाम लुकास कोर्वी एवं रोनन लाबर (फ्रांस) (रात आठ बजे)

**महिला युगल ग्रुप मैच :** अश्विनी पोनप्पा एवं तनीषा क्रास्टो बनाम किम सो येओंग एवं कोंग ही योंग (कोरिया) (रात 11 :50 बजे)

**मुक्केबाजी :** महिलाओं के 54 किग्रा शुरुआती दौर का मुकाबला : प्रीति पवार बनाम थी किम अन्ह वो (वियतनाम) (रात 12 :05 बजे)

**हॉकी :** पूल बी मैच : भारत बनाम न्यूजीलैंड (रात नौ बजे)

**नौकायन :** पुरुष एकल स्कल्स : पंवार बलराज (दोपहर 12 :30 बजे)

**टेबल टेनिस :** पुरुष एकल पहला दौर : हरमीत देसाई बनाम जैद अबो (यमन) (शाम 7 :15 बजे)

**टेनिस :** पुरुष युगल के पहले दौर का मैच : रोहन बोपन्ना एवं एन श्रीराम बालाजी बनाम एडवर्ड रोजर–वैसलीन और फैबियन रेबौल (फ्रांस) (दोपहर 03 :30 बजे)

**निशानेबाजी :**

**10 मीटर मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन :** संदीप सिंह / इलावेनिल वालारिवन, अर्जुन बबूता/ रमिता जिंदल (दोपहर 12 :30 बजे)

**10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष क्वालिफिकेशन :** अर्जुन सिंह चीमा और सरबजोत सिंह (दोपहर दो बजे)

**10 मीटर एयर पिस्टल महिला क्वालिफिकेशन :** मनु भाकर और रिदम सांगवान (शाम चार बजे)

# भारतीय हॉकी टीम बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाए : हरेंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

कॅरियर की शुरूआत से अब तक के उनके सफर को करीब से देखने वाले अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार है। उनकी टीम को एक ही सलाह है, बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। अप्रैल 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच बनने के बाद भाषा को दिए पहले इंटरव्यू में हरेंद्र ने कहा, मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है। मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं।

उन्होंने कहा भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है। इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है। अमेरिका की पुरुष टीम के मुख्य कोच रहे 55 वर्ष के हरेंद्र ने कहा क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता रह चुके हैं। उन्हें पता है कि चैम्पियन टीम बनने के लिए क्या चाहिए और दबाव के हालात से कैसे निपटना है।



● अनुभवी कोच बोले- भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार

उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हरेंद्र 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरूष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं । वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत 2016 की जूनियर टीम का हिस्सा थे। हरेंद्र ने 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि एक दिन वह भारत के कप्तान बनेंगे। 1990 एशियाई खेलों के पदक विजेता ने कहा हरमनप्रीत शानदार कप्तान है। मैंने अक्टूबर 2015 में जोहोर कप के लिए जूनियर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में ध्यानचंद स्टेडियम पर कहा था कि अगर वह अपने प्रदर्शन में सुधार करता रहा और यूं ही सहज भाव से खेलता रहा तो एक दिन भारत का कप्तान बनेगा।

2017 में एशिया कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम के कोच रहे हरेंद्र ने कहा उसकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह हर परिस्थिति में शांतचित्त रहता है। यह उसकी ताकत है और यह अच्छे फैसले लेने में उसकी मदद करती है। यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से है। अपना चौथा और आखिरी ओलंपिक खेल रहे श्रीजेश के बारे में उन्होंने कहा कि वह हॉकी ही नहीं सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा वो मेरा जांगू (श्रीजेश का प्यार से बुलाया जाने वाला नाम) है। पेरिस में पदक उसे सैल्यूट होगा।

## खेल डायरी

### सबसे युवा भारतीय अधिकारी होंगे साइ अशोक

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व अंतर्राष्टीय मुक्केबाज के साइ अशोक पेरिस ओलंपिक में भारत के सबसे युवा अधिकारी होंगे जिन्हें शुक्रवार से शुरू हो रहे खेलों में रेफरी जज बनाया गया है। 32 वर्ष के अशोक 1904 के बाद चौथे भारतीय हैं जो ओलंपिक में अधिकारी होंगे। पुणे के सैन्य खेल संस्थान में मुक्केबाजी प्रशासक के तौर पर काम करने वाले अशोक विश्व सैन्य मुक्केबाजी परिषद के अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय भी रहे।

### सीरिया, मॉरिशस इंटरकांटिनेंटल कप में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** सीरिया और मॉरीशस हैदराबाद में दो से दस सितंबर चलने वाले इंटरकांटिनेंटल कप में भाग लेंगे। सीरिया और मॉरीशस ने फीफा विंडो के दौरान हैदराबाद में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की है। फीफा की नवीनतम रैंकिंग में भारतीय पुरुष टीम 124वें स्थान पर, सीरिया 93वें स्थान पर है तथा मॉरीशस 179वें स्थान है। मुंबई में 2018 में शुरु हुई इस प्रतियोगिता का यह चौथा संस्करण होगा। टूर्नामेंट में भारत 2018 एवं 2023 में विजेता बना।

### टेबल टेनिस: अभियान की शुरुआत करेंगे हरमीत

**पेरिस।** भारतीय टेबल टेनिस (टेटे) खिलाड़ी हरमीत देसाई शनिवार को पेरिस ओलंपिक स्पर्धा के प्रारंभिक दौर में जॉर्डन के जैद अबो यमन के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका महिला एकल में ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्से से भिड़ेंगी। शरत कमल के सामने स्लोवेनिया की डेनी कोजुल की चुनौती होगी, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त 25 वर्षीय श्रीजा स्वीडन की खिलाड़ी क्रिस्टीना कालबर्ग के खिलाफ 28 जुलाई को अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# तीसरे पदक पर सिंधु की नजर

## दो ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीता था, सात्विक और चिराग की निगाह स्वर्ण पर



सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई

पेरिस, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक में शनिवार से शुरू होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष युगल में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी जबकि पीवी सिंधु लगातार तीसरा पदक जीत कर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी। सिंधु ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था तथा पेरिस में हैट्रिक पूरी करने के लिए उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना होगा। जहां तक सात्विक और चिराग का सवाल है तो पेरिस उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। अश्विनी पोनप्पा के लिए यह अंतिम ओलंपिक हो सकता है। वह महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ मिलकर भारतीय चुनौती पेश करेगी।

पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य से भी पहली बार ओलंपिक खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों में से हालांकि एक ही पदक जीत सकता है क्योंकि ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर प्री क्वार्टर फाइनल में यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे। पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया। इस साल वह चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने दो खिताब जीते हैं। सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई है। उन्हें इंडोनेशिया के मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दिआंतो, जर्मनी के मार्क लैम्सफस और मार्विन सेडेल तथा फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबार के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। ओलंपिक से पहले सिंधु की फॉर्म अच्छी नहीं रही है लेकिन उन्होंने प्रकाश पादुकोण की निगरानी में पिछले कुछ महीनो से कड़ा अभ्यास किया है और वह ओलंपिक पदक की हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## बोले विजेंदर

# खेल महाशक्ति बनने को और नायकों की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

मुक्केबाज से नेता बने विजेंदर सिंह का मानना है कि अगर भारत को 2047 तक खेल महाशक्ति बनना है तो उसे क्रिकेट से इतर और नायकों की जरूरत है जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। पूर्व ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता विजेंदर का मानना है कि ये नायक ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेल को पेशे के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

भाजपा नेता विजेंदर ने पीटीआई के मुख्यालय में संपादकों से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार का 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने का लक्ष्य यथार्थवादी है तो उन्होंने कहा, हमें इस संस्कृति में बदलाव के लिए नायक बनाने होंगे। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का जिक्र करते हुए कहा, पिछले कुछ साल में हमारे युवाओं, विशेषकर ग्रामीण इलाकों के युवाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की भूख बढ़ती जा रही है। जब वे नीरज चोपड़ा को देखते हैं तो वे उनके जैसा बनना चाहते हैं। वे वह सब कुछ पाना चाहते हैं जो उनके पास है और यही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



● कहा- खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार करना महत्वपूर्ण

विजेंदर ने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तो मैं केवल एक सरकारी नौकरी चाहता था। लेकिन आज एथलीट और अधिक चाहते हैं। भिवानी के इस मुक्केबाज ने यह भी कहा कि समग्र प्रगति सुनिश्चित करने के लिए देश के खेल बुनियादी ढांचे में सुधार महत्वपूर्ण है।

# पहले दिन ही कोर्ट पर उतरेंगे नडाल जोकोविच और कार्लोस अल्काराज



पेरिस, एजेंसी

नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे। सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि नडाल युगल में और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल और अल्काराज स्पेन की पुरुष युगल टीम में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है। उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा।

● जोकोविच पुरुष एकल जबकि नडाल युगल और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे

नडाल एकल में पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे। नडाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं। कॅरियर में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले और बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने कहा, ओलंपिक से बहुत सारी उम्मीदें हैं तथा इसे नहीं बदल सकता और इसे बदलना भी नहीं चाहता हूं। इनसे मुझे सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलती है।

## अमेरिका और कनाडा ने जीते अपने मैच

**नीस (फ्रांस)।** मैलोरी स्वानसन ने पहले हाफ में 70 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए, जिससे अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराकर ओलंपिक खेलों की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। अमेरिका का अगला मुकाबला रविवार को जर्मनी से होगा।

एक अन्य मैच में एवलिन विएन्स ने 79वें मिनट में गोल करके मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कनाडा को न्यूजीलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई। मैकेंज़ी बैरी ने 13वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन क्लो लैकासे ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में कनाडा को बराबरी दिला दी थी। एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया।

# पेरिस ओलंपिक का भव्य उद्घाटन

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस की राजधानी पेरिस में शुक्रवार को सीन नदी पर फव्वारों की बौछारों के बीच ओलंपिक खेलों के भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान नावों पर विभिन्न देशों के खिलाड़ी रंग-बिरंगी पेशाकों में अपने राष्ट्रीय ध्वज को लहराते हुये देखे गये। यह ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार उद्घाटन समारोह किसी स्टेडियम के बजाय किसी नदी में आयोजित किया गया।

शुक्रवार को ओलंपिक खेलों का आयोजन आधुनिक तरीके से और एक अलग अंदाज में हुआ। इस दौरान सीन नदी के किनारे कलाकर अपने हुनर का प्रदर्शन तथा संगीतकार अपने वाद्ययंत्रों के सुरों से लोगों का ध्यान आकर्षित करते दिखे। समारोह के समय लाखों की संख्या में दर्शक एथलीटों की हौसलाअफजाई कर रहे थे। फ्रांसीसी थिएटर निर्देशक और अभिनेता थॉमस जॉली की देखरेख में आयोजित अनोखे समारोह में सभी राष्ट्रों की पारंपरिक परेड सीन नदी में करीब 100 नावों पर 10 हजार से अधिक एथलीटों ने यात्रा की इस दौरान नाव नोट्रे डेम, पोंट डेस आर्ट्स, पोंट नेफ और अन्य सहित पेरिस के कुछ प्रतिष्ठित स्थलों से गुजरी। फ्लोटिंग परेड जार्डिन डेस प्लांटेस के बगल में ऑस्टरलिट्ज़ पुल से होते हुये ट्रोकैडेरो में समाप्त हुई। यहां ओलंपिक प्रोटोकॉल के अनुसार शेष कार्यक्रम और अंतिम शो का प्रदर्शन किया गया।




● ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार उद्घाटन समारोह नदी में आयोजित किया गया

## इराक का जूडोका डोपिंग जांच में पॉजिटिव मिला

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में डोपिंग के पहले मामले में इराक के एक पुरुष जूडोका को दो प्रतिबंधित पदार्थ (एनाबॉलिक स्टेरॉयड) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि 28 साल के सज्जाद सेहेन के नमूने की जांच में प्रतिबंधित पदार्थ मेटांडिएनोन और बोल्डनोन पॉजिटिव पाया गया है। इस 28 साल के खिलाड़ी को मंगलवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के लिए डोपिंग रोधी कार्यक्रम की देखरेख करने वाले आईटीए ने कहा कि इस खिलाड़ी के खिलाफ अनुशासनात्मक शुरू कर अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

# बांग्लादेश को हराकर भारत फाइनल में

## महिला टी20 एशिया कप

दाम्बुला, एजेंसी

● स्मृति और शेफाली वर्मा ने भारत को 10 विकेट से दिलाई जीत

● रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट झटके

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट चटकाकर बांग्लादेश की पारी को झकझोरा तो वहीं सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर महिला टी20 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट की शानदार जीत दिलायी। भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। मंधाना ने 39 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में दो चौके की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने मैदान के चारों ओर मन मुताबिक शॉट लगाये। भारत की जीत पर लगभग उसी समय मुहर लग गयी थी जब गेंदबाजों ने बांग्लादेश को महज 80 रन पर रोक दिया था।




प्लेयर ऑफ द मैच रेणुका को स्पिनर राधा यादव (14 रन पर तीन विकेट) का शानदार साथ मिला। रेणुका ने पारी की शुरुआत में लगातार चार ओवर डालते हुए 10 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उन्होंने बांग्लादेश के शीर्ष क्रम को झकझोरा तो वहीं राधा ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर नचाया। बांग्लादेश के लिए कप्तान निगार सुल्ताना ने 51 गेंद में 32 जबकि शोर्ना अख्तर ने नाबाद 19 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था।

### श्रीलंका ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में हराया

**दांबुला।** कप्तान चामारी अट्टापटू (63) रनों की शानदार पारी की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को महिला एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को तीन विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां रविवार को भारतीय टीम के साथ उसकी खिताबी भिड़ंत होगी। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कविशा दिलहारी ने कप्तान अट्टापटू के साथ पारी को संभाला। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुनीबा अली (37) और गुल फिरोजा (25) रनों की पारियों के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका को दिया 141 रनों का लक्ष्य दिया।

## दबदबा बनाने उतरेगी टीम इंडिया

**पालेकल (श्रीलंका)।** गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी। दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे। अगला टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा तथा चयनकर्ताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। जहां तक श्रीलंका की बात है तो वह तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर नजर आता है क्योंकि उसके दो अनुभवी गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा (ब्रोंकाइटिस और श्वसन संक्रमण) और नुवान तुषारा (उंगली में फ्रैक्चर) श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

# नए विचार लाएंगे गंभीर: शास्त्री

दुबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री ने राष्ट्रीय टीम के नये कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि वह एक समकालीन कोच हैं, जिन्होंने अपेक्षाकृत परिपक्व और सुलझी हुई टीम की बागडोर संभाली है। भारत के पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि 42 वर्षीय गंभीर अपनी नई भूमिका में तत्काल प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि वह कई खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं और उनका मार्गदर्शन कर चुके हैं। वह पहले से ही टीम करीब हैं।

वामहस्त सलामी बल्लेबाज रहे गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाई है। शास्त्री ने कहा, वह (गंभीर) समकालीन हैं, आईपीएल में उनका सत्र बहुत अच्छा रहा था। मुझे लगता है कि वह सही उम्र है जहां वह युवा है, वह नए विचारों के साथ आएगा।



● भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने नए कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताई

वह आईपीएल टीमों का हिस्सा रहा है ऐसे में खासकर सफेद गेंद प्रारूप के ज्यादातर खिलाड़ियों को जानता हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह टीम में नयापन लेकर आयेगा। उन्होंने कहा, हम गौतम को जानते हैं, उसे अनुशासन पसंद है। उसके भी अपने विचार होंगे। उसके लिए यह अच्छी बात है कि उसके पास एक परिपक्व टीम है। उनके पास एक सुलझी हुई टीम है। मुझे लगता है कि भले ही आप सोचते हों कि आप परिपक्व हैं, आपको कुछ नए विचारों से फायदा हो सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह दिलचस्प समय होगा।

शास्त्री का मानना है कि खिलाड़ियों, खासकर गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन गंभीर के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर, एक कोच के रूप में खिलाड़ी प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वह कैसे आगे बढ़ता है। मुझे लगता है कि उसके पास इसका तरीका और अनुभव है।

भारत के कोच के रूप में गंभीर का पहला कार्यभार श्रीलंका में सफेद गेंद की श्रृंखला है जो शनिवार को पल्लेकेले में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ शुरू होगी। पिछले महीने की टी20 विश्व कप जीत के बाद दिग्गज रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने के कारण गंभीर को इन खिलाड़ियों का विकल्प ढूंढना होगा। शास्त्री ने कहा, वहां बहुत सारे खिलाड़ी हैं और यह सिर्फ यह सही मिश्रण पाने के बारे में है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## शिखर पर तिरंगा



भारतीय सशस्त्र बलों का प्रतिनिधित्व करने वाली दो टीमों ने अंतर्राष्ट्रीय सैन्य खेल परिषदके तीसरे शांति के लिए चढ़ाई कार्यक्रम के दौरान यूरोप के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एल्ब्रस के शिखर पर तिरंगा फहराया।

## बाइडेन भारत में क्वाड सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध : किर्बी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि जो बाइडेन भारत में इस साल होने वाले क्वाड देशों के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा अभी कैलेंडर पर कुछ भी निर्धारित नहीं किया गया है। क्वाड बाइडेन की पहल है और ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत एवं अमेरिका इसके सदस्य देश हैं। बाइडेन ने वर्ष 2020 में राष्ट्रपति के तौर पर अपने कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन में क्वाड देशों के नेताओं का एक ऑनलाइन शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। तब से सभी देश बारी-बारी से सम्मेलन आयोजित करते रहे हैं।

### जयशंकर ने कहा- भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण का आधार है आसियान

# आसियान को आर्थिक व सुरक्षा सहयोग के लिए प्रतिबद्ध

**वियनतियान।** विदेश मंत्री जयशंकर ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने को भारत की प्राथमिकता बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह 10 सदस्यीय प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है।

जयशंकर आसियान की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं। उन्होंने आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत आसियान और ईएएस (पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन) मंचों को जो प्राथमिकता देता है, वह पिछले साल नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जकार्ता की यात्रा किए जाने से स्पष्ट है।



आसियान की बैठक के लिए जाते विदेश मंत्री जयशंकर। ● एजेंसी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 12 सूत्री योजना की घोषणा की थी, जिस पर बड़े पैमाने पर अमल किया गया है। भारत के लिए आसियान उसकी एक्ट इंडिया नीति और उसके हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आसियान के साथ वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग और लोगों के बीच संपर्क सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसे हम विस्तार देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

### अध्यक्षता करने के लिए लाओस को दी बधाई

जयशंकर ने कहा मैं आसियान की अध्यक्षता करने के लिए लाओस को बधाई देता हूं और उसकी अध्यक्षता को सफल बनाने के लिए अपना पूरा समर्थन देता हूं। उन्होंने आसियान-भारत कार्य योजना के अंतर्गत चिह्नित ठोस सहयोग के माध्यम से आसियान-भारत संबंधों को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों की सराहना की। भावी समन्वयक देश के रूप में फिलीपींस का स्वागत है। डिजिटल, रक्षा, समुद्री, संपर्क सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भारत-आसियान सहयोग के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने रहेंगे।

## एक नजर

### कैंब्रिज डिक्शनरी में 3200 नये शब्द जोड़े गए

**लंदन।** अनौपचारिक रूप से प्रयुक्त होने वाले 'बूप' और 'द इक' जैसे शब्द उन 3,200 से अधिक नए शब्दों और वाक्यांशों में शामिल हैं, जिन्हें इस सप्ताह कैंब्रिज डिक्शनरी में जोड़ा गया है। बूप, जिसे किसी व्यक्ति या जानवर की नाक या सिर पर हल्के से मारना या स्पर्श, यह दर्शाने के लिए कि आप उन्हें पसंद करते हैं या मजाक के तौर पर के रूप में परिभाषित किया गया है। इसी तरह 'द इक' जिसका अर्थ है अचानक महसूस होना कि आप किसी व्यक्ति या चीज को नापसंद करते हैं।

### फिलीपींस में तूफान व बारिश का कहर, 33 की गई जान

**मनीला।** फिलीपींस में गेमी तूफान और भीषण बारिश के कारण आयी बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। पुलिस ने बताया कि राजधानी मनीला में 11 लोगों की मौत हुई, कैलाबरजोन क्षेत्र में 12 और सेंट्रल लूजोन में 10 लोगों की मौत हुई, जिसमें एक तेल टैंकर का चालक दल भी शामिल है जो गुरुवार को बाटन प्रांत में डूब गया था। मौतों का कारण मुख्य रूप से डूबना, भूस्खलन, पेड़ गिरना और करंट लगना रहा है।

### श्रीलंका में 21 सितंबर को होगा राष्ट्रपति चुनाव

**कोलंबो।** श्रीलंका के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा किया कि देश में राष्ट्रपति चुनाव 21 सितंबर को होगा। इस संबंध में जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन की तारीख 15 अगस्त घोषित की है।

### द. अफ्रीका में पहली महिला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में पहली बार किसी महिला को प्रधान न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने वर्तमान उप प्रधान न्यायाधीश मंडिसा माया को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया। पद पर माया का कार्यकाल एक सितंबर से प्रारंभ होगा। वह मौजूदा प्रधान न्यायाधीश रेमंड जोंडो के सेवानिवृत्त होने के बाद उनका स्थान लेंगी।

# ओलंपिक से पहले फ्रांस में तोड़फोड़

### कई जगह आगजनी कर रेल नेटवर्क को बनाया निशाना, पेरिस नहीं पहुंच पाए हजारों खेल प्रेमी

**पेरिस, एजेंसी**

ओलंपिक खेलों के भव्य उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले फ्रांस के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को निशाना बनाकर की गई तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से देश तथा यूरोप के विभिन्न हिस्सों से राजधानी पेरिस तक संचालित की जाने वाली ट्रेन सेवा शुक्रवार को प्रभावित हुई। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इन हमलों को आपराधिक कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं इन हमलों का संबंध ओलंपिक खेलों से तो नहीं।

अधिकारियों के मुताबिक ओलंपिक खेलों के मद्देनजर पूरी दुनिया की नजरें पेरिस पर थीं, ऐसे में इन हमलों से अकेले शुक्रवार को ढाई लाख यात्रियों के प्रभावित होने की आशंका है। रेल लाइनों पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से ट्रेन परिचालन सप्ताहांत और इससे अधिक समय तक प्रभावित रहने की आशंका है। फ्रांस के परिवहन मंत्री पैट्रिस वर्गीते ने बताया कि जिन जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुईं, वहां से लोगों को भागते देखा गया और इन स्थानों पर आग लगाने के लिए इस्तेमाल चीजें भी बरामद की गईं। वर्गीते ने कहा हर चीज इंगित करती है कि ये आपराधिक घटनाएं हैं। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं के कारण पेरिस को फ्रांस के अन्य हिस्सों और पड़ोसी देशों से जोड़ने वाली हाई-स्पीड ट्रेन का परिचालन ठप पड़ गया। बीएफएम टेलीविजन से बातचीत में उन्होंने कहा कि ओलंपिक उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पेरिस की यात्रा की योजना बना रहे थे। इसके अलावा छुट्टियां मनाने निकले कई पर्यटकों की भी पेरिस और अन्य जगहों की यात्रा करने की योजना थी।



पेरिस में ट्रेन नहीं जाने के कारण स्टेशन पर जमा भीड़। ● एजेंसी

### ट्रेन प्रभावित होने से स्टेशन यात्रियों से खचाखच भरे

**पेरिस।** सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में मॉन्टपर्नासे स्टेशन का हॉल यात्रियों से खचाखच भरा हुआ देखा जा सकता है। पुलिस प्रमुख लॉरेंट नुनेज ने फ्रांस इन्फो टेलीविजन को बताया कि टीजीवी हाई-स्पीड नेटवर्क पर ट्रेन परिचालन ठप करने के लिए बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के बाद पेरिस पुलिस ने अपने कर्मियों को पेरिस के रेलवे स्टेशनों की ओर भेज दिया।

### रेल पटरियों पर आगजनी का मकसद पेरिस जाने वाली ट्रेनों को रोकना : प्रधानमंत्री

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने कहा कि ओलंपिक की पूर्व संध्या पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं ने देश के मुख्य हिस्सों में फैले हाई स्पीड रेल नेटवर्क को बुरी तरह प्रभावित किया है और इसका मकसद सिर्फ और सिर्फ हाई स्पीड ट्रेन नेटवर्क को बाधित करना था। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से महज कुछ घंटों पहले पेरिस की ओर जाने वाले उत्तर, पूर्व और पश्चिम के मुख्य मार्गों को चरणबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया। अट्टल ने कहा कि इन घटनाओं के गंभीर परिणाम होंगे क्योंकि हजारों लोग ओलंपिक या छुट्टियों के लिए पेरिस जाने की कोशिश करते समय बीच रास्ते में ही फंस जाएंगे।

## ओबामा ने उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का किया समर्थन

**वाशिंगटन।** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का समर्थन किया और कहा कि वह अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति साबित होंगी। ओबामा ने हैरिस से कहा नवम्बर में होने वाले चुनाव में आपको जीत दिलाने के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे।



इस तरह उपराष्ट्रपति हैरिस को देश के दो सबसे लोकप्रिय डेमोक्रेट का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त हो गया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर होने के कुछ दिन बाद ओबामा ने हैरिस (59) का समर्थन किया। इससे रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उनकी चुनौती और मजबूत होगी। ओबामा ने रविवार को राष्ट्रपति बाइडेन के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद तुरंत हैरिस का समर्थन नहीं किया था। ओबामा ने उपराष्ट्रपति का समर्थन करने के लिए एक वीडियो जारी किया।

# हैरिस ने नेतन्याहू से युद्ध समाप्ति का किया आग्रह

**वाशिंगटन, एजेंसी**

● इजराइल के प्रधानमंत्री से हमास के साथ जल्द युद्धविराम समझौता करने की बात कही

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से हमास के साथ जल्द युद्धविराम समझौता करने और गाजा में विनाशकारी युद्ध स्थायी रूप से समाप्त करने का आग्रह किया है। फिलिस्तीनी क्षेत्र में हताहतों की संख्या बढ़ने और मानवीय संकट गहराने के बीच हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री से यह आग्रह किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस परिसर में हैरिस और नेतन्याहू की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद उपराष्ट्रपति ने कहा इजराइल को अपना बचाव करने का अधिकार है और वह ऐसा किस तरीके से करता है, यह मायने रखता है। पिछले नौ महीनों में गाजा में जो कुछ हुआ है वह विनाशकारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के तौर पर देखी जा रहीं हैरिस ने कहा कई मामलों में दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित होने के बाद सुरक्षा के लिए भाग रहे हताश, भूखे लोगों और मृत बच्चों की तस्वीरें हैं। हैरिस ने द्वि-राष्ट्र समाधान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इससे पहले गुरुवार को नेतन्याहू ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। व्हाइट हाउस में नेतन्याहू ने मुलाकात से एक दिन पहले कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को संबोधित करते हुए हमास के खिलाफ पूर्ण जीत का संकल्प जताया।

### बाइडेन को बधाई देने के बाद ट्रंप से संबंधों में आई दरार को पाटेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू संबंधों में आई दरार को पाटने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। वर्ष 2020 में नेतन्याहू ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने वाले बाइडेन को बधाई दी तो ट्रंप और नेतन्याहू के संबंधों में दरार आ गई थी। दोनों नेता चार साल में पहली बार आमने-सामने की मुलाकात करेंगे और संभावना पर विमर्श करेंगे कि क्या रिश्ते को सुधारा जा सकता है।

# साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं मालदीव से संबंध



मालदीव में संसद के अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट करते भारतीय उच्चायुक्त।

**माले, एजेंसी**

● मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त ने संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से शिष्टाचार भेंट की

मालदीव के साथ भारत के विशेष संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने गुरुवार को संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से शिष्टाचार भेंट की। वहीं भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम अपने संसदीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए तत्पर हैं। महावर ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति कार्यालय में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच निरंतर घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए अटूट प्रतिबद्धता दोहराई थी। हिंद महासागर में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई। पिछले साल नवंबर में मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पद संभाला था।

## फिलिस्तीन गुटों में समझौता व यूक्रेनी विदेश मंत्री की मेजबानी से चीन ने दिखाया अपना प्रभाव

**बीजिंग।** लगातार दो दिन के दौरान चीन ने प्रतिद्वंद्वी फिलिस्तीनी गुटों के बीच समझौता कराया तथा यूक्रेन के विदेश मंत्री की मेजबानी की, वह भी ऐसे समय में जब यूक्रेन पर वहां चल रहे भीषण युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करने का दबाव बढ़ रहा है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि हमास और फतह के बीच समझौता सफल होगा या नहीं, क्योंकि अन्य देश इस मोर्चे पर विफल रहे हैं।

उधर, यूक्रेन में शांति की दिशा में बहुत कम ठोस प्रगति हुई है। लेकिन अपने इन कदमों से चीन एक विजेता के रूप में उभरा है, जिसने वैश्विक मंच पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि एक कूटनीतिक शक्ति के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूत किया है। दुनिया भर में अपना प्रभाव बढ़ाने में अमेरिका और चीन के जुटे रहने के बीच बीजिंग उत्तरोत्तर ऐसी भूमिका निभा रहा है जो पहले अमेरिका और रूस निभाया करते थे। इस माह के प्रारंभ में पश्चिम देशों ने चीन की कुछ गतिविधियों को चिंताजनक बताया था और उसे समस्या पैदा करने वाला बताया था। लेकिन इस सप्ताह की घटनाएं तथा पिछले साल चीन की मध्यस्थता में ईरान एवं सऊदी अरब के बीच पुनः संबंध स्थापित करने को लेकर हुए करार दर्शाते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय शक्तियां बीजिंग से मदद मांग रही हैं, यह इस बात की स्वीकृति है कि वह एक कूटनीतिक ताकत है।

# आतंकवाद व संगठित अपराध से मजबूती से निपटा जाए : डोभाल

**नेपीता, एजेंसी**

● भारत के एनएसए ने बिम्सटेक सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) देशों से आतंकवाद, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में मजबूत सहयोग का आह्वान किया।

डोभाल ने म्यांमा की राजधानी में बिम्सटेक देशों के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। म्यांमा स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा एनएसए ने बिम्सटेक बैठक में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। उन्होंने आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में सहयोग मजबूत करने, बिम्सटेक कनेक्टिविटी, दूसरे बंदरगाह सम्मेलन के आयोजन और हिमालयी नदी प्रणालियों की जल सुरक्षा पर बात की। यह बैठक सदस्य देशों के समक्ष आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण पहलों की रणनीति बनाने और समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित की गई है। इससे पहले डोभाल ने गुरुवार को म्यांमा के अपने समकक्ष एडमिरल मोए आंग से मुलाकात की।



बिम्सटेक की बैठक में संबोधित करते एनएसए अजीत डोभाल ● एजेंसी

## पाकिस्तान में पीटीआई का प्रदर्शन, सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/लाहौर।** पाकिस्तान की राजधानी को छोड़कर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने पूरे देश में प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। ये लोग बढ़े हुए बिजली बिल का विरोध कर रहे थे और पूर्व प्रधानमंत्री की जेल से रिहाई की मांग कर रहे थे। सरकार द्वारा इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और प्रशासन को विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देने का आदेश देने का आग्रह किया। अदालत ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जनसभाओं पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद मुख्य विपक्षी दल पीटीआई राष्ट्रीय राजधानी में अपना बहुप्रचारित विरोध प्रदर्शन नहीं कर सका।

## बॉलीवुड हलचल

# करिश्मा ने दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने इंडियाज़ बेस्ट डांसर – सीजन 4 के प्रतियोगी दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टीलीविज़न के होमग्रोम डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर – के मेगा ऑडिशन में, प्रतियोगी बेस्ट बारह में अपनी जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईएनटी विशेषज्ञ – करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस प्रभावित होने के लिए तैयार हैं, और वे ध्यानपूर्वक सर्वोत्तम प्रतिभाओं को चुनेंगे जो शो में आगे बढ़ेंगी और एक रोमांचक सीजन के लिए मंच तैयार करेंगी। ऑडिशन राउंड के दौरान, शो के होस्ट जय भानुशाली ने कटक, ओडिशा के 28 वर्षीय दिब्यज्योति नाइक को दर्शकों के बीच देखा। उन्हें जजों के सामने परफॉर्म करने का अवसर दिया गया, जिसमें दिब्यज्योति ने मंच पर अपनी छाप छोड़ी और जजों को प्रभावित किया, जिन्होंने उनके एक्ट को मज़ेदार, मनोरंजक और नया बताया।

## ओलंपिक टीम के लिए मांगा समर्थन



**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने देशवासियों से विशेष अपील की है कि पेरिस ओलंपिक में हमारे देश को गौरव दिलाने के लिए भारतीय दल का उत्साहवर्धन करें। मनसुख मांडविया द्वारा इस अभियान की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयुष्मान को एक स्मारक भारतीय टीम की टी-शर्ट भी भेंट की गई। आयुष्मान ने सोशल मीडिया पर लिखा ओलंपिक दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन है और इसमें भाग लेने वाले अपने क्षेत्रों के महान योद्धा होते हैं। हमारे पास 117 ऐसे शानदार एथलीट हैं जो इस साल के पेरिस2024 ओलंपिक में हमारा झंडा ऊंचा करने के लिए तैयार हैं! आइए हम उन्हें भारत का गर्व बढ़ाने के लिए उत्साहित करें। आइए हम उन्हें दिखाएं कि हमारे खेलों के प्रति हमारी दृढ़ता, संकल्प और जुनून कितना गहरा है।

## जान्हवी ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर, जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा : पार्ट 1 में काम कर रही हैं। जान्हवी कपूर ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर ने कहा जूनियर एनटीआर सर जब भी किसी फ्रेम में आते हैं तो वह जीवंत हो उठता है। उनकी ऊर्जा सकारात्मक है और मैंने हाल ही में उनके साथ एक गाने की शूटिंग की, जिस गति से वह कदम उठाते हैं, वह अद्भुत है।

### सौर विज्ञान — यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया


# सूर्य से उठी एक्स 14 श्रेणी की भीषण ज्वाला

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** सूर्य की सतह पर गुरुवार की रात भयानक विस्फोट हुआ है। विस्फोट में निकली ज्वाला की तीव्रता एक्स 14 श्रेणी आंकी गई है । यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया। सौर वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान से परे यह सौर चक्र बेहद सक्रिय हो चला है।

सौर वैज्ञानिकों के अनुसार 25वें सोलर साइकिल में एक्स 14 श्रेणी की ज्वाला बड़ी घटना है। विस्फोट से उपजे भू चुम्बकीय सौर तूफान का असर पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्र में कुछ दिन बाद देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि इस सौर तूफान का असर मंगल ग्रह में भी देखने को मिलेगा। इतना ही नही इस विस्फोट से सौर मंडल के चारों ओर ऊर्जावान कण फैल गए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार यह सोलर साइकिल उम्मीद से कहीं अधिक सक्रिय हो चला है।

अभी 269 सन स्पॉट सूर्य की सतह पर उभर चुके हैं। जिन्होंने सैकड़ों विस्फोटों को जन्म दिया है। बीती रात उठी ज्वाला को इस सौर चक्र की सबसे बढ़ी ज्वाला बताया जा रहा है। इसकी दिशा यदि पृथ्वी की ओर होती तो शायद कोई बड़ा असर पृथ्वी के कुछ हिस्सों में हो सकता था। इस सौर चक्र की अत्यधिक सक्रियता की अवधि 2025 तक है। जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर भीषण विस्फोट देखने को मिलेंगे। बहरहाल सौर वैज्ञानिक सूर्य की सतह पर नजर बनाए हुए हैं।



शुक्रवार को सन स्पॉट से भरी सूर्य की सतह। ● अमृत विचार

### पिछले की तुलना में अधिक सक्रिय है यह साइकिल

डा वहाब उद्दीन के अनुसार वर्तमान 25वाँ सौर चक्र पिछले सौर चक्र 24 की तुलना में अधिक सक्रिय है। इन दिनों सूर्य की सतह के अनेक हिस्सों में सन स्पॉट बने हुए हैं। सौर चक्र की भविष्यवाणी करने वाली नासा व एनओएए के वैज्ञानिकों समेत दुनिया की कई अन्य स्पेस एजेंसियों के सौर वैज्ञानिकों को वर्तमान सौर चक्र की गतिविधि को देखते हुए 25वें सौर चक्र की भविष्यवाणी को संशोधित करना पड़ा है।